03 अप्रैल, 2025
चैत्र, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 163

संस्कृति बचानी है, तो डीजे की जगह मांदर की थाप पर नृत्य करें : चमरा लिंडा






# वक्फ विधेयक लोकसभा में पेश, बहुमत पक्ष में

## चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच खूब हुई नोक-झोंक



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश कर दिया गया है। बुधवार को दिन में 12 बजे पेश किये गये इस विधेयक पर रात 10 बजे तक चर्चा जारी थी। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा पेश इस विधेयक का पारित होना तय है, क्योंकि सदन का बहुमत इसके पक्ष में है। सत्ताधारी एनडीए के घटक दलों ने बिल का समर्थन किया। इनमें भाजपा के अलावा जदयू, टीडीपी, लोजपा (आर), शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजीत पवार) शामिल हैं। अब यह विधेयक गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया जायेगा।

बुधवार को विधेयक पेश करते हुए रिजिजू ने इसे 'उम्मीद' (यूनीफाइड वक्फ मैनेजमेंट इंपावरमेंट, इफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट) नाम दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की अगुवाई वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार ने वक्फ कानून में कई बार बदलाव किये और इसको अन्य कानूनों से ऊपर कर दिया। इसलिए इसमें संशोधनों की जरूरत पड़ी। उन्होंने संशोधनों के बारे में जानकारी दी, जिसमें एक ऐसा भी प्रावधान है, जिससे झारखंड समेत पूरे देश के आदिवासियों को भी फायदा होने वाला है। रिजिजू ने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 के प्रावधानों के अनुसार अनुसूची 5 और 6 की जमीनों पर वक्फ बोर्ड कभी दावा नहीं कर पायेगा। यह जमीन आदिवासियों की होती है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने उन मुद्दों पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की, जो वक्फ विधेयक का हिस्सा नहीं हैं। मंत्री ने कहा कि संसद भवन पर भी वक्फ दावा कर रहा था, पर पहले की यूपीए सरकार ने काफी संपत्ति गैर-अधिसूचित करके दिल्ली वक्फ बोर्ड को दे दी थी। उन्होंने कहा कि पिछले साल बिल पेश करते समय सरकार ने इसे दोनों सदनों की एक संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेजने का प्रस्ताव किया था। उन्होंने कहा कि समिति की रिपोर्ट आने के बाद उसकी सिफारिश के आधार पर केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मूल विधेयक में कुछ बदलावों को मंजूरी दी थी। रिजिजू ने कहा कि वक्फ बोर्ड के पास 8.72 लाख संपत्ति है, जो 9.4 लाख एकड़ में फैला है। इसका अनुमानित मूल्य 1.2 लाख करोड़ रुपये है।

### सरकार ने मुसलमानों को दी पांच गारंटी

1. किसी भी मस्जिद पर कोई कार्रवाई का प्रावधान इस बिल में नहीं है। ये सिर्फ संपत्ति का मामला है। धार्मिक संस्थानों से इस बिल का कोई लेना-देना नहीं है।
2. वक्फ संशोधन बिल में किसी भी धार्मिक स्थल-मस्जिद की व्यवस्था में किसी भी तरह के हस्तक्षेप का कोई प्रावधान नहीं है। इसमें न कोई बदलाव और न ही कोई हस्तक्षेप किया जायेगा।
3. वक्फ संशोधन बिल में किसी भी धार्मिक कार्यकलाप में हस्तक्षेप का कोई प्रावधान नहीं है। हम किसी भी मस्जिद के संचालन में हस्तक्षेप करने नहीं जा रहे हैं। वक्फ बोर्ड कानून के दायरे में होगा। इसमें कुछ भी कानून के उलट नहीं किया जायेगा।
4. कलेक्टर से ऊपर कोई भी अधिकारी सरकारी जमीन और किसी विवादित जमीन का विवाद देखेगा। जब वक्फ प्रॉपर्टी क्रिएट करेंगे, तो किसी आदिवासी एरिया में जाकर नहीं कर सकते हैं। यह बदलाव अहम है। किसी भी मस्जिद को कोई कार्रवाई का प्रावधान नहीं है। बिल में मस्जिद के मैनेजमेंट में दखलंदाजी का प्रावधान नहीं है।
5. सेंटर ऑफ काउंसिल में कुल 22 सदस्यों में चार सदस्य गैर-मुसलमानों से ज्यादा नहीं हो सकते हैं। पूर्व अधिकारियों सहित संसद के तीन सदस्य चुने जायेंगे। संसद के सदस्य किसी भी धर्म के हो सकते हैं।

### आज राज्यसभा में पेश होगा

लोकसभा से पास होने के बाद वक्फ संशोधन विधेयक गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया जायेगा। जानकारी के अनुसार विधेयक पर चर्चा के बाद इसे उसी दिन पास भी कराया जायेगा।

## चर्चा में किसने क्या कहा

### वोट बैंक के लिए अल्पसंख्यकों को डराया जा रहा : अमित शाह



बिल पर चर्चा में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वक्फ में गैर-इस्लामिक नहीं आयेगा। ऐसा कोई प्रावधान भी नहीं है। वोट बैंक के लिए अल्पसंख्यकों को डराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक सदस्य ने कह दिया कि यह बिल अल्पसंख्यक स्वीकार नहीं करेंगे। क्या धमकी दे रहे हो भाई। संसद का कानून है, स्वीकार करना पड़ेगा।

### विपक्ष वास्तविक मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहता: अरुण भारती



लोजपा (आर) सांसद अरुण भारती ने कहा, इस विधेयक के विरोध में विपक्ष हमेशा धार्मिक पक्ष उठाता रहा है। विपक्ष कहता रहा कि मस्जिद चली जायेगी, दरगाह चली जायेगी। विपक्ष वास्तविक मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहता, क्योंकि राजनीतिक षडयंत्र और प्रायोजित राजनीति की बात खत्म हो जायेगी।

### दो सौ लोगों के हाथ में वक्फ की संपत्ति : अनुराग ठाकुर



भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा, एक परिवार के चलते देश ने 1947 में एक विभाजन देखा है। आज जमीन का विभाजन नहीं होने देंगे। मोदीजी की सरकार में सिर्फ एक कानून और एक संविधान रहेगा। संदेश स्पष्ट है। एक हैं तो सेफ हैं। दो सौ लोगों के हाथ में वक्फ को दे रखा है और करोड़ों रुपये की संपत्ति उनके पास है।

### बिल कहीं से मुसलमान विरोधी नहीं: ललन सिंह



जेडीयू सांसद और केंद्र सरकार में पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा, ये नैरेटिव बनाने का प्रयास किया जा रहा है कि ये बिल मुसलमान विरोधी है। ये बिल कहीं से मुसलमान विरोधी नहीं है। वक्फ कोई मुस्लिम संस्था है क्या? वक्फ कोई धार्मिक संस्था नहीं, एक ट्रस्ट है, जो मुसलमानों के कल्याण के लिए काम करता है।

### वक्फ की 1.2 लाख करोड़ की संपत्ति कुप्रबंधन की शिकार : टीडीपी



तेलुगु देशम पार्टी के सांसद कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने कहा, वक्फ के पास 1.2 लाख करोड़ से अधिक की संपत्ति है। ये संपत्तियां कुप्रबंधन की शिकार हैं। हमारी पार्टी का ये मानना है कि इस संपत्ति का इस्तेमाल मुस्लिमों के कल्याण के लिए, महिलाओं के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। हमारा मानना है कि इसमें सुधार होना चाहिए। हम सबसे पहले दल थे, जिसने जेपीसी की मांग की थी।

### कल इसाई, सिख, जैन के खिलाफ होंगे: केसी वेणुगोपाल



कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा, आप मुस्लिमों के साथ वक्फ बोर्ड में भेदभाव कर रहे हैं और कह रहे हैं कि यह संविधान के अनुसार है। कहा गया कि अल्पसंख्यकों के धार्मिक अधिकारों की संविधान के अनुसार रक्षा की जाये। आप आज मुस्लिमों को टारगेट कर रहे हैं। आप कल इसाई, सिख, जैन के खिलाफ होंगे। संघ परिवार का एजेंडा है कि अल्पसंख्यकों को इस देश में खत्म कर दो।

### मंदिरों की जमीनें बेची जा रही, उसके खिलाफ भी कानून लाओ : सावंत



शिवसेना उद्धव गुट के सांसद अरविंद सावंत ने कहा, गैर मुस्लिम मेंबर वक्फ बोर्ड में ला रहे हो। डर लगता है कि मंदिरों के बोर्ड में गैर हिंदू को लाओगे। ऐसा किया, तो हम इसका विरोध करेंगे। ये आगे चलकर क्रिश्चियन, सिख और जैन धर्म में भी हो सकता है। यह धार्मिक मामला है, यह सरकार का कैसे हो सकता है।

### मंत्री की स्पीच जेपीसी रिपोर्ट से मैच कर जाये, तो इस्तीफा दे दूंगा: द्रमुक



द्रमुक सांसद ए राजा ने कहा, मंत्रीजी ने कुछ देर पहले बेहद गर्व के साथ भाषण दिया है। मैं हिम्मत के साथ कहता हूं कि कल आप अपनी स्पीच के टेक्स्ट को जेपीसी की रिपोर्ट से मिलाइयेगा। मैच कर जाये, तो इस सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दूंगा। ये कहानी गढ़ रहे हैं कि संसद वक्फ बोर्ड को दे दी गयी होती।

### किसी को कोई धर्म मानने के लिए मजबूर नहीं कर सकते : कल्याण बनर्जी

टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा, वक्फ का टाइटल बदला गया। इसमें संशोधन असंवैधानिक हैं। पांच साल तक इस्लाम की प्रैक्टिस का प्रावधान जोड़ा गया है। संविधान में किसी को धर्म मानने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है।



### वक्फ बिल से कोई उम्मीद नहीं: अखिलेश यादव



सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि वक्फ बिल में न तो नीति सही है और न नीयत। देश के करोड़ों लोगों से घर-दुकान छीनने की साजिश है। भाजपा अलोकतांत्रिक पार्टी है। वह असहमति को अपनी शक्ति मानती है। सरकार वक्फ बिल लाने की जिद क्यों कर रही है? यह सांप्रदायिक राजनीति का नया रूप है, जिद है। हमें इससे कोई उम्मीद नहीं है।

### जेपीसी में व्यापक शक्तियां, वह बिल का प्रारूप बदल सकती है : स्पीकर



स्पीकर ओम बिरला ने कहा, संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के किसी भी विधेयक में संशोधन की शक्तियां व्यापक हैं। समिति किसी भी विधेयक में संशोधन कर सकती है या पूरी तरह प्रारूप बदल सकती है। पूरा नाम और संक्षिप्त नाम भी बदल सकती है। पहले भी ऐसा हो चुका है।

## न्यूज रील्स

### लालू यादव की तबीयत खराब, दिल्ली ले जाये गये

पटना। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की तबीयत बुधवार को बिगड़ गयी। शरीर में घाव होने के बाद उन्हें इंफेक्शन हो गया। दोपहर को उन्हें पारस अस्पताल ले जाया गया। इलाज के बाद परिवार के सदस्य उन्हें दोबारा राबड़ी आवास ले गये। इसके बाद देर शाम उन्हें एयर एंबुलेंस से दिल्ली ले जाया गया। जानकारी के अनुसार राजद अध्यक्ष को शाम चार बजे की उड़ान से दिल्ली जाना था, लेकिन पारस अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें रोक लिया। डॉ एए हई के अनुसार लालू का ब्लड प्रेशर कम हो गया था। दवा के बाद उनकी सुस्ती ठीक हुई है। पीठ के पीछे और हाथ में घाव हैं। उन्हें हल्का बुखार भी है। राजद एमएलसी अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कहा कि उनका इलाज पहले से दिल्ली स्थित एम्स में चल रहा है। ऐसे में वे वहां जाकर चिकित्सकों की राय लेंगे। बता दें कि साल 2022 में लालू प्रसाद यादव का किडनी ट्रांसप्लांट भी हुआ था। किडनी ट्रांसप्लांट के बाद लालू यादव काफी स्वस्थ नजर आ रहे थे। इससे पहले 2014 में उनकी ओपन हार्ट सर्जरी भी हुई थी। साल 2022 में लालू प्रसाद यादव की एंजियोप्लास्टी हुई थी।

# बातचीत के लिए तैयार हुए नक्सली : सरकार के नाम जारी पत्र में अभियान रोकने को कहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों में नक्सलियों को लग रहे तगड़े झटकों के बीच वे शांति वार्ता के लिए तैयार हो गये हैं। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी की बैठक के बाद नक्सलियों के प्रवक्ता ने एक पर्चा जारी कर सरकारों से शांति वार्ता की पहल की है। पत्र में कहा गया है कि सरकार अगर नक्सल विरोधी अभियान बंद करने का एलान करती है, तो नक्सली बात करने को तैयार हैं। दरअसल बीते कुछ महीनों से सुरक्षाबलों की टीमें लगातार ऑपरेशन चला रही हैं, जिसमें कई बड़े खूंखार नक्सलियों को जवानों ने ढेर कर दिया है। नक्सलियों का यह पत्र केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नक्सल प्रभावित बस्तर के दौरे से ठीक पहले जारी किया गया है। नक्सलियों के प्रवक्ता अभय की ओर से जारी बयान में केंद्र सरकार से नक्सल विरोधी अभियान को रोकने का आग्रह किया गया है। इसके साथ ही सुरक्षाबलों की वापसी और माओवादी विरोधी



अभियानों को रोकने की मांग की गयी है। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी ने कहा कि 15 महीने में उसके चार सौ साथियों को मारा गया है। केंद्र और राज्य सरकारें अभियान रोकें, तो हम बात करेंगे।

**क्या है लिखा है नक्सली प्रवक्ता अभय ने :** नक्सलियों के प्रवक्ता अभय ने हिंदी और तेलुगू दोनों भाषा में प्रेस रिलीज जारी केंद्र और राज्य सरकार से नक्सल विरोधी अभियान को रोकने का अनुरोध किया है। इसके साथ ही सुरक्षा बलों के जवानों को कैंप में ही रहने और नये कैंप नहीं खोलने की बात कही है। उसने प्रेस विज्ञप्ति में आगे लिखा है कि 24 मार्च को नक्सलियों के संगठन की हैदराबाद में एक बैठक हुई थी। इसमें यह तय हुआ था कि वे बिना किसी शर्त के बातचीत और शांति वार्ता करने के युद्ध विराम की घोषणा कर देंगे। इसमें आगे लिखा है कि छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा ने भी नक्सलियों से आग्रह किया था कि वे हथियार छोड़ मुख्यधारा में शामिल हो जायें। यदि ऐसा नहीं करेंगे, तो जवान नक्सलियों से सख्ती से निपटेंगे और उनका खात्मा कर देंगे।

### अमित शाह पांच अप्रैल को रायपुर में करेंगे बैठक

दूसरी ओर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चार अप्रैल की शाम या रात तक रायपुर पहुंचेंगे। वह दूसरे दिन पांच अप्रैल को बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित जिले दंतेवाड़ा जायेंगे। वहां पर मां दंतेश्वरी का दर्शन करेंगे। इसके बाद 'बस्तर पंडुम' के समापन में शिरकत करेंगे। उसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री फोर्स के कमांडरों के साथ बैठक करेंगे। फिर वापस रायपुर आकर प्रशासनिक बैठक करेंगे। इसमें नक्सलियों से अंतिम निर्णायक लड़ाई लड़ने के लिए यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है।

# पीएम मोदी 24 को पटना एयरपोर्ट के नये टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** पटना एयरपोर्ट पर जल्द ही नया टर्मिनल भवन यात्रियों के लिए शुरू कर दिया जायेगा। 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस आधुनिक टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। यह टर्मिनल न केवल बिहार के हवाई यातायात को नया आयाम देगा, बल्कि यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाओं से भी लैस करेगा। नये टर्मिनल में यात्रियों की सुविधा के लिए विशाल वेटिंग एरिया, उन्नत सुरक्षा प्रणाली और बेहतर कनेक्टिविटी जैसी विशेषताएं जोड़ी गयी हैं। साथ ही यहां 52 चेक-इन काउंटर, मल्टी-लेवल पार्किंग, पांच एयरोब्रिज और बैगेज हैंडलिंग सिस्टम जैसी आधुनिक सेवाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। हाल ही में सांसद रविशंकर प्रसाद और बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन ने टर्मिनल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह नया टर्मिनल राज्य के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीएम नीतीश कुमार ने भी 13 मार्च को टर्मिनल का जायजा लिया था और अधिकारियों को निर्देश दिये थे कि सभी कार्य समय पर पूरे किये जायें, ताकि यात्रियों को जल्द से जल्द इसकी सुविधाएं मिल सकें।

# आज से टैरिफ लागू करेंगे डोनाल्ड ट्रंप, भारत पर नहीं होगा खास असर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर के लिए अपना जवाबी टैरिफ लागू कर दिया है। इसका असर दुनिया भर पर पड़ेगा। हालांकि भारत पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ेगा। वाशिंगटन में व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के बहुप्रतीक्षित टैरिफ कुछ लोगों की अपेक्षा से पहले ही लागू होने जा रहे हैं। दो अप्रैल से अमेरिका की तरफ से पारस्परिक शुल्क लागू कर दिये गये हैं। अमेरिका के इस कदम की आहट से भारतीय शेयर बाजार भी अछूता नहीं रहा और सेंसेक्स में उतार-चढ़ाव जारी रहा। इसके असर से बचने के लिए भारत सरकार ने अपना कवच तैयार कर लिया है। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया था कि अमेरिका अलग-अलग देशों द्वारा लगाये जाने वाले टैरिफ के बराबर टैरिफ ही लगायेगा। दो अप्रैल को 'मुक्ति दिवस' बताते आ रहे ट्रंप ने दावा किया था कि भारत अपने टैरिफ में काफी कमी करने जा रहा है।



ट्रंप के बयान और उनकी तरफ से अब तक की कार्रवाई को ध्यान में रखते हुए जवाबी टैरिफ का लगना तय माना जा रहा है। भारत फिलहाल जवाबी टैरिफ के तीन प्रभावों को ध्यान में रखते हुए अपनी रणनीति पर काम कर रहा है और परिस्थितियों के अनुसार जिस रणनीति की जरूरत होगी, तीन अप्रैल को वैसी ही घोषणा की जायेगी। वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से अब तक कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गयी है।

**भारत को टैरिफ से कोई नुकसान नहीं :** सूत्रों के मुताबिक ट्रंप का जवाबी टैरिफ अगर सेक्टर के हिसाब से होगा, तो भारत की रणनीति अलग होगी और तब शायद भारत को इससे कोई नुकसान नहीं होगा, क्योंकि जिन वस्तुओं का भारत निर्यात करता है, उन वस्तुओं का निर्यात अमेरिका नहीं करता है। सूत्रों के मुताबिक पारस्परिक शुल्क किसी भी रूप में लगने पर फिलहाल भारत के निर्यात पर इसका असर नहीं होगा, क्योंकि अचानक दो देशों के बीच सप्लाई चेन ठप नहीं होती है। दूसरी बात है कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर वार्ता को आगे बढ़ाने पर काम शुरू हो गया है। इसके पहले चरण को इस साल तक पूरा कर लिया जाना है। ऐसे में भारत के पास अमेरिका के हिसाब से अपने शुल्क को कम या बढ़ाने का समय मिल जायेगा।

### कौन हैं 'डर्टी 15' देश

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने 'डर्टी 15' देशों का उल्लेख किया है, जबकि अमेरिकी व्यापार विभाग ने 21 देशों की सूची जारी की है, जिन पर ये टैरिफ लागू होंगे। इन देशों में चीन, यूरोपियन यूनियन, मेक्सिको, वियतनाम, आयरलैंड, जर्मनी, ताइवान, जापान, साउथ कोरिया, कनाडा, भारत, थाइलैंड, इटली, स्विट्जरलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया शामिल हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# घिबली आर्ट के पीछे पागल बनी दुनिया

## ■ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में वायरल इस विधा की रोचक कहानी

## ■ जापान की घिबली स्टूडियो से प्रेरणा लेकर अब एआइ में हो गयी शामिल

आजाद सिपाही विशेष

**सोशल मीडिया पर इन दिनों एक विशेष प्रकार की कला का ट्रेंड तेजी से वायरल हो रहा है। इसे घिबली आर्ट कहा जा रहा है। यह कला न केवल आम लोगों के बीच लोकप्रिय हो रही है, बल्कि सेलिब्रिटीज और बड़े इवेंट की तस्वीरों को भी घिबली स्टाइल में बदला जा रहा है। एआइ के जरिये घिबली शैली में बनायी गयी इन तस्वीरों का क्रेज दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है, लेकिन इसके साथ ही इसके कानूनी और रचनात्मक पहलुओं पर भी चर्चाएं तेज हो गयी हैं। आम से लेकर खास तक इस नयी कला के पीछे दीवाने हो गये हैं और यह दीवानगी इतनी बढ़ गयी है कि चैट-जीपीटी भी क्रैश कर जा रहा है। लोगों को इसके संभावित खतरों से आगाह किया जा रहा है, लेकिन कोई सकारात्मक असर पड़ता नहीं दिख रहा है। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर यह घिबली आर्ट क्या बला है और यह इतनी तेजी से लोकप्रिय क्यों हो रहा है। करीब 30 साल पहले जापान के तीन कलाकारों द्वारा शुरू किया गया घिबली स्टूडियो आज पूरी दुनिया में टॉप पर ट्रेंड कर रहा है, तो इसके पीछे जरूर कोई कारण है। क्या है घिबली आर्ट के पीछे की कहानी और इसका क्या हो सकता है अंतिम परिणाम, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राहुल सिंह।**



राहुल सिंह

दुनियाभर में सोशल मीडिया पर इस वक्त जो एक चीज हर प्रोफाइल पर दिख रही है, वह है घिबली आर्ट। एक्स से लेकर इंस्टाग्राम और फेसबुक तक लोग लगातार एआइ के जरिये अपनी और सेलिब्रिटी की कार्टूननुमा तस्वीरों को देखते और इनका इस्तेमाल करते दिख रहे हैं। इन सबके बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) की पहुंच और इसके खतरों को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गयी हैं। दरअसल, जापान की कॉमिक बुक और कार्टून शो के लिए इस्तेमाल होने वाली जिस घिबली आर्ट को बनाने में एक जमाने में कई दिनों से लेकर महीनों का समय लग जाता था, अब एआइ ने उन्हें कुछ ही सेकंड या मिनट में बनाना शुरू कर दिया है। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर यह घिबली आर्ट है क्या? इसकी शुरुआत कहां से हुई? चैट जीपीटी ने इसे वायरल ट्रेंड कैसे बनाया? कौन-कौन इस फीचर का इस्तेमाल कर सकता है? जापान के एक स्टूडियो की आर्ट को अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिये बार-बार बनाना कानूनी हद तक कितना सही है? घिबली की शुरूआत करने वाले कलाकारों का इस पर क्या कहना है? और इस आर्ट को लेकर एआइ की पहुंच के बारे में क्या चर्चाएं हैं?

### लोगों को इतनी पसंद क्यों आ रही घिबली स्टाइल तस्वीरें

घिबली तस्वीरों की खास बात यह है कि इसके कैरेक्टर हाथ से बनाये जाते थे। इनमें हमेशा हल्के पेस्टल रंगों का इस्तेमाल होता था और इन्हें तड़क-भड़क से दूर ही दिखाया गया। घिबली आर्ट के विश्लेषकों का कहना है कि घिबली की सादगी और शांति ही लोगों को अपनी ओर खींचती है। ऐसे में कुछ ही वर्षों के अंदर इस स्टूडियो ने करोड़ों लोगों को अपना फैन बना लिया है।

### घिबली का मतलब क्या है

घिबली एक अरबी-लीबियाइ शब्द है, जिसका अर्थ होता है रेगिस्तान से आती गर्म हवा। जापान में मियाजाकी हयाओ, इसाओ ताकाहाटा और सुजुकी तोशियो ने 15 जून, 1985 को स्टूडियो घिबली की स्थापना की। इसका नाम घिबली इसलिए रखा गया, क्योंकि यह बदलाव का एक प्रतीक, यानी हवा का एक झोंका था।


### चैट-जीपीटी ने इसे वायरल ट्रेंड कैसे बनाया


चैट-जीपीटी ने एक सप्ताह पहले अपना बिल्ट-इन इमेज जेनरेशन फीचर शुरू किया। ओपन एआइ के जीपीटी-4ओ टूल ने एआइ चैटबॉट को घिबली स्टाइल की तस्वीरें प्रोसेस करने के फीचर से जोड़ दिया। नतीजा यह रहा कि एआइ ने ऐसे फोटो बनाना शुरू कर दिया, जो कि जापानी एनिमेटर हयाओ मियाजाकी की हाथ से बनायी हुई आर्ट जैसे ही लगते थे। इसके चलते 24 घंटे में ही घिबली इमेज पूरी दुनिया में वायरल होना शुरू हो गयी।

चौंकाने वाली बात यह है कि यूजरों के निर्देशों और उसके आधार पर तस्वीरों को घिबली स्टाइल में तैयार करने की चैट जीपीटी की क्षमता ने इसे बाकी चैटबॉट से अलग खड़ा कर दिया। जहां मेटा एआइ और एक्स का ग्रोक अभी भी घिबली स्टाइल तस्वीरों में मियाजाकी की तस्वीरों जैसी डिटेल नहीं ला पाये हैं, वहीं चैट जीपीटी का यह स्पेशल फीचर देखते ही देखते वायरल हो रहा है।

### प्रोफाइल फोटो से लेकर बॉलीवुड फिल्म और बहुत कुछ, सब घिबली में बदला

घिबली आर्ट लोगों को किस कदर पसंद आया है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सोशल मीडिया में बॉलीवुड फिल्मों से लेकर सेलिब्रिटी, लोगों की अपनी प्रोफाइल पिक्चर, निजी यादों की तस्वीरों से लेकर खेल के दृश्यों










तक सब कुछ घिबली के अंदाज में बदल चुका है। 2024 के पेरिस ओलंपिक से लेकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क तक, सबके घिबली स्वरूप दुनिया में आ चुके हैं।

घिबली बनाने के लिए चैट जीपीटी पर अभी भी होड़ मची है। कुछ यूजरों ने पहले एक्स पर पोस्ट कर बताया था कि घिबली वर्जन इमेज चैट जीपीटी के प्रीमियम वर्जन में बनाया जा सकता है। हालांकि बाद में कई यूजरों ने पाया कि यह फ्री वर्जन में काम कर रहा है। इसके बाद चैट जीपीटी यूजरों के बीच तस्वीरों को घिबली में बदलने की होड़ लग गयी। इसी बीच चैट जीपीटी के सीइओ सैम ऑल्टमैन ने एक्स पर ट्वीट कर बताया कि उनके जीपीयू पिघल रहे हैं। दरअसल, चैट जीपीटी जैसे चैटबॉट कमांड से तस्वीरों को क्रिएट करने के लिए ग्राफिकल प्रोसेसिंग यूनिट, यानी जीपीयू का इस्तेमाल करते हैं। ट्रेंड के बढ़ने से इनके जीपीयू में दबाव बढ़ता है और ये अत्यधिक गर्म होने लगते हैं, जिससे प्रोसेसिंग धीमी हो जाती है। ऐसे में जीपीयू को नुकसान से बचाने के लिए कुछ प्रोसेसिंग को रोकना या सीमित करना पड़ता है।

### क्या कहा सैम ऑल्टमैन ने

सैम ऑल्टमैन ने पोस्ट किया, यह देखना बहुत मजेदार है कि लोग चैट जीपीटी की बनायी तस्वीरों को पसंद कर रहे हैं। लेकिन हमारे जीपीयू पिघल रहे हैं। हम इसे और अधिक कुशल बनाने पर काम करते हुए अस्थायी रूप से कुछ दर सीमाएं लागू करने जा रहे हैं। उम्मीद है कि इसमें ज्यादा समय नहीं लगेगा। चैट जीपीटी फ्री टियर को जल्द ही प्रतिदिन 3 जेनरेशन मिलेंगी। हालांकि उनके इस पोस्ट पर शायद ही किसी का ध्यान गया हो, क्योंकि शनिवार-रविवार को चैट जीपीटी पर घिबली बनाने वालों की इतनी संख्या जुड़ी कि प्लेटफॉर्म क्रैश कर गया। इसके बाद ऑल्टमैन ने पोस्ट कर कहा कि क्या आप सब प्लीज इमेज जनरेट करना थोड़ा कम कर सकते हैं? हमारी टीम को नींद चाहिए!

### कैसे बना सकते हैं घिबली इमेज

चैट जीपीटी अपने लेटेस्ट मॉडल जीपीटी-4ओ का इस्तेमाल कर रहा है। घिबली इमेज जनरेशन इसी मॉडल से संभव हो पाया है। इसका सबसे रोचक पहलू यह है कि यह स्टूडियो घिबली की प्रसिद्ध कार्टून शैली को बखूबी दोहरा सकता है। कोई भी आसानी के घिबली इमेज जनरेट कर सकता है।

### घिबली के कॉपीराइट से जुड़ा मसला क्या है?

जैसे-जैसे घिबली तस्वीरें दुनिया में वायरल हुई हैं, वैसे ही इसे लेकर विवाद की भी शुरूआत हुई है। सबसे बड़ा विवाद है एआइ की पहुंच को लेकर। दरअसल, सोशल मीडिया पर विवाद है कि कैसे एआइ कलाकारों के रचनात्मक कार्यों को कुछ ही क्षणों में कॉपी कर लेता है। वह भी इसके लिए उन्हें जरूरी श्रेय और आर्थिक मुआवजा दिये बिना। चैट जीपीटी पर घिबली आर्ट बनाने को लेकर कॉपीराइट का विवाद इन्हीं चर्चाओं के बाद शुरू हुआ है। खुद चैट जीपीटी ने भी प्रीमियम सेवा का इस्तेमाल न करने वाले कई यूजरों को यह संदेश दिया कि वह कॉपीराइट के अंतर्गत आने वाले एनिमेशन स्टूडियो की तरह की तस्वीरें नहीं बना सकता, क्योंकि उसकी आर्ट स्टाइल सुरक्षा मानकों में आती है। इसके बावजूद कुछ ही घंटों बाद चैट जीपीटी पर लोगों ने फिर से घिबली तस्वीरें बनाना जारी रखा।

कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि ओपन एआइ जो कर रहा है, वह न तो कानूनी तौर पर सही है और न ही कानूनों का पूरी तरह उल्लंघन है। यानी घिबली इमेज बनाना बीच के ग्रे जोन में आता है। अमेरिका की लॉ फर्म नील एंड मैक्डेविट के बौद्धिक संपत्ति मामलों के वकील इवान ब्राउन के मुताबिक, घिबली आर्ट स्टाइल को कॉपीराइट कानून के तहत सुरक्षित नहीं किया गया है। इससे सिर्फ कैरेक्टर और कहानियां सुरक्षित हो सकती हैं। यानी ओपन एआइ सिर्फ ऐसी तस्वीरें बनाकर कोई कानून नहीं तोड़ रहा है।

हालांकि, ब्राउन ने साफ किया कि हो सकता है कि ओपन एआइ ने अपने मॉडल को जापानी स्टूडियो की रचनात्मक तस्वीरों के आधार पर ही ट्रेनिंग दी हो। यानी उसके जैसी ही तस्वीरें बनाने का कमांड। इससे एक सवाल यह उठता है कि अगर आप हमारा काम सीधे तौर पर कॉपी नहीं कर सकते, तो उसके जैसा ही काम तैयार करना शुरू कर दो। उन्होंने बताया कि कई अदालतें अब इस बात पर विचार कर रही हैं कि क्या एआइ डेवलपर अपने मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए कॉपीराइट किये हुए काम का इस्तेमाल कर सकते हैं।

इस बीच आर्टिस्ट कार्ला ओर्टिज, जिन्होंने एआइ तस्वीरें बनाने वाले मॉडल को कॉपीराइट के मामलों में कोर्ट में घसीटा है, ने घिबली आर्ट को लेकर कहा कि यह साफ है कि ओपन एआइ जैसी कंपनियां अब कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों के काम और इसके जरिये अपना गुजारा चलाने वाले लोगों की चिंता नहीं करता। उन्होंने कहा कि ओपन एआइ घिबली का नाम और उसके ब्रांड का इस्तेमाल अपने मॉडल को आगे बढ़ाने के लिए कर रहा है, जो कि कॉपीराइट का सीधा उल्लंघन है।

### एआइ के घिबली बनाने पर क्या सोचते हैं इसके संस्थापक

एआइ से घिबली तस्वीरें बनाने के आलोचकों ने एक्स पर हयाओ मियाजाकी के कुछ पुराने वीडियो पोस्ट किये हैं। इनमें घिबली आर्ट के संस्थापक ने एक बार एआइ जेनरेटेड तस्वीरों को लेकर बेहद कड़ी आलोचना की थी और इसे जीवन का अपमान बताया था। खबरों के मुताबिक यह वीडियो 2016 का है, जिसमें वह एआइ की आलोचना करते हुए कह रहे हैं कि यह जीवन का अपमान (इनसल्ट टू लाइफ इटसेल्फ) है और इस तरह के कंटेंट को देख कर उन्हें कोई दिलचस्पी नहीं होती। मियाजाकी कहते हैं, मैं इस तरह की चीजें देखकर रोमांचित नहीं हो सकता। इसे बनाने वाले लोग दर्द की भावना को नहीं समझते। मैं इसे लेकर बेहद निराश हूं और कभी भी अपनी कला में इस तकनीक को अपनाना नहीं चाहूंगा। मेरे हिसाब से यह जीवन का अपमान है। वह मानते हैं कि कला का असली सार तभी झलकता है, जब इंसान अपने अनुभवों, दर्द, खुशी और संवेदनाओं को चित्रों और कहानियों में उतारता है। लेकिन एआइ आधारित एनीमेशन इस गहराई से कोसों दूर है।

---

# जमशेदपुर के 78 निजी विद्यालयों को मनमानी फीस लेने के आरोप में नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** निजी विद्यालयों द्वारा मनमाने तरीके से लिये जा रहे शुल्क को लेकर पूर्वी सिंहभूम के जिला शिक्षा अधीक्षक ने 78 प्राइवेट स्कूलों को नोटिस जारी किया है। इन स्कूलों को कतिपय बिंदुओं पर तीन दिनों के भीतर जवाब देने को कहा गया है। इधर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने फिर दुहराया है कि वह मनमाने ढंग से फीस लेने के मामले में कड़ी कार्रवाई करेंगे। जिला शिक्षा अधीक्षक के पत्र में स्कूल भवन का उपयोग केवल शैक्षणिक कार्यों के लिए किये जाने की बात कही गयी है। बताया गया है कि झारखंड शिक्षा



न्यायाधिकार अधिनियम 2017 के अनुसार स्कूल परिसर में किताब या अन्य स्कूली सामग्रियों को बेचना अनुचित है। स्कूल परिसर या किसी खास दुकान से शिक्षा सामग्री लेने के लिए स्कूल प्रबंधन छात्र या उनके अभिभावक को प्रेरित या बाध्य नहीं कर सकता है। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा निजी विद्यालयों को जारी पत्र में आय-व्यय का आंकड़ा भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। बेहतर आय के बाद भी स्कूल फी में बढ़ोत्तरी पर चिंता व्यक्त की गयी है।

साथ ही स्कूल प्रबंधन को तथ्यों के साथ जवाब देने का निर्देश दिया गया है। तीन साल का ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

---

# फंदे से लटका मिला प्रेमी-प्रेमिका का शव

## सुसाइड नोट में लिखा-साथ जी नहीं पाये तो साथ मर रहे हैं

**छात्रा गोड्डा की, युवक कहलगांव का रहनेवाला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भागलपुर/गोड्डा।** भागलपुर में प्रेमी-प्रेमिका ने फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। प्रेमी रोशन भारती (23) और साक्षी कुमारी (21) का शव होटल के सर्वेंट क्वार्टर से पुलिस ने बरामद किया है। मौके से पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें लिखा गया है, 'साथ जी नहीं पाये तो साथ मर रहे हैं।' पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। रोशन कहलगांव का रहने वाला था। वहीं साक्षी झारखंड के गोड्डा जिले की रहने वाली थी। रोशन भागलपुर में रहकर एमएस होटल में काम करता था। जबकि साक्षी पढ़ाई करती थी। दोनों के बीच पिछले 5 साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन परिवार वालों की सहमति नहीं थी।

**दोनों का शव कमरे में फंदे से लटकता मिला :** रोशन जब होटल में काम करने के लिए नहीं पहुंचा, तो मालिक उसे ढूंढने लगा। दूसरे स्टाफ को बुलाने के लिए भेजा तो रोशन का कमरा लॉक था। इसके बाद काफी आवाज दिया, लेकिन किसी ने दरवाजा नहीं खोला। घटना की जानकारी होटल प्रबंधन ने तातारपुर पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के सामने होटल का दरवाजा खोला गया, तो साक्षी और रोशन का शव कमरे में फंदे से लटकता हुआ मिला।

एमएस होटल के मैनेजर अजमल ने बताया, रोशन भारती पिछले 5 साल से कैटरिंग का काम करता था। वह सराय स्थित सर्वेंट लॉज में रहता था। उसके साथ कैप्टन राजेश और स्वीपर पप्पू भी रहते थे। रोशन के साथ काम करने वाले राजेश 2 दिन पहले अपने घर जा चुके थे। तीसरे तल्ले पर तीन रूम हैं, जिसमें एक रूम में रोशन भारती और राजेश एक साथ रहते थे। दूसरे मकान में स्वीपर पप्पू रहता था। हम लोगों को तब शक हुआ जब उसका फोन स्विच ऑफ बताने लगा। रिसेप्शन पर बैठे सोनू को घटनास्थल पर भेजा गया, तब घटना की जानकारी मिली। 1 अप्रैल को शाम 4 बजे रोशन भारती से बात हुई थी।

---

## देवी कात्यायनी



*चन्द्रहासोज्जवलकरा शार्दूलावरवाहना।*
*कात्यायनी शुभं दद्यादेवी दानवघातिनी ।।*

### अर्थ

*चंद्रमा की तरह देदिप्यमान, शेर पर सवार, दानवों का विनाश करने वाली मां कात्यायनी हमारे लिए शुभ फलदायी हो।*

### पूजा विधि

*देवी का ध्यान कर कलश पर चावल चढ़ाकर गंगाजल छिड़कें। कलश पर कुमकुम, अक्षत और लाल चंदन लगायें। इसके बाद गुलाब और अन्य लाल फूलों के साथ पूजन सामग्री चढ़ायें। देवी को शहद का भोग लगाएं। केला भी चढ़ा सकते हैं।*

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.8°c | 19.8°c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.05 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.40 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 03 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



# संस्कृति बचानी है, तो डीजे की जगह मांदर की थाप पर नृत्य करें: चमरा लिंडा

## सरना कोड की मांग को लेकर आदिवासी समाज का संघर्ष जारी रहेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में आदिवासी समुदाय द्वारा पारंपरिक उल्लास और श्रद्धा के साथ सरहुल महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को रांची के कांके स्थित मायापुर सरना स्थल में आदिवासी 22 पड़ाहा सरना समिति ओरमांझी कांके द्वारा 29वां सरहुल पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने शिरकत की और आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं को संरक्षित करने पर बल दिया। मंत्री श्री लिंडा ने कहा कि आदिवासी संस्कृति को संरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है। सरहुल महोत्सव में पारंपरिक मांदर और नगाड़े की धुनों पर नृत्य करना चाहिए, न कि आधुनिक डीजे और फिल्मी गीतों के माध्यम से। उन्होंने कहा, हमारा मंत्रालय आदिवासी कल्याण के लिए कार्यरत है और हम आदिवासी समाज को शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



**आदिवासी समाज के विकास हेतु योजनाएं :** मंत्री श्री लिंडा ने आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदिवासी और ओबीसी समुदाय को आगे बढ़ाने के लिए स्कूल, ट्यूशन सेंटर, कॉलेज और अस्पताल खोले जायेंगे। हरिजन समुदाय के लिए भी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जायेगा। छोटानागपुर क्षेत्र में सभी सरना स्थलों की बाउंड्री निर्माण के लिए सरकार कार्य करेगी।

**आदिवासी संस्कृति को बचायें :** सरना धर्म को मान्यता दिलाने के संघर्ष पर जोर देते हुए मंत्री लिंडा ने कहा कि जब तक हम संघर्ष करते रहेंगे, तब तक हम अपनी संस्कृति को बचाये रख पायेंगे। अगर केंद्र सरकार सरना कोड नहीं देती है, तो हम सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। यदि आवश्यक हुआ तो हम संपूर्ण राज्य को बंद करने के लिए भी तैयार रहेंगे।

उन्होंने समाज के सभी लोगों से एकजुट होकर इस आंदोलन को समर्थन देने की अपील की और कहा कि संघर्ष ही जीवन है। हमें साथ मिलकर लड़ना होगा और अपने अधिकार प्राप्त करने होंगे।

### मांदर-नगाड़ा और सरहुल राग के संरक्षण का संकल्प

मंत्री चमरा लिंडा ने बताया कि आदिवासी समाज की पारंपरिक धरोहर को बचाने के लिए सरकार ने 15 करोड़ रुपये के मांदर-नगाड़े वितरित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरहुल पर्व की मूल आत्मा को जीवंत बनाये रखने के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे।

## प्रदेश भाजपा ने किया वक्फ संशोधन विधेयक का स्वागत

# गरीब मुसलमानों, महिलाओं की प्रगति नहीं चाहनेवाले कर रहे वक्फ संशोधन बिल का विरोध: बाबूलाल मरांडी

**कांग्रेस, झामुमो, राजद तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति से निकलें बाहर, देश की प्रगति पर करें विचार**

**यह संशोधन रिफॉर्म के लिए है, रिवोल्ट के लिए नहीं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रदेश भाजपा ने बुधवार को वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक 2024 का स्वागत किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पार्टी सहित इंडी गठबंधन को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि यह संशोधन मुस्लिम समाज के गरीबों, महिलाओं को उनके हक और अधिकार दिलाने का विधेयक है। कहा कि जो पार्टियां मुस्लिम समाज, महिलाओं की प्रगति और विकास नहीं देखना चाहते वे ही इसका विरोध कर रहे।

कहा कि वक्फ बोर्ड को भू-माफियाओं और लुटेरों के चंगुल से मुक्त कराकर गरीब मुसलमानों के हित में इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है, लेकिन कुछ लोग इसे गरीब मुसलमानों के हित में इस्तेमाल करने की बजाय भू-माफियाओं की कठपुतली बनकर काम कर रहे हैं। यह दुखद है, उन्हें गरीब मुसलमानों की चिंता करनी चाहिए। कहा कि विधेयक कहीं से भी असंवैधानिक नहीं है। आजादी के पहले से वक्फ है और आजादी से पहले भी संशोधन हुआ। अब से पहले तक इस एक्ट में 5 बार संशोधन हो चुके हैं। जब यह तब असंवैधानिक नहीं था, तब यह संशोधन असंवैधानिक कैसे हो गया? आजादी के बाद 1954 में अंग्रेजों के समय से चले आ रहे वक्फ एक्ट को रेगुलेट कर वक्फ एक्ट बनाया गया। इसके बाद साल 1995 में नया वक्फ बोर्ड एक्ट आया। कहा कि 2013 में कांग्रेस की यूपीए सरकार ने इसमें गैरकानूनी तरीके से संशोधन कर वक्फ बोर्ड को असीमित अधिकार दे दिया कि वक्फ बोर्ड किसी भी जमीन पर अपना अधिकार जता सकता है।

कहा कि वक्फ से जुडी समस्या केवल मुसलमानों की नहीं है बल्कि इससे बड़े पैमाने पर हिंदू, सिख, बौद्ध, इसाई और यहां तक कि मुस्लिम भी पीड़ित हैं। कई ऐसे मामले आये हैं जिसमें वक्फ ने मनमाने तरीके से मंदिरों, गुरुद्वारों और यहां तक कि पूरे गांव को ही वक्फ की प्रॉपर्टी बता दिया है। कहा कि कोलकाता हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ को एक धार्मिक बोर्ड नहीं माना है, बल्कि इसे वक्फ अधिनियम के तहत स्थापित एक ट्रस्ट या संस्था के रूप में देखा है जो संपत्ति के प्रबंधन और रखरखाव से संबंधित है। कहा कि कांग्रेस पार्टी सहित इंडी गठबंधन के लोगों को जनता को दिग्भ्रमित करने से बाज आना चाहिए।

# केंद्र सरकार की निष्क्रियता से आदिवासी अपनी जमीन से बेदखल हो जायेंगे: कांग्रेस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि वर्ष 2006 में कांग्रेस ने आदिवासियों को जल, जंगल और जमीन पर अधिकार सुनिश्चित करने के लिए वन अधिकार अधिनियम लागू किया था, लेकिन केंद्र सरकार की निष्क्रियता के चलते इस कानून के तहत किये गये लाखों वास्तविक दावे बिना किसी समीक्षा के मानमाने ढंग से खारिज कर दिये गये। इससे कई आदिवासियों के अपनी जमीन से बेदखल होने की आशंका है।



उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे सभी लोगों को उनकी जमीन से बेदखल करने का आदेश दिया, जिनके दावे खारिज हो चुके थे, लेकिन भारी विरोध के बाद कोर्ट ने रोक लगायी और दावों की गहन समीक्षा का आदेश दिया था। अब गुरुवार को पुनः इस मामले की सुनवाई उच्चतम न्यायालय में है। प्रदेश अध्यक्ष ने यह बातें बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 2019 में भी इस कानून की बचाव नहीं कर सकी थी और अब भी आदिवासी अधिकारों के पक्ष में खड़ी नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि चिंताजनक बात यह है कि दावों की समीक्षा का गंभीर प्रयास अब तक नहीं हुआ, जिससे उच्चतम न्यायालय में फैसला इस कानून के खिलाफ आ सकता है।

### कांग्रेस वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध में

उन्होंने कहा कि कांग्रेस वक्फ संशोधन विधेयक के विभिन्न प्रावधानों के विरोध में है। वक्फ बोर्ड परिषद में दो गैर मुस्लिम को शामिल करना, वक्फ ट्रिब्यूनल के स्थान पर सरकारी अधिकारी को विवाद निपटारे का अधिकार देना, वक्फ न्यायाधिकरणों के आदेशों को उच्च न्यायालय में अपील करने की अनुमति देने से वक्फ से संबंधित विवाद लंबे समय तक चलेंगे और न्याय की आस में लोग भटकते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि देश में भाजपा अपने एजेंडे के तहत इस संशोधन विधेयक को लायी है। भाजपा के विचारों का विरोध संवैधानिक ढांचे के अनुसार कांग्रेस करती रहेगी।

वहीं पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि नीति चाहे जो भी बनायी जाये, लेकिन उसकी नीयत साफ होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इस बिल के जरिए समाज में झगड़ा पैदा करना चाहती है। साथ ही बेरोजगारी और महंगाई जैसे गंभीर मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि यह बिल भाजपा के 2014 के बाद से चल रहे एजेंडे का हिस्सा है, जो समाज को विभाजित करने की मंशा से प्रेरित है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शाहजादा अनवर ने कहा कि यह बिल केवल एक समुदाय को निशाना बनाने और समाज में ध्रुवीकरण पैदा करने के लिए लाया गया है।

इस मौके पर पार्टी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजिनी, सोनाल शांति, प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस चेयरमैन मंजूर अंसारी, आदिवासी कांग्रेस चेयरमैन जोसाई मार्डी सहित अन्य उपस्थित थे।

# अल्पसंख्यकों को कमजोर करने की साजिश है वक्फ संशोधन बिल : राजद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रदेश राजद ने वक्फ संशोधन बिल को असंवैधानिक बताया है। इस संबंध में बुधवार को पार्टी के प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि यह बिल सीधे तौर पर मुस्लिम समाज को कमजोर करने और भय का माहौल बनाने वाला है। उन्होंने कहा कि बिल के माध्यम से केंद्र सरकार की ओर से ईश्वर के नाम से दान की हुई वक्फ संपत्ति को लूटने और बेदखल करने की कोशिश है, जबकि वक्फ कानून में किसी की दान की हुई संपत्ति संबंधित धर्म और समुदाय की होता है जिसे पूर्वजों ने दे दिया था। यादव ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद जब से केंद्र में सरकार बनी है निरंतर अल्पसंख्यकों को कमजोर करने की साजिश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, जहां हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई और जैन धर्म के लोग आपसी सौहार्द्र और अनेकता में एकता को कायम रखने और गंगा जमुनी संस्कृति को आदर्श मान कर चलते हैं।

# कांग्रेस की सोच आदिवासी विरोधी : समीर उरांव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद समीर उरांव ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के बयान पर पलटवार किया है। कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 60 वर्षों तक आदिवासियों को केवल वोट बैंक बनाकर रखा, विकास की कोई चिंता नहीं की। आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास की योजनाएं धरातल पर उतर रहीं। इसके पूर्व अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने आदिवासी मंत्रालय बनाये और विकास के रास्ते को प्रशस्त किया।

कहा कि पिछले 5वर्ष से ज्यादा समय से राज्य में कांग्रेस के समर्थन से सरकार चल रही। आखिर क्यों पेसा कानून लागू नहीं हुआ। वन पट्टा देने के लिए किसने रोका है।



कहा कि आदिवासी समाज की जमीन घुसपैठिए लूट रहे। इनकी सुरक्षा करने से किसने रोका है। आदिवासी बहन-बेटियों के साथ रोज अपमानजनक घटनाएं घट रहीं। इसको रोकने में सरकार क्यों दिलचस्पी नहीं दिखाती। कहा कि यह सरकार 5 वर्षों में महिला आयोग का गठन नहीं कर सकी। आदिवासी गांव में कनेक्टिविटी बढ़े इसके लिए टावर लगाने हेतु जमीन उपलब्ध नहीं करायी जा रही। कहा कि गरीब कल्याण योजना के अनाज बिचौलियों द्वारा लूटे जा रहे सरकार का ध्यान उधर नहीं जा रहा। कहा कि संध्या टोपनो, रूपा तिर्की, रुबिका पहाड़िया क्या आदिवासी समाज की नहीं थी?

कहा कि अभी अगर सिरमटोली सरना स्थल विवाद को ही देखा जाये तो आखिर यह सरकार क्यों मामले को जटिल बना रही। जबकि समाज के लोगों ने विवाद आगे नहीं बढ़े इसके लिए जमीन भी दी है।

कहा कि इससे स्पष्ट है कि इंडी गठबंधन के सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। यह सरकार आदिवासी समाज की हितैषी नहीं है।

# पर्यटक स्थलों पर करें सुरक्षा के व्यापक इंतजाम : आलोक दुबे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने बुधवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी को पत्र लिखकर राज्य के विभिन्न पर्यटक स्थलों पर व्यापक सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा है कि खूंटी स्थित रिमिक्स फॉल और ब्लू पांड में बार-बार होने वाली डूबने की घटनाएं होती हैं। रीमिक्स फॉल और ब्लू पांड में हाल के दिनों में कई दुखद घटनाएं हुईं हैं। उन्होंने कहा कि मंगलवार को दो युवक और पांच दिन पूर्व दो सगे भाइयों की डूबने से असामयिक मौत ने हमारे राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के प्रबंधों को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा की हैं। पत्र में दुबे ने कहा है कि जहां एक ओर झारखंड सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के सराहनीय प्रयास कर रही है, वहीं इन लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा उपायों की अनदेखी लोगों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही है। उन्होंने मुख्य सचिव से ऐसे पयर्टक स्थलों के खतरनाक क्षेत्रों को डेंजर जोन घोषित कर स्थानीय भाषाओं में चेतावनी संकेत स्थापित करने और नियमित सुरक्षा ऑडिट और निरीक्षण करने की मांग की है।



## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी। नौकरी-व्यापार में उन्नति।

**वृष** रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी,किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा

**मिथुन** परिस्थिति में सुधार होगा,बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण,धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी।

**कर्क** कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी।

**सिंह** रूका हुआ काम पूरा होगा, हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें दुर्घटना की आशंका।

**कन्या** नौकरी में उन्नति होगी, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा. स्वजन-मित्रों का सहयोग, नौकरी में बदलाव होने की संभावना।

**वृश्चिक** संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार,संतोषजनक धनलाभ होगा.

**धनु** इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय, मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** स्वास्थ्य बाधा,दिमागी तनाव, इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड की 8 खिलाड़ी

## हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष ने दी बधाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हॉकी इंडिया ने आगामी अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिताओं के लिए सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम की 40 महिला हॉकी खिलाड़ियों का कोर ग्रुप बनाया है। इन 40 सदस्यीय कोर ग्रुप में सिमडेगा जिला के 06 सहित झारखंड के 08 खिलाड़ी शामिल हैं। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। झारखंड के इन 08 खिलाड़ियों में से 06 खिलाड़ी सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और अंजना डुंगडुंग सिमडेगा सिमडेगा की और 02 खिलाड़ी निक्की प्रधान और अलबेला रानी टोप्पो खूंटी जिला की हैं। सलीमा टेटे और महिमा टेटे दोनों सगी बहन हैं, झारखंड के इतिहास में संभवतः यह पहला अवसर है जब दो सगी बहनों की जोड़ी एक साथ सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के कोर ग्रुप में है। अंजना डुंगडुंग की बड़ी बहन अलका डुंगडुंग भी पूर्व में जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। महिमा, अंजना और अलबेला रानी को पहली बार सीनियर भारतीय टीम के कोर ग्रुप में शामिल किया गया है, जबकि निक्की, सलीमा, संगीता, ब्यूटी और दीपिका सोरेंग पूर्व से ही कोर ग्रुप में थी, वैसे महिमा टेटे पूर्व में जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा रह चुकी है।




झारखंड के 08 महिला खिलाड़ियों को सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम कोर ग्रुप में शामिल किये जाने पर हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी, पंखरासियूस टोप्पो, सुनील तिर्की, कमलेश मांझी, एल्शन किड़ो, बसंत बा, वेद प्रकाश, तारिणी कुमारी, कुबूल भेंगरा, करिश्मा परवार, प्रतिमा तिर्की, बलबीर प्रसाद, रोहित बेसरा, फादर बेनेफिक कुजूर, फादर पौलूस बागे, टिंटूस बड़ा सहित हॉकी सिमडेगा और जिला खेलकूद विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई और शुभकामना दी है।

# संगठन की मजबूती के लिए आजसू की कार्यशाला आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी की दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को रांची के रिंग रोड स्थित ट्रेडीशनल बैंक्वेट हॉल में किया जायेगा। कार्यशाला में पार्टी के अध्ययक्ष सुदेश महतो मुख्य अतिथि होंगे। इसके अलावा कार्यशाला को पार्टी के विधायक निर्मल महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, उपाध्यक्ष राजेंद्र मेहता, हसन अंसारी सहित कई केंद्रीय नेता संबोधित करेंगे। यह कार्यशाला पार्टी के संगठन को प्रभावी और सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गयी है।

कार्यशाला में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, जिला एवं प्रखंड प्रभारी, पार्टी जिलाध्यक्ष, महिला जिलाध्यक्ष, युवा जिलाध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख सहित पार्टी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। यह कार्यशाला प्रखंड एवं जिला प्रभारियों को उनके जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गयी है। उक्त कार्यशाला में पार्टी की संगठनात्मक मजबूती को ध्यान में रखते हुए चर्चा होगी और जरूरी दिशा निर्देश दिए जायेंगे।

# कोर्ट के आदेश के बाद एचइसी के सीएमडी का चैंबर अटैच

**रांची (आजाद सिपाही)।** चंद्र भानु कुमार की कॉमर्शियल कोर्ट के आदेश के बाद एचइसी के सीएमडी का चैंबर अटैच किया गया है। बिल का भुगतान नहीं होने के कारण कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। बताते चलें कि दयाचंद इंजीनियरिंग इंडस्ट्री, मुजफ्फरनगर ने 2015/16 में एक करोड़ रुपये से अधिक की वेल्डिंग रॉड की आपूर्ति की थी। इसके एवज में कंपनी को लगभग 22 लाख 83 हजार रुपये का भुगतान नहीं हुआ था। कोर्ट के आदेश के बाद सिविल कोर्ट के अधिकारी और वकील सीएमडी के चैंबर के पास पहुंचकर अटैच की प्रक्रिया को पूरी की।

## जयनगर में हाथियों ने मचाया उत्पात



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सतडीहा पंचायत के ग्राम लतबेधवा के करनो-सरणो मौजा में बीती रात तीन हाथियों का झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। जिससे किसानों के फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। बुधवार को सुबह 11 बजे हाथियों के झुंड ने उमा देवी, रामजी राणा, राम नरेश राणा, रामा शंकर राणा, गोविंद राणा, शिवपूजन राणा, राहुल राणा, जगरनाथ राणा के गेहूं के फसल को नष्ट कर दिया जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुरेश यादव सहित ग्रामीणों ने बताया कि हाथी का झुंड बराकर नदी बैरीसाल के किनारे बताया गया है, दो दिनों से बराकर नदी के किनारे 3 हाथी रह रहे है। वन विभाग को इसकी सूचना दी गयी। मुखिया प्रतिनिधि सुरेश यादव ने अंचल अधिकारी और जिला प्रशासन से मुआवजा का मांग किया है।

## शराब बिक्री पर रोक की मांग, महिलाओं ने दिया आवेदन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के चुतियारो निवासी दर्जनों महिलाओं ने बुधवार को कोडरमा थाना में आवेदन देकर चुटियारों के तुरी और पासवान मोहल्ला में अवैध रूप से शराब की बिक्री होने से महिलाओं और बच्चों को हो रही परेशानी में राहत दिलाने की मांग की है। कोडरमा थाना पहुंची महिलाओं ने बताया कि तुरी और पासवान मोहल्ले में प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक शराबियों का जमावड़ा लगता है। इस दौरान शराबी अभद्र भाषा का भी प्रयोग करते हैं और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की भी घटनाएं होती है। महिलाओं ने बताया कि शराबियों के द्वारा मोहल्ले में गाली गलौज करने से बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है। मोहल्ले की महिला जब शराब विक्रेता को मना करने जाते हैं तो उल्टे उन्हें धमकी दी जाती है। इस मामले में महिलाओं ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। मौके पर गीता देवी, सुनीता देवी, पार्वती देवी, संगीता देवी, मंजू देवी, सुशीला देवी, ममता देवी, जगदीश तुरी, सुरेंद्र तुरी, मुन्ना तुरी, सूरज कुमार, विजय दास, शिवम कुमार, शीला देवी, विनोद तुरी समेत कई महिला पुरुष मौजूद थे।

## त्योहारों में अफवाहों पर न दें ध्यान: एसडीपीओ



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा थाना परिसर में रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ अजीत कुमार विमल संचालन पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी ने किया। एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने कहा कि त्योहारों में अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है साथ ही सोशल मीडिया पर सरकार की विशेष नजर है इसलिए बेवजह परेशानी में नहीं पड़े उन्होंने कहा रामनवमी पर्व पर श्री राम की मर्यादा भंग न हो इसका विशेष ध्यान रखे सीओ श्रवण कुमार झा ने कहा सरकार का जो भी गाइडलाइंस है उसको पालन करना है पर्व को मिलजुल कर मनाये जाने की जरूरत है वहीं थाना प्रभारी राजेश भोक्ता ने कहा डीजे पर पूर्णतः बंद रहेगा भड़काऊ और अश्लील गानों पर प्रतिबंध है। मौके पर बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, गोरहर थाना प्रभारी सोनु कुमार, डॉ राकेश्वर कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि उमेश कुमार, उपप्रमुख प्रतिनिधि उतिम महतो, पुर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, रघुवीर महतो, मुखिया शंकर रविदास, इंद्रजीत प्रसाद, कांग्रेस नेता संतोष कुमार देव, केदार साव, पंसस युसूफ अंसारी, बिरेंद्र कुमार शर्मा, सरयू प्रसाद, दिनेश प्रसाद, उमेश यादव, त्रिवेणी यादव, संजय गुप्ता, जिवलाल साव, रीतलाल प्रसाद, रामखेलावन यादव, सुरज मोदी, नरेन्द्र सिंह, चंद्रदीप पांडेय, रहमत अंसार, राजकुमार चौधरी, भीम प्रसाद, रामेश्वर यादव, राजकुमार गिरी, मुंशी पासवान, महेश चंद्रवंशी, मुकेश राय, राजेश मंडल, त्रिवेणी यादव, उमेश यादव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**बरही (आजाद सिपाही)।** कोल्हुआकला गांव के 22 वर्षीय सागर कुमार का शव बराकर नदी से बरामद हुआ। उसके पिता प्रकाश दास ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए उसके तीन दोस्तों पर सागर की हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया है। सागर मंगलवार को अपने घर से 2 बजे दिन में अपने तीन दोस्तों के साथ निकला था। उसके दोस्त बादल गिरि ने शादी का कार्ड वितरण करने की बात बोलकर उसे अपनी बाइक से साथ ले गया था। शाम 5 बजे सागर के ही फोन से बादल गिरि ने कोल्हुआकला गांव के राहुल दास को बुलाया और सागर के नदी में डूबने की बात बतायी। राहुल ने फोन कर घरवालों को सूचना दी कि सागर नदी में डूब गया है। सूचना मिलते ही घर और गांव के लोग घटना स्थल पहुंचे और नदी में उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं अता-पता नहीं चला। इसके बाद गांव वालों ने बरही थाना को इसकी जानकारी दी। पुलिस प्रशासन के लोग भी आए और अधिक शाम होने के कारण लौट गये। 2 अप्रैल बुधवार को सुबह 7 बजे परिवार और गांव के लोग बराकर नदी पहुंचे, जहां सागर का शव पानी के उपर पाया गया। सागर के शरीर में अंडरवियर के अलावा कुछ नहीं था। उसके शव के बायीं ओर गर्दन पर रस्सी का दाग और सिर पर चोट का निशान था। उसके पिता प्रकाश दास ने अपने आवेदन में कहा है कि उन्हें विश्वास है कि बादल गिरि और उसके दो अन्य दोस्तों ने मिलकर उसके पुत्र सागर की षड़यंत्र के तहत हत्या कर दी।

## मारपीट को लेकर कोनरा मुखिया ने अपने पति के खिलाफ की शिकायत

**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही थाना अंतर्गत कोनरा पंचायत की मुखिया यास्मीन तबस्सुम ने मारपीट को लेकर अपने पति मो ताजुद्दीन के खिलाफ बरही थाना में आवेदन दिया है। आवेदन के माध्यम से उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल की मध्य रात्रि करीब 1 बजे मेरे पति मो ताजुद्दीन पिता मो अजीज शराब के नशे में घर पहुंचे और जबरदस्ती मेरे साथ यौन संबंध बनाने का प्रयास करने लगे। उन्होंने बताया कि 20 मार्च 2025 के मेरे पति मुझे तलाक दे दिए थे, जिसकी जानकारी मैंने अपने सास-ससुर और अपने संबंधियों को दिया। जिसके बाद सामाजिक बैठक कर हमलोग दोनों को अलग कर दिया। जिसके बावजूद मो ताजुद्दीन मेरे साथ जबरदस्ती संबंध बनाते थे, और जब मैंने इस बात का विरोध किया तो मेरे पति मो ताजुद्दीन पिता मो अजीज, ससुर मो अजीज पिता स्व जमिल अहमद, ननद समीना खातून पति मो कयूम, नंदोशी मो कयूम, भगिनी जोया नाज अहमद पिता मो कयूम, भगना मो अल्तमश पिता मो कयूम एवं मो शाहबाज पिता मो कयूम सभी कोनरा आजाद मोहल्ला निवासी एक साथ मेरे ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान मुझे उक्त लोगों ने मिलकर सिगरेट से दागा, फिर बाल पकड़कर मेरा सिर दीवार से पटक दिया। जब इस मारपीट में मै बेहोश हो गई तो सभी लोग मुझे मरा हुआ समझकर फरार हो गये। वहीं इस मामले में बरही थाना में 113/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है।

# पंचमी की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी

## बुलेट पर सवार महिलाएं रहीं मुख्य आकर्षण का केंद्र





**हरियाणा के प्रसिद्ध महाकाल शिव तांडव नृत्य की हुई प्रस्तुति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** सनराइज ग्रुप हजारीबाग के द्वारा रामनवमी के पंचमी के दिन हर साल की इस वर्ष भी भव्य झंडा शोभा यात्रा निकाला गया। इस बार बुधवार को सनराइज ग्रुप हरियाणा (हिसार) के प्रसिद्ध महाकाल शिव तांडव नृत्य की प्रस्तुति दिखा। हिसार के प्रसिद्ध अनिल तिलकधारी के 18 सदस्यों का ग्रुप हजारीबाग के जूलूस रूट पर शोभायात्रा में शिव तांडव की प्रस्तुति की। जिसमें विशाल नंदी के ऊपर शिव सवार थे और तांडव कर रहे थे। मानो ऐसा लग रहा था कि शिव साक्षात धरती पर उतर तांडव कर रहे हों। झांकी बुधवार के चार बजे के आस पास निकली जो जुलूस मार्ग से घूम रात्रि को समाप्त हुई। सबसे आगे छत्रपति शिवाजी महाराज के वेश में कलाकार झांकी का नेतृत्व कर रहे थे। इसके ठीक पीछे बुलेट सवार महिलाओं का दल था। इसके पीछे शिव तांडव का दल अपनी प्रस्तुति दे रहा था। झांकी में दो विशालकाय बजरंगबली का रूप धारण किये हुए कलाकार भी दिखे। झांकी की शुरुआत काली बाड़ी चौक से हुआ जो झंडा चौक, बड़ा अखाड़ा चौक, यादव बाबू चौक, पंच मंदिर चौक होते वापस काली बाड़ी चौक पहुंच सम्पन्न हुआ। शोभायात्रा का उद्देश्य श्रीराम के आदर्शों, सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रचार-प्रसार करना था।

# सप्तमी को बड़ा अखाड़ा में किया जायेगा अस्त्र-शस्त्र चालन का प्रदर्शन

**रामनवमी को और भव्य रूप देने का रहेगा प्रयास: बसंत यादव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग रामनवमी के रंग में रंग चुका है। यहां की फिजां राममय हो गया है। चारों ओर जय श्री राम, जय बजरंग बली के जयघोष से माहौल गुंजयमान हो गया है। बड़ा अखाड़ा स्थित रामनवमी महासमिति के कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। रामनवमी महासमिति के नये अध्यक्ष बसंत यादव ने इस वर्ष महासमिति के द्वारा किये जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया की परंपरा के निर्वहन के साथ-साथ, नयी-नयी चीजों का समावेश करते हुए इस रामनवमी को और भव्य रूप देने की कोशिश जारी है। उन्होंने आगे जानकारी दी की प्रत्येक वर्ष सप्तमी तिथि को बड़ा अखाड़ा में अस्त्र-शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता होती है वो इस बार भी होगी। साथ ही साथ उसी दिन हजारीबाग के रामनवमी में योगदान देने वाले 101 बुजुर्गों को सम्मानित भी किया जायेगा। महासमिति विभिन्न अखाड़ा में जाकर नशामुक्त रामनवमी मनाने को लेकर लोगों को प्रेरित करेगा। सभी अखाड़ों को पारंपरिक हथियार भेंट किये जायेंगे ताकि वे जुलूस में बेहतर कला कौशल का प्रदर्शन कर सके। साथ ही रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष ने अपील करते हुए कहा की सभी श्रद्धालुगण निर्भीक होकर जुलूस देखने आये। इस दौरान पूर्व अध्यक्षों को अंग वस्त्र देकर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष बिगन लाल गुप्ता, राजकुमार यादव, अमरदीप यादव, सुनील केशरी, बिरेंद्र कुमार बिरु, सुधीर यादव, राजेश गोप, शशि केशरी, राजेश यादव, पवन गुप्ता, कुणाल यादव, जीतू यादव, पूर्व प्रमुख अशोक यादव, समाजसेवी मनोज गुप्ता, महंत विजयानंद दास समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ में निकाला गया मंगला जुलूस

**विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)। प्रखंड में मंगलवार को तीसरी और अंतिम मंगला जुलूस में रामभक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बासंती रामनवमी बजरंग दल और बजरंग दल अखाड़ा चौक के अखाड़ेधारियों की ओर से निकाला गया मंगला जुलूस गाजे-बाजे और महावीरी झंडो के साथ पूरा नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान जय श्री राम, जयवीर हनुमान के नारे से पूरा प्रखंड गूंजता रहा, परंपरागत हथियार से लैस अखाड़े धारी चौक-चौराहों पर शौर्य का खूब प्रदर्शन करते नजर आये, साथ ही लाठी, तलवार का जमकर करतब दिखाया। चैती दुर्गा मंदिर प्रांगण से बासंती रामनवमी बजरंग दल की शोभा यात्रा पूजा अर्चना कर अस्त्र-शस्त्र का परिचालन करते हुए अंबेडकर चौक, अखाड़ा चौक, गोला चौक होते हुए चैती दुर्गा मंदिर पहुंचकर समापन किया गया। वहीं बजरंग दल अखाड़ा चौक दुर्गा मंदिर प्रांगण से गोला चौक होते हुए चैती दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंचकर समापन किया।**

# मीडिया कर्मियों को दी गयी तलवार और कलम

**नशामुक्त रामनवमी मनाने का किया आह्वान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** रामनवमी संरक्षण समिति, हजारीबाग के तत्वावधान में मंगलवार को बड़ा अखाड़ा परिसर में प्रेस और मीडिया कर्मियों के सम्मान सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रशांत प्रधान ने की। सम्मान समारोह के दौरान मीडिया कर्मियों को तलवार, गमछा और कलम देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं और वे जनता तक सही और सटीक जानकारी पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि रामनवमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि शक्ति, समर्पण और आस्था का प्रतीक है, जिसे बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। समिति हर वर्ष इस तरह के आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करती है। प्रशांत कुमार प्रधान ने जानकारी दी कि अष्टमी के दिन अखाड़ा धारियों को बड़ा अखाड़ा परिसर में लाठी और तलवार भेंट की जायेगी। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसका उद्देश्य युवाओं में जोश और परंपराओं के प्रति सम्मान बनाये रखना है। उन्होंने कहा कि रामनवमी जुलूस में शामिल होने वाले अखाड़ा धारी इस शस्त्र पूजन को एक महत्वपूर्ण अवसर मानते हैं और इसे गर्व के रूप में लेते हैं।

**5 और 6 अप्रैल को होगा कुश्ती और कराटे का प्रदर्शन:** रामनवमी संरक्षण समिति द्वारा आयोजित आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा करते हुए प्रशांत प्रधान ने बताया कि 5 अप्रैल और 6 अप्रैल को विभिन्न राज्यों के एक दर्जन से अधिक पहलवान कुश्ती और दंगल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कराटे प्रदर्शन में विशेष रूप से बच्चों और किशोरों को शामिल करने की योजना बनाई गई है। कार्यक्रम के दौरान युवाओं से नशा से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा हमारे मन, मस्तिष्क और शरीर के लिए बेहद हानिकारक है। मौके पर रामनवमी संरक्षण समिति के संरक्षक महंत विजयानंद दास, राजकुमार यादव, संरक्षक राजेश गोप, परमेश्वर प्रसाद मेहता, कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान, महामंत्री ओम प्रकाश गोप, अजय कुमार साव लब्बू गुप्ता, बप्पी करण, ओम प्रकाश सिन्हा समेत कई उपस्थित थे।

## मुस्लिम समाज के लोगों ने लिया बड़ा फैसला

# यज्ञ के दौरान मांस का सेवन नहीं करेंगे बादम के लोग

पिंटू कुशवाहा दिनकर



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बादम में जामा मस्जिद के प्रांगण में हिंदू-मुस्लिम बुद्धिजीवी वर्ग की विशेष बैठक हुई। बैठक में बादम पंच वाहिनी मंदिर के पास होने वाले श्री श्री 1008 शतचंडी महा यज्ञ को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गयी। इस दौरान हिन्दू समाज के लोगों ने कहा के बादम में कभी भी यज्ञ नहीं हुआ है। हमलोग मुस्लिम समाज से यज्ञ को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सहयोग की अपेक्षा करते हैं। यज्ञ की पवित्रता के लिए जरूरी है के क्षेत्र में मांस, मुर्गी, मछली और शराब का सेवन न हो। जिसपर मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा के अगर आप हमें भाई मान कर सहयोग के लिए आए हैं तो हमारा दायित्व है के हम अपने भाई का सहयोग करें। हमारे बाप दादा इसी गांव में भाईचारगी से साथ रहते आए हैं और उनकी विरासत को संभाल के रखना हम सब की जिम्मेवारी है। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने आश्वस्त किया के यज्ञ के दौरान मुस्लिम मुहल्ले में न ही जीव हत्या होगा न ही मांस, मुर्गी, मछली का सेवन होगा। हमारे मुहल्ले में शराब न ही बनता है और न ही बिकता है। इस लिए आस पास जहां भी शराब बनता या बिकता है उसकी बंद करवाने के लिए हिन्दू समाज के बुद्धिजीवी वर्ग को आगे आना होगा। यज्ञ 29 अप्रैल से शुरू होगा और 7 मई को समाप्त होगा। 27 अप्रैल से 8 मई तक मुस्लिम मुहल्ले में मांस, मछली का सेवन बंद कर दिया जायेगा। यज्ञ के दौरान कोई असमाजिक तत्व किसी तरह का गलत कार्य करता है तो उसके लिए पूरे समाज को दोषी न माना जाये। कोई भी गलत कार्य करता है तो उसे दोनों समाज के लोग मिल कर दंडित करें। यज्ञ के लिए मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा भी चंदे के रूप में आर्थिक सहयोग किया जायेगा। जैसे अभी हमलोग भाईचारगी दिखा रहे हैं वैसे आगे भी इस भाईचारगी को कायम रखा जायेगा यही हमलोग कामना करते हैं। मौके पर मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य राजा खान, पंचायत समिति प्रतिनिधि संतोष महतो, उप मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुशवाहा, बादम अंजुमन सदर मो मोकीत उल्लाह, सचिव शहंशाह खान, शेख अबदुल्लाह, समाजसेवी गौतम वर्मा, नरेश साव, हाजी अजहर इमाम, जमाल सगीर, टिकेंद्र महतो, प्रकाश राम, प्रमोद कुमार, मोदस्सर खान, नसीब खान, विक्रम गुप्ता, गोविंद महतो, संजय कुमार, कैलाश कुमार, त्रिवेणी महतो, ज्ञानी महतो, जावेद हुसैन, शहीद अहमद, मिसबाहुल इस्लाम, गुड्डु कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## गिरफ्तारी के डर से दुष्कर्म के आरोपी ने खाया जहर, रिम्स में हुई मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गिरफ्तारी के डर से दुष्कर्म के आरोपी वृद्ध (65 वर्षीय) ने जहर खा लिया। मंगलवार की देर रात रिम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पहले उसे हजारीबाग रेफर किया गया था। लेकिन बाद में उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर किया गया था, जहां उसकी मौत हो गयी। मृतक कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-26 बेलाटांड़-2 का रहने वाला था। बुजुर्ग पर पांच और सात साल की दो बच्चियों से दुष्कर्म करने का आरोप था। मंगलवार को पीड़ित बच्चियों के परिजन तिलैया थाना पहुंचे थे। थाने में केस दर्ज होते ही पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची। लेकिन पुलिस के आने से पहले ही उसने गिरफ्तारी के डर से कीटनाशक खा लिया। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ गयी। आनन-फानन में उसे कोडरमा सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हजारीबाग रेफर कर दिया। बाद में उसे रिम्स रेफर किया गया, जहां मंगलवार की देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

## झामुमो के 46वें स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर अध्यक्ष ने किया बड़कागांव का दौरा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की 4 अप्रैल को हजारीबाग जिला स्कूल प्रांगण में 46वें स्थापना दिवस मनाने को लेकर बड़कागांव का दौरा किया। कई पंचायत में जाकर झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर स्थापना दिवस में आने की निमंत्रण दिया गया। संजय सिंह ने बड़कागांव प्रखंड के अलावा केरेडारी और कटकमदाग का भी दौरा किया। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस को लेकर तैयारी लगभग पूरी हो गयी है। इस कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद विधायक मथुरा प्रसाद, झामुमो केंद्रीय महासचिव सह मंत्री दर्जा प्राप्त विनोद कुमार पांडे, झामुमो केंद्रीय महासचिव सह दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा और झामुमो हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया उपस्थित होंगे। दौरा में मुख्य रूप से झामुमो मीडिया प्रभारी सह जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुईयां, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र बांडो, सचिव राजकुमार, पंकज करमाली, सूरज वर्मा, दीपक साव, इंद्रदेव राम, राजेंद्र भुईयां, शंकर साव, चूरामन गंझु, काली महतो, संदीप नायक, बसंत ठाकुर के अलावा अन्य उपस्थित थे।

## नशामुक्त रामनवमी मनाने की अपील की



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दि आर्ट ऑफ लिविंग हजारीबाग इकाई प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनी सेवा दे रही है। संस्था लोगों से, खासकर युवाओं से अपील करती है कि अपने जीवन से नशा को दूर करे। नशा स्वयं के लिए, परिवार के लिए, समाज के लिए,राष्ट्र के लिए घातक है। इसी का आह्वान करते हुए रामनवमी एकादशी तक संस्था के युवा अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके लिए योग प्रशिक्षक तारकेश्वर सोनी के नेतृत्व में स्थानीय बंगाली दुर्गा स्थान पर स्टॉल लगाया जा रहा है। संजीत अग्रवाल, रवि जायसवाल, दीपक सोनी, कुणाल सोनी, साहिल, पंकज दास, अमन, अनुकल्प जायसवाल, रणधीर चौधरी, शैलेश पाण्डेय, मुन्ना तिवारी, शांति अग्रवाल, आंचल अग्रवाल, सुरभी कसेरा, तन्मय सोनी आदि युवाओं की टीम मेहनत कर रही है।

## बड़कागांव के रामनवमी जुलूस मार्गों में बालू, गिट्टी और ईंटों की है भरमार



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न रामनवमी जुलूस के मार्गो में बालू ईंट और गिट्टी का अतिक्रमण है। इस कारण रामनवमी जुलूस के दौरान लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता सकती है। बड़कागांव में रामनवमी पर्व को लेकर अष्टमी का जुलूस 5 अप्रैल की रात महानवमी की जुलूस 6 अप्रैल और विजयदशमी का जुलूस 7 और 8 अप्रैल को बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न 13 अखाड़ों से निकला जायेगा। जुलूस मार्ग में इन दिनों अबुवा आवास और कई लोगों के निजी आवास बना रहे हैं। इस कारण सड़कों में गिट्टी और बालू घर बनाने वाले लोग गिराए हुए हैं। इसके अलावा बड़कागांव मध्य पंचायत में भीम राणा के घर के पास पुलिया टूटी हुई है। जिससे जुलूस के वाहनों का आवागमन में बाधित हो सकता है। बड़कागांव गौरव बाजार, गुरुचट्टी, बड़कागांव मध्य पंचायत के विभिन्न मोहल्ले में घर बनाने वाले लोग ईट और बालू से अतिक्रमण किये हुए हैं। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक सोनी ने काली मंदिर से लेकर ठाकुर मोहल्ला तक जुलूस मार्गो का निरीक्षण किया। कई स्थानों में बालू, ईंटें और पत्थर के गिट्टी का अतिक्रमण पाया गया। उन्होंने प्रशासन से अपील किया है कि जिन-जिन क्षेत्रों में अष्टमी, रामनवमी और विजयदशमी का जुलूस निकलता है, उन क्षेत्रों में जो लोग बालू, ईंटें और गिट्टी रख दिये हैं उन्हें शीघ्र हटवा दिया जाये। बीडीओ जितेंद्र मंडल ने बताया कि शांति समिति की बैठक में इसकी चर्चा हो चुकी है। जनप्रतिनिधियों को अतिक्रमण हटाने के लिए बोल दिया गया है। रामनवमी जुलूस मार्गो का हम लोग निरीक्षण कर लेंगे। समस्या समाधान हो जायेगा।

## बिरहोर परिवारों के बीच साड़ी का वितरण





**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** सरहुल महोत्सव के अवसर पर मंगलवार को बिरहोर समुदाय की महिलाओं के सम्मान में एक साड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी के तहत आयोजित किया गया जो कंपनी की सामाजिक जिम्मेदारी और समुदाय कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत की जिनमें परियोजना प्रमुख नवीन कुमार गुप्ता, अपर महाप्रबंधक डिस्पैच पवन रावत, अपर महाप्रबंधक माइनिंग पवन खांडवे, अपर महाप्रबंधक सीएसआर नीलमधाब स्वाइन और सिविल विभाग के उप महाप्रबंधक और स्थानीय पंचायत के प्रतिनिधि शामिल थे। कार्यक्रम में भाग लेने वाली बिरहोर समुदाय की महिलाओं ने कहा हम सभी महिलाएं चट्टी बरियातु परियोजना के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करती हैं। उनका यह दयालु और सहयोगपूर्ण प्रयास हमारे समुदाय की महिलाओं के लिए लंबे समय तक याद रखा जायेगा। बिरहोर समुदाय की महिलाओं ने परियोजना द्वारा इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया और सारोल दिवस पर इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस कार्यक्रम को एक अविस्मरणीय दिन बनाने के लिए उपस्थित अतिथियों का भी दिल से आभार व्यक्त किया।

## राधा गोविंद विवि के विद्यार्थियों को कराया शैक्षणिक भ्रमण




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ के इतिहास विभाग के स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को ऐतिहासिक शैक्षणिक भ्रमण के लिए इटखोरी चतरा तथा पद्मा किला ले जाया गया। इस ऐतिहासिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य झारखंड के ऐतिहासिक स्थलों को इतिहास के पन्नों में उजागर करना है। ताकि नई पीढ़ी के इतिहास में इन स्थलों को अंकित किया जा सके। इनको भारत के प्रमुख पुरातात्विक स्थल के साथ संरक्षित किया जा सके। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक शैक्षणिक भ्रमण झारखंड के ऐतिहासिक स्थल इटखोरी पद्मा किला एक अमूल्य धरोहर है। जो इतिहास को एक नयी दिशा देगी। संस्था के सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के लिए यादगार और ज्ञानवर्धक है। विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति प्रो रश्मि ने छात्रों को इस भ्रमण के लिए उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि यह भ्रमण छात्रों को झारखंड के इन स्थलों को नजदीक से जानने का मौका मिलेगा। जिससे यह क्षेत्र पर्यटन की दिशा में कारगर सिद्ध होगा। विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पूनम कुमारी ने बताया कि इटखोरी हिंदू जैन बौद्ध का समागम स्थल रहा है। यहां का संग्रहालय समृद्ध है। जहां बुद्ध के कई रूप के अंकन की कृति मिली है। शीतल नाथ के पैरों के चिन्ह की कृति भी मिली है। इसके साथ-साथ वामन अवतार नगर शैली के मंदिर स्तूप की आकृति जैसे कई पुरातात्विक साक्ष्यप मौजूद हैं। इन्हें इतिहास लेखन की नयी दिशा तय करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो निर्मल कुमार मंडल, वित्त और लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रण प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने सभी विद्यार्थियों के इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए हार्दिक बधाइयां दी।

## सिरका में रामनवमी की तैयारी जोरों पर

**गिद्दी (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका जीएम ऑफिस सहित पूरे डाड़ी, बुमरी, टोंगी, हेसला मनुवा, फुलसराय क्षेत्र में रामनवमी की तैयारी जोर-शोर से चल रही है, मंदिरों का रंग रोगन, प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान के प्रतिमाओं का पेंटिंग किया जा रहा है, सड़कों पर महावीरी पताके भी लगाये जा रहे हैं, पूरा क्षेत्र रामनवमी पर राममय होने के लिए तैयार हो रहा है। बच्चों से लेकर युवा बुजुर्गों तक इस बार रामनवमी को बहुत ही धूमधाम और हर्षोउल्लास से मनाने की तैयारी की जा रही है।

## सिद्धार्थ इंटरनेशनल एकेडमी में नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत



**गोला (आजाद सिपाही)।** सिद्धार्थ इंटरनेशनल एकेडमी पूरबडीह में बुधवार को नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हवन पूजा पाठ का आयोजन कर किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार किया गया। जिसमें सभी ने विद्यालय के सफलतम सत्र और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अनिल कुमार तिवारी ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से शिक्षकों और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नया सत्र न केवल नए अवसर लेकर आता है, बल्कि यह शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने का समय है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अनिल कुमार तिवारी, प्रधानाचार्या दीपा सिन्हा, उप-प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार, काउंसलर सुश्री परी सिंह और शिक्षक मनोज दास, सिद्धांत पोद्दार, पुष्पा देवी, प्रीतम रंजन, स्वेता कुमारी, टिंकू कुमार रविदास, टेकलाल महथा समेत अन्य सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर से रुपये से भरे झोले की छिनतई, जांच में जुटी पुलिस

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर विद्यावती बनर्जी पति नितिन बनर्जी बुधवार को शहर के में रोड स्थित बैंक आफ इंडिया से पैसे की निकासी कर अपने घर पतरातू बस्ती जा रही थी। इसी बीच बिजुलिया पुल शिव मंदिर के निकट बाइक सवार दो युवकों ने उनसे पैसे से भरा झोला छीनकर तेज रफ्तार से टायर मोड़ की ओर फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर रामगढ़ थाना प्रभारी सदलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। साथ ही छिनतई गिरोह का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी लेट हो चुकी थी। मामले में सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर विद्यावती बनर्जी ने आवेदन में कहा है कि 1:00 बजे बैंक ऑफ इंडिया से पैसे की निकासी कर अपने पति नितिन बनर्जी के साथ अपने घर पतरातू बस्ती जा रही थी। जब हम लोग बिजुलिया शिव मंदिर के पास से पतरातू बस्ती की ओर मुड़े तो पीछे बाइक सवार दो युवक आकर रुपए से भरा झोला जिसमें 60 हजार, पुलिस का आईडी कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड, दो एटीएम, पासबुक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक का एफडी पेपर सहित अन्य कागजात से भरा झोला छीनकर फरार हो गये।

## कौलेश्वरी महोत्सव की तैयारियां जोरों पर



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** 4 और 5 अप्रैल 2025 को आयोजित दो दिवसीय कौलेश्वरी महोत्सव 2025 के सफल आयोजन को लेकर कौलेश्वरी प्रबंधन समिति के सदस्यों ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पत्रकारों को बताया कि राजकीय कौलेश्वरी महोत्सव में स्थानीय कलाकारों, राज्य स्तर के कलाकार चयन कर लिया गया है। जिसमें राजकीय कौलेश्वरी महोत्सव के पहले दिन 4 अप्रैल को संध्या 7 बजे महोत्सव के चतरा सांसद सह कालीचरण सिंह मंदिर में दर्शन-पूजन करने के पश्चात महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन में मुख्य अतिथियों द्वारा बारा के मलाह और शेरघाटी नगरपालिका सफाई कर्मियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया जायेगा। 8 बजे से 12 बजे रात्रि तक लोकगीत के प्रसिद्ध गायिका डिंपल भूमि और स्थानीय कॉमेडियन, अपना जलवा बिखरेंगे। दूसरे दिन यानि 5 अप्रैल की संध्या 5 बजे तक झांकी और 8बजे से 12 बजे तक लोक कलाकर कुमार सतीश एंड महावीर मंदिर पटना ग्रुप द्वारा लोकगीत, के अलावे स्थनीय कलाकार देवदर्शी सहित कई कलाकर अपना जलवा बिखेरेंगे। उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कौलेश्वरी विकास प्रबंधन समिति सदस्य कौशलेंद्र सिंह, सदस्य अमरेन्द्र कुमार केशरी, पूर्व जिला परिषद सदस्य जय हिंद पासवान, पूर्व चेयरमैन अनिरुद्ध सिंह, बिट्टू सिंह, आदि दर्जनों लोग मौजुद थे। चतरा विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास, सम्मानित अतिथि चतरा पूर्व लोकसभा सांसद सुनील सिंह, झारखण्ड सरकार पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, गरिमामयी उपस्थिति जिप सदस्य अध्यक्ष ममता कुमारी, हंटरगंज प्रमुख नीलम ममता कुमारी आदि प्रशासनिक अधिकारी मौजुद थे।

# राम-लखन हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

**यज्ञ से मानव समाज का कल्याण और जीवन में सुख समृद्धि मिलती है: सुधा देवी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के बड़कीपोना में श्री श्री 108 राम लखन हनुमत प्राण प्रतिष्ठा पंच दिवसीय महायज्ञ भव्य कलशयात्रा के साथ ही बुधवार को शुरुआत हो गयी। कलश यात्रा में 525 महिलाएं और कुंवारी कन्याओं ने हनुमान मंदिर से कलश के साथ दामोदर नदी पहुंची और वहां से जल संकल्प करा कर कलश यात्री यज्ञ स्थल पर पहुंची। यज्ञाचार्य सत्येंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद शंखनाद के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान बाजे गाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गयी। वैदिक मंत्रोचारण के साथ यज्ञाचार्य यज्ञ मंडप में प्रवेश किये। कलश शोभा यात्रा में महिला-पुरूषों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी, पूर्व पार्षद गोपाल चौधरी, आजसू पार्टी युवा नेता पियूष चौधरी शामिल हुए। जानकारी के अनुसार 4 दिन तक चलने वाल इस महायज्ञ में बनारस, प्रयागराज, अयोध्या से यज्ञ के लिए आचार्यों को बुलाया गया है। यज्ञ मंत्रोचारण से पूरा माहौल गुंज उठेगा। यज्ञस्थल के चारों ओर विभिन्न देवताओं की प्रतिमा बनी हुई है। 2 अप्रैल से लेकर 6 अप्रैल तक यज्ञ की आयोजन होगी। मौके पर अमृतलाल मुंडा, अरविन्द कुमार सिंह, शम्भु कुमार, विद्यासागर कुशवाहा, निर्मला देवी, प्रदीप कुमार जीतभन महतो, रामनारायण महतो, रामध्यानी दांगी, लालकिसून महतो, नंदकिशोर दांगी, वेदप्रकाश वर्मा, अमृत कुमार, कृष्ण मुरारी, पवन कुमार, प्रदीप मुंडा, भीष्मदेव दांगी, लालदेव महतो, दिलीप रविदास, रामचंद्र महतो, शिशुपाल कुमार, प्रीतम कुमार, सरिता देवी, प्रो. मीणा मुंडा, पुनम देवी, तारा कुमारी, पिंटू कुमार, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## होप अस्पताल में न्यूरो और किडनी के रोगियों का इलाज करेंगे ऑर्किड अस्पताल के चिकित्सक

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के रांची रोड स्थित होप हॉस्पिटल में न्यूरो और किडनी के रोगियों का इलाज आर्किड मेडिकल सेंटर के चिकित्सा करेंगे। बुधवार से आर्किड मेडिकल सेंटर के चिकित्सकों ने होप हॉस्पिटल में ओपीडी सेवा देनी शुरू कर दी है। हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को मरीज का इलाज होगा। ओपीडी का शुभारंभ न्यूरोसर्जन और स्पाइन सर्जन डॉ जीतेश मीधा, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ शालिनी प्रिया और डॉ आशु मल्होत्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व दोनों चिकित्सकों को हॉप हॉस्पिटल के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया।

**शरीर को निरोग रखने के लिए क्वालिटी आफ हेल्थ जरूरी :** डॉ जितेश मिधा ने बताया कि स्पाइन और ब्रेन से जुड़ी कोई भी तकलीफ हो तो वह आकर मिल सकते हैं। लेकिन ऐसी किसी बीमारी और सर्जरी के नौबत ना आये इसके लिए जागरूक रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि जब भी आपको चोट लगती है तो डॉक्टर याद आते हैं। लेकिन समय पर डॉक्टर से मिलना बेहद जरूरी है। अगर किसी को सर में दर्द होता है और वह अगर नॉर्मल नहीं है, तो न्यूरो सर्जन से जरूर मिलना चाहिए। कई बार पैर में सूजन, कमर में दर्द लोगों को काफी हल्की बीमारी लगती है। लेकिन उनकी लापरवाही से बड़ी बीमारी हो जाती है। आम नागरिकों को क्वालिटी आफ हेल्थ की तरफ ध्यान देना चाहिए। अगर किसी के शरीर में कहीं भी दर्द या तकलीफ है, तो उन्हें आराम जरूर करना चाहिए। लोग लापरवाही बरतते हैं, जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ता है।

**अपनी मर्जी से दर्द की दवा खाना, खराब कर सकती है किडनी:** किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ शालिनी प्रिया ने कहा कि जागरूकता ही बीमारी को खत्म कर सकती है। किडनी की बीमारी को अगर प्रारंभिक तौर पर पकड़ना है तो लक्षण पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। चेहरे में आए सूजन, आंख के नीचे सूजन, पेशाब में झाग, कम उम्र में बीपी की बीमारी, खून की कमी, यह बताती है कि किडनी खराब हो रही है। शुगर और बीपी के मरीज को तो नियमित तौर पर चिकित्सकों से मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपनी मर्जी से दर्द की दवा खाना भी किडनी को खराब कर सकती है। मौके पर डॉ शरद जैन, डॉ सोमया जैन, दीपक जैन, मेघा बगड़िया, पंकज बगड़िया, गौतम जालान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पानी लेने के विवाद में दंपति पर हमला

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के उरैली पंचायत अंतर्गत धरधारा गांव में जलमीनार को लेकर हुए विवाद में बुजुर्ग दंपति को मारपीट कर जख्मी कर दिया गया। घायल बुजुर्ग दंपति को बेहतर इलाज के लिए गया रेफर कर दिया गया है। इस संबंध में बेचन दास हंटरगंज थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। लिखित आवेदन के अनुसार धारधारा गांव में बुधवार शाम 5 बजे बालेश्वर भुईयां, ललिता देवी, गुड्डी देवी, फूनी कुमारी, कलेश भुइया, चंदन भुईयां कारू भुईयां मनोज भुईयां, नीरज भुईयां और उर्मिला देवी पर मारपीट का आरोप लगाया गया है। बेचन दास ने आरोप लगाते हुए बताया कि जलमीनार के पानी को लेकर गांव के ही बालेश्वर भुईयां विवाद करते रहता था। इसी दौरान उक्त 10 नामजद लोग मेरे दरवाजे पर आए और हमलोगों को गाली-गलौज करने लगे। जब हम सभी परिवार के लोग घर से निकले तो उक्तलोगों द्वारा मारपीट करने लगे। जिससे मैं अचेत होकर गिर गया वही मेरे पत्नी और पुत्रवधू को उक्त लोगों ने मारकर घायल कर दिया। इधर ग्रामीण चीखने की आवाज सुनकर उनके घर पहुंचे और घायलावस्था में हमलोगों को हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार वृद्ध दंपति में पति का सिर फट चुका है वहीं पत्नी का बायां पैर टूट चुका है। इधर दूसरे पक्ष के लोगों का कहना है कि जलमीनार को कब्जा करने कोशिश किया जा रहा था। पुलिस हर एक पहलू की जांच कर रही है।

## डाकघर के एबीपीएम को दी गयी विदाई



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड क्षेत्र के कोतो बीओ में कार्यरत एबीपीएम जलेश्वर महतो बुधवार को सेवानिवृत हो गये। उन्हें पीटीपीएस उपडाकघर में एक समारोह का आयोजन कर विदाई दी गयी। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए उप डाकपाल राहुल सोनी ने श्री महतो की कार्यकुशलत और व्यक्तित्व का बखान करते हुए कहां की वे हमेशा विभाग के लिए इमानदारी पूर्वक कार्य में तत्पर रहे हैं। इस मौके पर जलेश्वर महतो को माला पहनाकर और शांल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर ग्रामीण जन सेवक संघ के सचिव शैलेंद्र कुमार सिंह, दिलीप कुमार, दिनेश कुमार, चंदन महतो, नीतीश कुमार, नारायण कुमार, सुनील कुमार, प्रजापति अमरेश कुमार, जबरा मुंडा, पूनम कुमारी, धूरण मुंडा, विजय गोप सहित कई लोग मौजूद थे।

## शांतिधारा फाउंडेशन ने पंचमुखी हनुमान मंदिर में दिये चावल



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शांतिधारा फाउंडेशन ने स्थायी प्रकल्प चावल सेवा के तहत बुधवार को लोहार टोला स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में 54 किलो चावल दिये। इस संबंध में शांतिधारा फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश पी अग्रवाल और कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार अग्रवाल ने बताया कि विभिन्न संस्थाओं के द्वारा संचालित दिव्यांग विद्यालयों, वृद्धा और अनाथालय में समय समय पर चावल सेवा प्रदान की जाती है। पंचमुखी हनुमान मंदिर कमेटी के द्वारा प्रत्येक शनिवार को दोपहर में लगभग तीन सौ लोगों के बीच खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया जाता है। जिससे लोग लाभान्वित होते हैं। चावल सेवा के मौके पर मंदिर कमेटी के विनोद जायसवाल, राजकुमार अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, टोनू जायसवाल, लक्ष्मण जायसवाल सहित कई लोग शामिल थे।

## मांडू में 51 वर्षों से मनायी जा रही है रामनवमी

**1976 से मांडू में चैती दुर्गा पूजा की हुई शुरुआत**

दीपक कुमार

**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू और इसके आसपास के क्षेत्र में रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा की धूम है। मांडू में 51 वर्षों से महारामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। वर्ष 1974 में मांडू चट्टी निवासी बाढ़ो साव के वंशजों के द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से एनएच 33 के किनारे एक खपरैल मकान में हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की शुरुआत की। साथ ही उन्होंने मंदिर के लिए भूमि दान भी दिये। आरंभिक दिनों में यह त्योहार शांति, सौहाद्रपूर्ण और भाईचारगी के माहौल में आयोजित होते आ रहा है। समय के साथ-साथ त्योहार की भव्यता बढ़ती गयी।



मांडूचट्टी में आसपास के गांव से सैकड़ों झंडा आते हैं, और सामूहिक रूप से लोग जुलूस में अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते हैं। पूजा समिति के पदाधिकारी पूजा को भव्य बनाने में लगे हुए हैं। कलश स्थापना के दिन से ही मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। रामनवमी पूजा समिति मांडू चट्टी, श्री श्री पड़ाव दुर्गा पूजा समिति मांडूडीह और सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति मांडूबस्ती द्वारा कलश स्थापना के दिन से ही एनएच 33 को महावीरी झंडों से पाट दिया गया है। वर्ष 1976 से मांडू में लगातार हो रही है चैती दुर्गा पूजा मांडू में वर्ष 1976 से चैती दुर्गा पूजा लगातार हो रही है। इसकी शुरुआत मांडू के स्वर्गीय नेमीचंद साहू ने श्री श्री पड़ाव दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर की थी। बाद में स्थानीय ग्रामीण के सहयोग से पूजा समिति का गठन का पूजा अर्चना किया जाने लगा। वहीं सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति मांडू बस्ती मंदिर में वर्ष 2024 से चैती दुर्गा पूजा का शुरुआत संजय कुमार मंडल सपत्नीक पूजा अर्चना और ग्रामीणों के सहयोग से की गयी है।

### मां दुर्गे के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की हुई पूजा-अर्चना

वासंतिक नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गे के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना पूरे विधि विधान से की गयी। श्री श्री पड़ाव दुर्गा मंदिर में आचार्य निरंजन पांडेय और आशीष पांडेय और मांडू बस्ती दुर्गा मंदिर में आचार्य वीरेंद्र पांडेय और अरुण पांडेय ने वासंतिक नवरात्र के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा पूरे विधि विधान से कराया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं संध्या बेला में मंदिरों में पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। इधर चैती दुर्गा पूजा में समितियों के द्वारा मंदिरों में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाया गया है। जिससे बजने वाले भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र राममय बना हुआ है।

भाकृअनुप- केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006, ओड़िशा, भारत
ICAR-CENTRAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA
Phone: +91-671-2367757/67; EPBX: +91-671-2367768-783 Fax: +91-671-2367663
Email: director.nrri@icar.gov.in, hoa.nrri@icar.gov.in, URL: http://www.icar-nri.in

विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 04/LA/2025-26 दिनांक/Date: 03.04.2025

**प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु सूचना/Notice for Walk-In-Interview**

प्रधान अन्वेषक, **ईएपी-416** योजना के तहत सभी योग्य उम्मीदवारों को **दो (02) लैब्रटोरी असिस्टेंट** के चयन हेतु दिनांक **22.04.2025** को भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., कटक, उड़ीसा में वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु आमंत्रित करते है। अधिक जानकारी के लिए कृपया भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., की वेबसाइट **https://icar-nrri.in/walk-in-intervew** पर जाएं।

Principal Investigator of the project **EAP-416**, invites all the eligible candidates for Walk-in-Interview for the post of **two (02) Laboratory Assistant** on dated **22.04.2025** at ICAR-CRRI, Cuttack, Odisha. For further details please visit to ICAR-CRRI website: **https://icar-nrri.in/walk-in-intervew.**

**प्रधान अन्वेषक/Principal Investigator**

## महेश धोबी ने एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हासिल किया रजत पदक



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू कोलियरी निवासी महेश धोबी ने बेंगलुरू में आयोजित 45वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। उन्होंने चैंपियनशिप में 55 से 60 वर्ष के लिए आयोजित 5 किलोमीटर वॉक में दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक हासिल किया। इस सफलता से क्षेत्र के लोग इन्हें प्रेरणा बता रहे है। वहीं, उनकी फिटनेस को देखते हुए आगामी नवंबर माह में आयोजित एशिया कप के लिए चयन किया गया। अपनी सफलता पर महेश धोबी ने कहा कि इंसान को कभी नहीं हारना चाहिए। शरीर को फिट रखने के लिए सुबह जल्दी उठकर रोजाना व्यायाम करना चाहिए। इधर, उनकी सफलता पर कोयलांचल के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिया है।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)।** वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल हो गये। घटना प्रतापपुर-जोरी मुख्य मार्ग स्थित निजंरा नर्सरी के समीप लगभग 4 बजे हुई। घायल युवकों की पहचान प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बभने गांव निवासी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने घायल युवकों के परिजनों को दुर्घटना की जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि निजंरा नर्सरी के समीप सड़क किनारे घायलावस्था में दो युवक पड़े हुए थे। जिसे स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है। एक घायल की स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घायल युवकों के परिजनों को सहायता प्रदान की जा रही है।

## राजू के परिजन का आरोप, समय पर पुलिस पहुंचती तो बच जाती जान

**लावालौंग /चतरा (आजाद सिपाही)।** सोमवार की रात थाना क्षेत्र के शिलदाग के जंगलों में ग्रामीणों द्वारा राजू की बेहरमी से पिटाई से हुई मौत पर राजू के भाई परमेश्वर गंझु ने कहा कि मेरे भाई की हत्या के लिए षड्यंत्र रचा है। मेरा भाई चोर नहीं था। वह दहाड़ी मजदूरी करता था। अपने मौसा के घर जा रहा था। ग्रामीणों द्वारा पिटाई करने पर समाजसेवियों ने लावालौंग पुलिस को रात में फोन के माध्यम से सुचित भी किया, लेकिन थाना प्रभारी ने लापरवाही किया और समय पर पुलिस टीम को घटनास्थल नहीं भेजा। उसने कहा कि समय पर पुलिस पहुंचती और उसे अपने कब्जे में लेती तो शायद राजू की जान बच जाती। पीड़ित परिवार उच्च पदाधिकारियों से जांच कर सभी दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/चक्रधरपुर/दक्षिण पूर्व रेलवे नीचे उल्लिखित निविदा संख्या जिसे **21.04.2025 को अपराह्न 3.00 बजे** खोला जाना निर्धारित है, के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **क्रम संख्या: 1। निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-142, दिनांक 01.04.2025। कार्य का नाम:** कुनकी-मानीकुई स्टेशनों के बीच पुल संख्या 335 अप और डाउन के लिए रिगार्डिंग, लॉन्चिंग एवं डिलॉन्चिंग गार्डरों के लिए एस एंड टी कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 45,65,395.68। **बयाना राशि:** ₹ 91,300। **पूरा करने की अवधि:** 03 (तीन) महीना। **क्रम संख्या: 2। निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-143, दिनांक 01.04.2025। कार्य का नाम:** एसएसई/टेली/राउरकेला के अधीन परिचालन हेतु 1 टन की क्षमता के 1 अदद ट्रक का नियोजन। **निविदा मूल्य:** ₹ 17,80,733.55। **बयाना राशि:** ₹ 35,600। **पूरा करने की अवधि:** 36 (छत्तीस) महीना। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किये जाएंगे। (PR-11)

**कोर्ट नोटिस**

न्यायालय में,
प्रधान जिला न्यायाधीश, गढ़वा
सिविल अपील संख्या 07/2022
गोरखनाथ शुक्ल ......अपीलांट
बनाम
झारखण्ड सरकार एवं अन्य ..
प्रतिवादीगण
नोटिस बनामः-
(1) सुपरिटेंडिंग इंजीनियर, एन.आर.ई.पी. गढ़वा
(2) सुरेन्द्र चौबे (ठेकेदार) पिता नंद कुमार चौबे, सा० मुहल्ला- पिपरा कलां, गढवा, पो॰थाना॰जिला-गढ़वा (झारखण्ड)

बजरिए इस नोटिश के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि अपीलांट के द्वारा आपके विरूद्ध दाखिल इस अपील में आप अनेक बार नोटिस के बाद भी हाजिर नहीं हो रहे हैं, अतः आप नियत तिथि 25.04. 2025 को समय सुबह 07:00 बजे दिन में इस न्यायालय में स्वयं या बजरीय सक्षम पैरवीकार उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय सुनवाई की जायेगी।

"इसे सख्त ताकिद जानें"

आज दिनांक 19.03.25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी की गयी।

हस्ताक्षर
प्रधान जिला न्यायाधीश,
गढ़वा (झारखण्ड)

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**

**संख्या: RP/ECR/DNR/EL/PMS/GMO-PTRU**
**दिनांक–28.03.2025**

**1. कार्य का नाम एवं स्थान :** Request for proposal (RFP) appointment of project management services (PMS) for "Design, Supply, Erection, Testing & commissioning of 132/2x25 KV Traction sub-station along with SP/SSP's between Gomoh-Patratu Section in connection with raising loading capacity upto 3000MT under East Central Railway **2. कार्य का अनुमानित लागत :** रूपये 63148809.53/–, **3. निविदा फार्म की किमत:** रूपये 0.00, **4. आवश्यक बयाना राशि :** रूपये 465800.00/–, **5. निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक–20.05.2025 निविदा खुलने की तारीख एवं समय–दिनांक 03.06.2025 को 15:00 बजे।, **6. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in, वेबसाइट पर देखा जा सकता है।, **7. पता एवं अन्य जानकारी :** मुख्य विद्युत अभियंता / रेल परियोजना/ दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट–खगौल जिला–पटना, पिन–801105

**उप मुख्य विद्युत अभियंता**
**रेल परियोजना दानापुर**
पीआर/0003/डीएनआर/ईएलसीटी/टी/25–26/48

# होसबोले के बयान के मायने

आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले का यह कहना कि स्वयंसेवक अगर मथुरा और काशी से जुड़े आंदोलनों में भाग लेते हैं, तो संगठन को आपत्ति नहीं होगी, संघ के पिछले स्टैंड से उलट है। होसबोले ने हालांकि सामाजिक कलह से बचने की बात कही और यह भी साफ किया कि संघ ऐसे किसी आंदोलन का हिस्सा नहीं बनेगा। लेकिन, उनकी बातें विरोधाभासों से भरी लगती हैं और इससे सामाजिक समरसता बनाने में कोई मदद नहीं मिलेगी। होसबोले ने 1984 का हवाला दिया कि उस समय विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) और साधु-संतों ने तीन मंदिरों का मुद्दा उठाया था। अब जब वह कह रहे हैं कि संघ काशी, मथुरा के मंदिरों का मुद्दा उठाने पर आपत्ति नहीं करेगा तो जाहिर है, इसका यह मतलब निकाला जायेगा कि उन्होंने अपने स्वयंसेवकों को इजाजत दे दी है। यह संघ प्रमुख मोहन भागवत के उस रूख से बिल्कुल अलग है, जिसमें उन्होंने कहा था कि हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग तलाशना सही नहीं है, और यह भी कि अब कोई आंदोलन नहीं होगा। असमंजस बढ़ाने वाला भागवत ने पिछले साल दिसंबर में भी मस्जिदों को लेकर उठ रहे विवाद को शांत करने का प्रयास किया था। तब उन्होंने कहा था कि, 'राम मंदिर निर्माण के बाद कुछ लोगों को लगता है कि वे नयी जगहों पर इसी तरह के मुद्दों को उठा कर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं। यह स्वीकार्य नहीं है।

**होसबोले ने हालांकि सामाजिक कलह से बचने की बात कही और यह भी साफ किया कि संघ ऐसे किसी आंदोलन का हिस्सा नहीं बनेगा। लेकिन, उनकी बातें विरोधाभासों से भरी लगती हैं और इससे सामाजिक समरसता बनाने में कोई मदद नहीं मिलेगी।**

जब संघ प्रमुख ने एक स्पष्ट रेखा खींच दी थी, तय होसबोले का बयान असमंजस बढ़ाने वाला है। संघ कार्यकर्ता क्या समझें, कि उन्हें भागवत की लाइन पकड़नी है या होसबोले की? राम मंदिर निर्माण के बाद लगा था कि मंदिर-मस्जिद का मुद्दा खत्म हो जायेगा, लेकिन हर कुछ दिन बाद एक नयी जगह विवादों की जद में आ जा रही है और यह सब हो रहा है। Places of Worship Act, 1991 के होते हुए। इसकी वजह इस एक्ट की 2022 में की गयी वह अतिरिक्त व्याख्या है, जो सुप्रीम कोर्ट ने की थी, तब शीर्ष अदालत ने कहा था कि किसी पूजास्थल का धार्मिक स्वरूप नहीं बदला जा सकता, लेकिन धार्मिक स्वरूप की जांच करने से कानून नहीं रोकता। कानून की इस अतिरिक्त व्याख्या ने विवादों की बाढ़ ला दी। अब इसी की आड़ में तमाम जगह सर्वे की मांग उठ रही है। ऐसे माहौल में होसबोले के बयान से बात संभलेगी नहीं, बल्कि और बिगड़ जायेगी और इससे यह जरूरत भी जाहिर होती है कि सुप्रीम कोर्ट को वर्शिप एक्ट से जुड़े मामलों का निपटारा जल्द से जल्द कर देना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**मुस्लिम महिलाएं भी चाहती हैं कि उनकी समान भागीदारी का रास्ता खुले। कोई भी समाज अपनी महिलाओं को पीछे रख कर आगे नहीं बढ़ सकता, लेकिन वे कट्टरपंथी भला इसका समर्थन कैसे करेंगे, जो हमारी बहनों को तीन तलाक की बेडी से भी मुक्त नहीं होने देना चाहते थे। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीन तलाक प्रथा खत्म करने का कानून बना तो सबसे ज्यादा खुश मुस्लिम महिलाएं ही थीं। वक्फ में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने के प्रस्ताव से भी वैसी ही स्वाभाविक खुशी है। महिलाएं संवेदनशील होती हैं। उनकी भागीदारी से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा।**

# वक्फ संशोधन कानून: कौम के लिए बेहतरी का रास्ता



कौसर जहां




वक्फ बोर्ड अधिनियम में संशोधन कानून समय के अनुरूप जरूरी लदान है। आम मुसलमानों को इस मुद्दे पर भडकाने का प्रयास कर रहे कट्टरपंथी तत्व अपनी कौम और देश का बडा नुकसान कर रहे हैं। वास्तव में अगर कोई भी समाज सही दिशा में हो रहे परिवर्तन को पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर स्वीकार नहीं करता तो वह जडता का शिकार हो जाता है। समय के अनुरूप सुधार के साथ परिवर्तन ही प्रगति का सही रास्ता है। यह मुस्लिम समुदाय में अधिकांश लोगों को समझ आ गया है, लेकिन उनको भडकाने की एक सुनियोजित साजिश हो रही है। मैं तर्क सहित कई मुस्लिम विद्वानों से बात करके जानने की कोशिश कर चुकी हूं कि वक्फ सुधार से आखिर आम मुसलमान को फायदा है या नुकसान? कोई भी मुझे यह नहीं समझा सका कि देश के आम मुसलमान का एक भी नुकसान होगा। हां, आम मुसलमान के नाम पर ठेकेदारी करने वालों को इस बात का डर जरूर है कि कहीं उनकी दुकान न बंद हो जाये। उनके अवैध कब्जों की पोल न खुल जाये। जिस संपत्ति का उपयोग आम मुसलमान की बेहतरी के लिए होना चाहिए था, उसके दुरुपयोग का भांडा न फूट जाये। अपने इस डर के लिए कट्टरपंथी आम मुसलमान को ढाल बनाना चाहते हैं। मेरा स्पष्ट मानना है कि आम मुसलमान को वक्फ सुधारों से फायदा है। यह चंद लोगों के एकाधिकार को खत्म करने का प्रयास है, जिसका स्वागत होना चाहिए। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में इस पर व्यापक चर्चा हुई तो वहां भी विपक्ष और कौम का नुकसान करने का ठेका ले चुके नेताओं ने विध्वंसक एजेंडा अपनाया। इन्होंने सार्थक सुझाव के बजाय चर्चा को रोकने का प्रयास किया। फिर भी जेपीसी रिपोर्ट के बाद मेरा दृढ मत है कि जो लोग आज इसका विरोध कर रहे हैं, आज नहीं तो कल उन्हें भी यह समझ आयेगा कि यह उनकी भूल थी। यह सुधार मुस्लिम समाज की बेहतरी के लिए है। यह पारदर्शिता के लिए सुधार हैं और भ्रष्टाचार के चंगुल से मुक्त होने का रास्ता इन सुधारों में है। आज मुस्लिम समाज के बीच इस बात की छटपटाहट है कि वे कैसे स्वयं को कट्टरपंथी ताकतों के दबाव से मुक्त करके सुधारों का हिस्सा बनें। मुस्लिम समाज जड़ता से निकल कर कौम की बेहतरी का रास्ता चाहता है। वह विकास की मुख्यधारा से जुडना चाहता है।

**वास्तव में वक्फ सुधार का कदम बहुत पहले उठाया जाना चाहिए था, लेकिन देर आयद दुरुस्त आये।**

मुस्लिम महिलाएं भी चाहती हैं कि उनकी समान भागीदारी का रास्ता खुले। कोई भी समाज अपनी महिलाओं को पीछे रख कर आगे नहीं बढ़ सकता, लेकिन वे कट्टरपंथी भला इसका समर्थन कैसे करेंगे, जो हमारी बहनों को तीन तलाक की बेडी से भी मुक्त नहीं होने देना चाहते थे। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीन तलाक प्रथा खत्म करने का कानून बना तो सबसे ज्यादा खुश मुस्लिम महिलाएं ही थीं। वक्फ में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने के प्रस्ताव से भी वैसी ही स्वाभाविक खुशी है। महिलाएं संवेदनशील होती हैं। उनकी भागीदारी से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। महिलाएं निर्णय लेने की प्रक्रिया से जुडेंगी तो इस संस्था में नये विचार भी आयेंगे।

वास्तव में वक्फ सुधार का कदम बहुत पहले उठाया जाना चाहिए था, लेकिन देर आयद दुरुस्त आये। अब मोदी सरकार ने पुरानी गलतियों को सुधार कर नयी व्यवस्था के लिए जो संशोधन प्रस्तावित किये हैं, उससे वक्फ बोर्ड ज्यादा प्रभावी रूप से काम कर पायेगा। यह सच्चर कमेटी की सिफारिशों के अनुरूप है, जिसकी वकालत कभी यूपीए के लोग करते थे। वोट की राजनीति ने विपक्ष की सोचने समझने की शक्ति खत्म कर दी है।

लेकिन मोदी सरकार ने वोट के लिए नहीं, देश के लिए फैसले करने का साहस दिखाया है। वक्फ संशोधन वक्त की जरूरत है और संविधान की भावना के अनुरूप है। संविधान की बुनियाद ही बराबरी के सिद्धांत पर टिकी है। फिर महिलाओं से भेदभाव का अधिकार भला संविधान कैसे दे सकता है। जो लोग इसे धार्मिक मामलों में दखल बता रहे हैं, उन्हें यह समझना चाहिए कि यह इबादत से जुडा हुआ मामला नहीं है बल्कि संपत्तियों के प्रबंधन का मामला है। संपत्तियों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आज वक्फ को चुनिंदा लोगों के चंगुल से मुक्त करना जरूरी है। अधिनियम में संशोधन करके एक पारदर्शी, जवाबदेह और समान प्रतिनिधित्व की व्यवस्था लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। मुस्लिम समुदाय के उपेक्षित तबकों की भागीदारी का इंतजाम संशोधन में किया गया है। वहीं महिलाओं को प्रतिनिधित्व देकर मोदी जी की सरकार ने अपनी इस सोच को पुख्ता रूप से सामने रखा है कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करना है, तो महिलाओं की अनदेखी नहीं की जा सकती। उन्हें हर स्तर पर प्रतिनिधित्व देना होगा।

वक्फ की संपत्तियों का दुरुपयोग नहीं हो, उनका सही मूल्यांकन किया जाये। भ्रष्टाचार की संभावना को खत्म करके संपत्ति के अनुपात में राजस्व की व्यवस्था हो, आखिर इसमें क्या बुराई है? कोई भी बोर्ड या निकाय तभी प्रभावी होता है जब उसके संचालन और प्रबंधन में पारदर्शिता हो और जवाबदेही सुनिश्चित की जाये। यही प्रयास नये संशोधनों के माध्यम से सरकार ने किया है। कोई भी व्यवस्था बिना जवाबदेही के निरंकुश हो जाती है। नये प्रावधानों में यह व्यवस्था है कि वक्फ संपत्ति को निष्पक्ष तरीके से चिह्नित किया जाये और अगर कोई विवाद है, तो उसका समुचित कानूनी निस्तारण हो। कानून इस लोकतंत्र में सर्वोपरि है। मेरा मानना है इन संशोधनों से वक्फ बोर्ड ज्यादा सक्षम होगा। ज्यादा पारदर्शिता से काम करेगा और ज्यादा जवाबदेह होगा। आखिर कौन से लोग हैं, जो वक्फ संशोधन बिल से वक्फ संपत्तियों को रेगुलेट करने का विरोध करना चाहते हैं। नियमन से ऐसी संपत्तियों से संबंधित विवादों को निपटाने का अधिकार मिलेगा। साथ ही बिल के जरिए वक्फ की संपत्ति का बेहतर इस्तेमाल हो सकेगा और मुस्लिम महिलाओं को भी मदद मिल पाएगी। कानून बदल कर वक्फ में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई जायेगी। इसका विरोध क्या महिलाओं का विरोध नहीं है। सेक्शन-9 और 14 में बदलाव करके केंद्रीय वक्फ परिषद में दो महिलाओं को शामिल करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा नये बिल में बोहरा और आगाखानी मुस्लिमों के लिए अतिरिक्त प्रावधान होना क्यों गलत है। हम कैसे कह सकते हैं कि एक अमुक समूह का ही वक्फ पर कब्जा होगा। मेरा मानना है कि पुराना कानून मुसलमानों को बाँटने वाला कानून था। हमें एलीट सोच पर आधारित पुराने कानून की जगह सर्वसमावेशी नए कानून का स्वागत करना होगा। वक्फ बोर्ड के मैनेजमेंट में गैर-मुस्लिम एक्सपर्ट्स को शामिल करने और सरकारी अधिकारियों से वक्फ का ऑडिट कराने से वक्फ के पैसे और संपत्ति का हिसाब-किताब पारदर्शी बनेगा। इसका कोई भी आम मुसलमान भला क्यों विरोध करे? मुस्लिम मौलवी या जो भी तत्व विरोध कर रहे हैं, उनको बताना चाहिए कि मुसलमानों की शिक्षा और उनकी बुनियादी जरूरतों को बेहतर करने के लिए उन्होंने कब कोई आंदोलन किया। केंद्र सरकार अब कैग के जरिए वक्फ की संपत्ति का ऑडिट करा सकेगी। इसका विरोध वही करेगा जिसके मन में भ्रष्टाचार से बचने का खौफ हो।

कानूनी बदलाव के लिए सरकार ने जस्टिस सच्चर आयोग और के रहमान खान की अध्यक्षता वाली संसद की संयुक्त कमेटी की सिफारिशों का हवाला दिया है। आखिर यह सिफारिशें गैर मुसलमानों की तो नहीं थीं। यह पढे लिखे मुस्लिम समुदाय के नुमाइंदे थे, जो कट्टरपंथियों की नहीं कौम की बेहतरी चाहते थे। वक्फ जमीनों को जिला मुख्यालयों के राजस्व विभाग में रजिस्टर्ड कराने और कम्प्यूटर में रिकॉर्ड बनाने से पारदर्शिता आयेगी। न्याय के लिए अदालत जाने का मौका मिलेगा। नये बिल के मुताबिक वक्फ ट्रिब्यूनल में अब 2 सदस्य होंगे। ट्रिब्यूनल के फैसले को 90 दिनों के अंदर हाइकोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। आखिर विवाद से समाधान की ओर बढने का रास्ता किसे पसंद नहीं आ रहा। यह तो अच्छी पहल है।

मेरा मानना है कि मुसलमानों को गुमराह करने वाले लोग कभी भी कौम के रहनुमा नहीं हो सकते। आज वक्फ सुधारों का विरोध करने वाले लोग यह नहीं समझ रहे हैं कि वे अपनी ही कौन की तरक्की का रास्ता रोकने के लिए खडे हो रहे हैं, लेकिन दबाव के आगे कभी भी कोई सार्थक बदलाव दम नहीं तोड सकता। मेरा दृढ़ मत है कि मोदी सरकार इन भडकाने वाले तत्वों के सामने नहीं झुकेगी। देश का आम मुसलमान इन परिवर्तनों का इंतजार कर रहा है।

**(लेखिका : दिल्ली स्टेट हज कमेटी की अध्यक्ष हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

## काशीडीह रामनवमी अखाड़ा जुलूस हिंदू संस्कृति, शक्ति और सौहार्द का प्रतीक : अभय सिंह



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** काशीडीह रामनवमी मैदान से निकलने वाला ठाकुर प्यारा सिंह धुरंधर सिंह अखाड़ा समिति का ऐतिहासिक रामनवमी अखाड़ा जुलूस एवं शोभायात्रा इस वर्ष भी पारंपरिक तरीके से धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकलेगा। यह अखाड़ा विगत 90 वर्षों से हिंदू संस्कृति,शक्ति और सौहार्द के प्रतीक बन गई है। स्वतंत्रता से पूर्व यह अखाड़ा एल टाउन, साकची से निकलता था। लेकिन वहां मजदूरों के क्वार्टर बनने के बाद इसे काशीडीह मैदान से निकालने की परंपरा शुरू हुई। पहले बैलगाड़ियों पर झांकियां निकाली जाती थीं।जिसमें पारंपरिक तलवार,भाला और शारीरिक व्यायाम का प्रदर्शन किया जाता था। अखाड़े में कुश्ती, कबड्डी और आर्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन भी होता रहा। स्वर्गीय ठाकुर प्यारा सिंह ने इस अखाड़े के माध्यम से हिंदू समाज को जागरूक करने और धर्म प्रचार का कार्य किया। उनके निधन (1978) के बाद तीन वर्षों तक यह जुलूस स्थगित रहा। बाद में ठाकुर धुरंधर सिंह के नेतृत्व में यह पुनः निकाला गया। 1996 में उनके निधन के बाद से इस परंपरा को अभय सिंह के द्वारा शांति और सद्भाव के साथ आगे बढ़ाया जा रहा हैं।अभय सिंह ने बताया आगामी जुलूस का शुभारंभ रामनवमी के दिन संध्या 6:00 बजे काशीडीह मैदान से होगी। शहर के सीतारामडेरा, भालूबसा, कुम्हारपाड़ा, बाराद्वारी,साकची, मोहम्मडन लाइन होते हुए पुनः काशीडीह में समापन होगा। जुलूस में 11 भव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेगी। जिन्हें खड़गपुर और पुरुलिया के कारीगरों द्वारा सजाया जाएगा। जुलूस में विशाल आतिशबाजी व ढोल-नगाड़े के बीच लंबी कतार में भक्तगण शामिल होंगे।100 से अधिक लाइट स्टैंड रहेगी। ताकि मार्ग में किसी को असुविधा न हो।

## डीआरएम ने आदित्यपुर और कांड्रा रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** डीआरएम तरुण हुरिया ने कांड्रा और आदित्यपुर रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया।बुधवार को निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं की समीक्षा करते हुए और बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों के साथ चर्चा की। डीआरएम तरुण हुरिया ने कांड्रा रेलवे स्टेशन को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा एक्शन प्लान तैयार की जारही है। आदित्यपुर रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है ताकि टाटानगर रेलवे स्टेशन का भार कम किया जा सके। डीआरएम ने कहा स्टेशन पूरी तरह से तैयार है।लेकिन ट्रेनों के ठहराव और परिचालन का निर्णय रेलवे बोर्ड द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया एक साल के अंदर आदित्यपुर स्टेशन ऑपरेशनल मोड में आ जाएगा। मौके पर डीआरएम ने अब तक की गई तैयारियों पर संतोष जताया और स्थानीय लोगों से स्टेशन परिसर को साफ-सुथरा बनाए रखने की अपील की।

# टाटा स्टील के एफएएमडी को सर्वश्रेष्ठ एकीकृत जल प्रबंधन परियोजना के लिए मिला सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के फेरो एलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन को वॉटर डाइजेस्ट वर्ल्ड वॉटर अवॉर्ड्स 2024-25 में सर्वश्रेष्ठ एकीकृत जल प्रबंधन परियोजना श्रेणी में सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार जल प्रबंधन में उत्कृष्टता और सतत विकास की दिशा में कंपनी के अभिनव प्रयासों की पुष्टि करती है। मुख्य अतिथि जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी के द्वारा टाटा स्टील के हेड प्रोजेक्ट्स, टेक्नोलॉजी और इम्प्रूवमेंट नताशा झा को प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान की गई। टाटा स्टील के एफएएमडी ने जल संरक्षण और प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए अत्याधुनिक डिजिटल तकनीकों को अपनाया है। जल संसाधनों के सतत उपयोग और जल अपशिष्ट प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए कंपनी ने कई नवाचार किए हैं। जिनमें सेंट्रल एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट और एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन में जल पुनः उपयोग को बढ़ावा देता है। आईओटी आधारित स्मार्ट जल प्रबंधन प्रणाली में जल उपयोग की दक्षता में सुधार हुआ और रॉ वाटर की खपत में उल्लेखनीय कमी आयी। जोड़ा फेरो एलॉय प्लांट के जल संरक्षण तकनीक में जल खपत में 40% से अधिक की कमी हासिल की गई। एफएएमडी की उपलब्धि पर टाटा स्टील के एग्जीक्यूटिव इन-चार्ज ने कहा भारत एक जल-संकटग्रस्त देश है। जहां जल संरक्षण की आवश्यकता अत्यधिक महत्वपूर्ण है। हम जल खपत को न्यूनतम करने और सतत जल प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। यह सम्मान हमारे नवाचारों और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। टाटा स्टील का एफएएमडी जल संरक्षण पुनः उपयोग के अपने प्रयासों को निरंतर मजबूत कर रहा है। उद्योग में सस्टेनेबल वॉटर मैनेजमेंट का अग्रणी उदाहरण बन गया है।

# मोनालिसा द आर्ट के निदेशक राजू मुखर्जी को इंटरनेशनल आर्ट प्रतियोगिता में मिला बेस्ट पेंटिंग अवॉर्ड

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** वीरेंद्र मेमोरियल कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन दीघा के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय इंटरनेशनल आर्ट प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में जमशेदपुर के परसुडीह स्थित मोनालिसा द आर्ट के निदेशक राजू मुखर्जी को सीनियर डिवीजन में बेस्ट पेंटिंग अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मोनालिसा द आर्ट के 18 प्रतिभागी में रूम्पा चक्रवर्ती, आकांक्षा करक, आख्या करक, प्रियंका रॉय, सुमेधा घोष, रायन सरकार, इशिता रॉय, ईशा सिन्हा, अंशिका महंती, ईशान मुखर्जी, बरुण बेरा,उपासना सेन, आराध्या पाइक रॉय,त्रिशा घोष सहित अन्य को विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत सहित नेपाल, श्रीलंका, इजराइल और अन्य देशों से कुल 120 पेंटर शामिल हुए। निदेशक राजू मुखर्जी ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए बताया यह उपलब्धि उनके संस्थान और विद्यार्थियों के लिए गर्व का क्षण है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों ने विभिन्न थीम पर आधारित पेंटिंग्स बनाई, जिनमें से उनकी दो पेंटिंग्स का चयन प्रदर्शनी के लिए किया गया।इस उपलब्धि से मोनालिसा द आर्ट के विद्यार्थियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। सभी बच्चों और अभिभावकों ने संस्थान के प्रति आभार जताया और इसे प्रेरणादायक उपलब्धि करार दिया।

## टाटा मोटर्स में पूजा-अर्चना कर नये वित्तीय वर्ष की शुरुआत

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा मोटर्स में नये वित्तीय वर्ष 2025-26 के वाहनों की निर्माण से पूर्व विभिन्न डिविजनों में पूजा-अर्चना की गई। बुधवार को सुबह 10 बजे से फ्रंट एक्सल क्षेत्र में पूजा के बाद रियर एक्सल व एचबीटीएल प्रांगण में विधिवत अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस दौरान नए वित्तीय वर्ष में उत्पादन और व्यवसायिक सफलता की कामना की गई। मौके पर यूनियन महामंत्री आरके सिंह सहित सभी ऑफिस वेयर्स सहित टाटा मोटर्स के वरीय पदाधिकारियों में एके दास, सुभासिष दास, राजीव बंसल, गुलाम मंडल और डॉ. पदन उपस्थित रहे। वहीं प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजन में शामिल हुए और शुभकामनाएँ दी।

# हथियार के साथ दो गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** एमजीएम पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो अपराधियों को अवैध हथियार और गोलियों के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी में उलीडीह सुभाष कॉलोनी निवासी विश्वजीत सिंह उर्फ रॉकी और राहुल कुमार उर्फ छोटू शामिल है। पुलिस ने इनके पास से दो पिस्टल,एक देशी कट्टा, छह जिंदा कारतूस, दो मोबाइल और एक बाइक जब्त कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी तुरियाबेड़ा में एक स्कूल के पास कुछ अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो दोनों अपराधी बाइक छोड़कर भागने लगे। मौके पर पुलिस ने उन्हें खदेड़कर दबोच लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से अवैध हथियार बरामद किया गया। पूछताछ में दोनों अपराधियों ने खुलासा किया वे एक पुराने मुकदमे में पिस्तौल का भय दिखाकर समझौता करना चाहते थे। लेकिन विवाद बढ़ने के कारण 29 मार्च की रात तुरियाबेड़ा स्थित शिव मंदिर के पास लवकुश कुशवाहा पर फायरिंग कर दी। पुलिस जांच में पता चला दोनों का आपराधिक इतिहास रहा है। वे किसी गिरोह से जुड़े थे। फिलहाल पुलिस कानूनी कार्रवाई पूरी कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति की पहल पर घाटों पर मरम्मत शुरू, पर्व तक रोक लगाने की मांग



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आगामी चैती छठ महापर्व और रामनवमी शोभायात्रा के सफल आयोजन को लेकर केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति की पहल पर जिला प्रशासन ने शहर के विभिन्न घाटों पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। प्रशासन ने सफाई, लाइटिंग, सुरक्षा व्यवस्था और पुल निर्माण के अवशेष हटाने की दिशा में त्वरित कार्रवाई की। समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने प्रशासन से घाटों पर चल रहे निर्माण कार्यों को पर्व समाप्ति तक रोकने की मांग की।ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। प्रशासन ने आश्वस्त किया सभी आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूरे किए जाएंगे। इस दौरान आशुतोष सिंह, प्रमोद तिवारी, शिव शंकर सिंह, रामकुमार सिंह, संतोष कालिंदी, मनीष कुमार, बिपिन झा, विनय कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सरहुल जुलूस में डीजे प्रतिबंध का शत-प्रतिशत पालन करने पर एसडीओ ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** सोमवार को मुख्यालय में निकले सरहुल जुलूस में किसी प्रकार का डीजे का उपयोग नहीं करने पर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने आयोजकों की प्रशंसा करते हुये उन्हें साधुवाद दिया। दरअसल 1 अप्रैल को पुलिस लाइन से रंका मोड़ तक भव्य सरहुल जुलूस निकाला गया था, उक्त जुलूस में सिर्फ ढोल, नगाड़ा, मांदर आदि पारंपरिक वाद्य यंत्रों का ही प्रयोग किया गया था। इस जुलूस में किसी प्रकार के डीजे का प्रयोग नहीं हुआ था। उल्लेखनीय है कि न्यायादेश के आलोक में किसी भी जुलूस में डीजे का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबंधित है। इस सरहुल जुलूस में उक्त न्यायादेश का शत प्रतिशत अनुपालन किया गया, जो काबिले तारीफ है। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने जुलूस के आयोजक के रूप में सार्जेंट सतपाल सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। संजय कुमार ने कहा कि सांस्कृतिक महत्व के हमारे पारंपरिक वाद्य यंत्रों का प्रयोग कर इस सरहुल जुलूस ने अनुकरणीय कार्य किया है।

## मां शायर देवी धाम संचालन समिति का पुनर्गठन, विजय प्रसाद गुप्ता बने अध्यक्ष



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत की अध्यक्षता में समिति की बैठक हुई। बैठक में चल रहे पांचवा वार्षिक महोत्सव के कार्यक्रम की समीक्षा के बाद समिति के 5 वर्ष पूरा होने पर नए पंचवर्षीय समिति के गठन पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से विजय प्रसाद गुप्ता को अध्यक्ष के लिए चयन किया गया। इसके बाद समिति का विस्तार करते हुए रविंद्र प्रसाद को सचिव, मनोज जायसवाल को कोषाध्यक्ष, मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद और संजय भगत, संयोजक विनोद प्रसाद उर्फ लाला को बनाया गया। साथ ही उपाध्यक्ष के रूप में कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, महेंद्र प्रसाद, अजय प्रसाद गुप्ता, नाथून राम, रुपू महतो, प्रमोद कुमार महाजन एवं धनंजय चौधरी को चुना गया। जबकि 10 लोग संरक्षक बनाए गए हैं। वही सदस्य के रूप में 51 लोगों का चयन किया गया। बैठक के बाद बताया गया कि पंचवर्षीय समिति का कार्यकाल समाप्त होने के एक सप्ताह पूर्व ही नई कमेटी का गठन किया गया है जो 8 अप्रैल से काम करेगी।

## कोई भी समस्या का नहीं हो रहा समाधान : उमेश

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा है कि नगर परिषद गढ़वा के निवर्तमान जनप्रतिनिधि के भ्रष्ट व्यवस्था के कारण नगर परिषद वार्ड नं 17 कलवार मुहल्ला में नाली का पानी रोड पर बह रहा है। गंदगी का अंबार है। पूरे नगरपरिषद का यही हाल है। निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिनिधि सिर्फ नगर परिषद में उगाही में लगे हैं। जनता की कोई भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। ऐसे भ्रष्ट प्रतिनिधि को सबक सिखाने की जरूरत है। भाजपा नगर मंडल कार्यपालक पदाधिकारी से मांग करती है कि निवर्तमान अध्यक्ष के प्रतिनिधि को कार्यालय में घुसने नहीं दिया जाये। यह आम जनता के काम कराने के नाम पर सिर्फ.दलाली करने का काम करते हैं। महापर्व चैती छठ खरना का दिन है। इस गली से कैसे जायेंगे छठ व्रती। इस संबंध में संपर्क किये जाने पर निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिनिधि का फोन स्विच ऑफ मिला। जिसके कारण उनकी प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

## बंशीधर नगर में ऑटो इ-रिक्शा शोरूम का शुभारंभ



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय के समीप एनएच 39 पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने TASK BLESSING ऑटो ई रिक्शा शोरूम का शुभारंभ किया गया। जहां स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव, ई-रिक्शा शोरूम प्रो राइटर, चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर ई रिक्शा का उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि बढ़ती हुई तेल की महंगाई अब आम जनता को झेलनी नहीं पड़ेगी। ई रिक्शा खरीदने के लिए गढ़वा, डाल्टनगंज कही जाने की आवश्यकता नहीं है। अब श्री बंशीधर नगर में ही लोगों को सस्ती दरों पर ई रिक्शा उपलब्ध हैं। वहीं ऑटो ई रिक्शा श्री बंशीधर नगर के व्यवस्थापक चंदन कुमार ने बताया कि श्री बंशीधर नगर में यह हमारा तीसरा गति ई रिक्शा का आफिस खुला है, जो NH 75 इंडियन मिल पेट्रोल पंप के सामने डॉ शशि शेखर वर्मा के मकान में खोला गया है। मौके पर गति ई रिक्शा के संचालक चंदन कुमार, झारखंड स्टेट के डिस्ट्रीब्यूटर पंकज सोनी, डाल्टनगंज के डायरेक्टर बाबूलाल यादव, पूर्ण तिवारी, जितेंद्र पांडे आदि उपस्थित रहे।

# कांडी उप स्वास्थ्य केंद्र में साइकिल का गोदाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** अतिरिक्त उपस्वास्थ्य केंद्र कांडी एक बार फिर से अपने मूल उद्देश्य से भटकता नजर आ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए स्थापित यह केंद्र अब स्कूली साइकिलों के गोदाम में तब्दील होने जा रहा है। कल्याण विभाग द्वारा स्कूली बच्चों को वितरित की जाने वाली साइकिलों को बुधवार को ट्रक से उतारकर सीधे स्वास्थ्य केंद्र में रखा जाने लगा, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। यह पहली बार नहीं है जब इस स्वास्थ्य केंद्र को गोदाम में बदला गया हो। कुछ समय पहले भी ऐसा ही मामला सामने आया था, जब यहां साइकिलें रखी गयी थीं। तब स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के विरोध के बाद



प्रशासन को सख्त कदम उठाने पड़े थे, और अस्पताल परिसर से सारी साइकिलें हटायी गयी थीं। लेकिन अब फिर वहीं स्थिति उत्पन्न हो गयी है, जिससे यह सवाल उठता है कि आखिर किसके आदेश से अस्पताल को बार-बार गोदाम बना दिया जाता है और क्यों संबंधित अधिकारी इस पर चुप्पी साधे रहते हैं?

ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल में दवाइयों, बेड और डॉक्टरों की कमी तो पहले से ही बनी हुई है, और अब प्रशासनिक लापरवाही के कारण इसे गोदाम में बदला जा रहा है।

**प्रशासन की चुप्पी संदेहजनक**

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब पिछली बार जनप्रतिनिधियों के दबाव में अस्पताल परिसर से साइकिलों को हटाया गया था, तो फिर दोबारा ऐसी स्थिति क्यों पैदा हो गयी? क्या प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं थी या जानबूझकर इसे नजरअंदाज किया जा रहा है?

**क्या होगी आगे की कार्रवाई?**

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासन इस बार इस मुद्दे पर क्या कदम उठाते हैं। या कैसे इस समस्या का समाधान निकालना पड़ेगा, या फिर जिम्मेदार अधिकारी खुद संज्ञान लेकर अस्पताल को पुनः उसकी मूल स्थिति में लाने का प्रयास करेंगे?

# बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलकूद जरूरी है : अलखनाथ पांडेय

**आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा और ऊंचरी मझिआंव के बीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बुधवार को गढ़वा और ऊंचरी मझिआंव के आरके पब्लिक स्कूल के बीच कबड्डी, चेस और कैरम बोर्ड की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के निदेशक और गढ़वा जिला के प्रसिद्ध शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और उन्हें प्रेरित किया। अलखनाथ पांडेय ने कहा कहा कि खेलकूद से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेल बच्चों को न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि मानसिक रूप से भी उन्हें तंदुरुस्त और केंद्रित बनाये रखता है। हमारे आरकेपीएस गढ़वा और आरकेपीएस मझिआंव के बीच आज जो कबड्डी का मैच हुआ, वह सच में किसी राज्य स्तरीय मैच से कम नहीं था। खिलाड़ियों की ऊर्जा, जोश और उनकी टीमवर्क की भावना ने इस मैच को एक अद्वितीय अनुभव बना दिया। इस तरह के खेल बच्चों में अनुशासन, समर्पण और टीम भावना को मजबूत करते हैं। इस प्रतियोगिता में गढ़वा स्कूल के शारीरिक शिक्षक राजकुमार और मझिआंव स्कूल के शारीरिक शिक्षक जय गोविंद ठाकुर ने अपनी-अपनी टीमों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार किया। प्रतियोगिता के परिणाम स्वरूप, तीनों खेलों में - कबड्डी, चेस और कैरम बोर्ड - में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। विजेता खिलाड़ियों को आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा के निदेशक, शिक्षकगण और अभिभावकों द्वारा प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी ने बच्चों की मेहनत और खेल भावना की सराहना की।

# सरहुल पर्व प्रकृति की पूजा का प्रतीक है : आलोक चौरसिया

आजाद सिपाही भंडरिया

**भंडरिया।** भंडरिया प्रखंड के विभिन्न गांव नौका परभन देवस्थान जमौती बाहर भंडरिया में सरहुल पर्व धूमधाम से मनायी गयी। सरहुल पूजा समिति नौका के तत्वाधान में आयोजित नौका परभन देवस्थान पर हो रहे सरहुल पूजा में चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रकृति का पर्व सरहुल की खुशी मनाया और उपस्थित लोगों को बधाई दिया। कार्यक्रम की शुरूआत आयोजन समिति के लोगों के द्वारा नौका गांव स्थित डाड़ी कुआं, भंडरिया स्थित बघमरी नाला से जल उठाकर परभन मंदिर में बैगा पाहन ने जलाभिषेक करायी के तत्पश्चात उपस्थित महिलाओं ने साल्य वृक्ष का पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख



समृद्धि और शांति की कामना करते हुए क्षेत्र में अच्छी फसल, अच्छी वर्षा, गांव की सुरक्षा और सबके सुख समृद्धि के लिए कामना किया। कार्यक्रम में उपस्थित और मुख्य अतिथि श्री चौरसिया ने सरहुल पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति की पूजा का प्रतीक है। सरहुल की पूजा आदिवासी समुदाय के धर्मगुरु बैगा पाहन के द्वारा विधिपूर्वक विधि पुर्वक पूजा कराया जाता है। इधर हरिदास तिर्की अध्यक्षता में सरना पूजा समिति भंडरिया और सरहुल पूजा महोत्सव के बैनर तले भंडरिया दबंग चौक से इंदिरा गांधी चौक तक सरहुल पर्व को लेकर पारंपरिक गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गयी, जिसमें लोगों ने सरहुल गीत पर खूब थिरके व एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष सह पंचायत के मुखिया विनय सिंह ब्रह्मदेव सिंह कुंवर सिंह उपाध्यक्ष मंटू सिंह बालेश्वर सिंह जितन सिंह बिरजू सिंह, सरना समिति के अध्यक्ष हरिदास तिर्की, बैगा इंद्र बाखला के नाम सराहनीय है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में 2025-26 सत्र का शुभारंभ



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर में बुधवार को 2025-26 सत्र का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक और आचार्य कृष्ण कुमार पांडेय ने मां शारदे, भारत माता, ओम तथा हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया। तत्पश्चात प्रतिनिधि यजमान नेहा, सलोनी, तन्वी जोशी के द्वारा पूवाचार्य कौशलेंद्र झा के वेदध्वनि के मध्य पंचोपचार पूजन से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नंदलाल पांडेय, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, सत्येंद्र प्रजापति, नीरज सिंह, अविनाश कुमार, दिनेश, सुजीत दूबे, अशोक आदि की महती भूमिका रही।

## चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन



**मंझीआंव (आजाद सिपाही)।** लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के चिकित्सकों ने नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बकरी बाजार में एक मुफ्त चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों निवासियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गयीं। इस मुफ्त चिकित्सा जांच शिविर का उद्घाटन संजय कमलापुरी सहित अन्य डॉक्टरों ने फीता काटकर किया। शिविर में रोगों की पहचान, रक्तचाप, शुगर जांच, हृदय रोग, मनोरोग, दांत से संबंधित रोग, शिशु रोग, प्रसूति रोग और अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण और इलाज किया गया। लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज के प्रमुख चिकित्सक डॉ. संदीप कुमार, डॉ प्रभात कुमार, डॉ अभिषेक प्रसाद ने बताया, 'हमारा उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद लोगों तक बेहतर चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना है। इस शिविर के माध्यम से हम स्थानीय समुदाय को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं।'वहीं इस कार्यक्रम में संजय कमलापुरी सजन सिंह, अखिलेश विश्वकर्मा, श्रीकांत तिवारी, अखिलेश पाठक, रघुनाथ जयसवाल, डॉ धनंजय सिंह, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार ग्रामीणमंडल अध्यक्ष दीपक चौहान, लक्ष्मण सिंह सहित अन्य प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और चिकित्सकों की इस पहल की सराहना की। वहीं इस शिविर में नर्स, लैब तकनीशियन, फार्मेसिस्ट, और कॉलेज के स्टूडेंट भी शामिल थे। वहीं संजय कमलापुरी ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से न केवल आम जनता को स्वास्थ्य सेवायें मिलीं, बल्कि उन्हें नियमित जांच की महत्ता और स्वस्थ जीवन जीने के लिए आवश्यक कदमों के बारे में भी जानकारिया मिली।

## पाकेटमारी करते रंगेहाथ पकड़ाया

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार बस स्टैंड स्थित भारतीय स्टेट बैंक के नीचे एटीएम के पास से पाकेटमारी करते एक बुजुर्ग व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया. पाकेटमार की पहचान पलामू जिला के डाल्टनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भूसाही गांव निवासी लगभग 60 वर्षीय हरिहर चौधरी के रूप में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रानीतालि निवासी मुंशी चौधरी स्टेट बैंक से पैसा निकालने आये थे जब मुंशी चौधरी पैसा निकाल कर अपने पैकेट में रखे तथा कुछ देर के बाद मुंशी चौधरी एसबीआई एटीएम के पास पासबुक प्रिंट करने के लिए आये तो हरिहर चौधरी पिता खेदन चौधरी ग्राम भुसाहि के द्वारा मुंशी चौधरी के पैकेट से पैसा निकालते वक्त आस पास के लोगों ने देख लिया, तो वह भागने लगा, जिसके बाद सीएसपी संचालक तेजवंत कुमार दुबे के द्वारा पकड़ लिया गया।

## समाजसेवी ने मृतक के घर पहुंच कर सांत्वना दी, कहा- पीड़ित परिवार को 10 लाख मुआवजा और नौकरी दे सरकार



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मेराल प्रखंड के औरैया गांव टोला लिखनियां निवासी सच्चिदानंद चौधरी के 30 वर्षीय पुत्र रवि कुमार चौधरी का रूस में निधन हो गया था। मृतक के परिवार का रो रोकर हाल बेहाल है। उनकी पत्नी के अलावा दो छोटे छोटे बच्चे हैं जिसकी उम्र क्रमशः 3 वर्ष की लड़की और 6 माह का लड़का है। सचिदानंद चौधरी के दो पुत्र थे, पहला पुत्र पहले ही गुजर गये थे और दूसरा रवि कुमार अब इस दुनियां में नहीं रहा। सचिदानंद चौधरी भी पहले से दुर्घटना में पैर से लाचार हैं। चलने फिरने में दिक्कत है। महर्षि वेद व्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि परिजनों की जानकारी के अनुसार यह कंपनी की लापरवाही प्रतीत होता है कि अगर उचित समय पर इलाज हो जाता तो शायद रवि की जान बच जाती। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि घटना के बाद भी कंपनी के जवाबदेह लोग नदारद हो गये। वहां मजदूर धरना-प्रदर्शन करते रहे लेकिन सुनने वाला कोई नहीं था। अंततः सूबे के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की पहल से मृतक का शव घर पहुंचा। स्थानीय विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने भी सदन में बात रखी है। इसके बावजूद भी मृतक परिवार को उचित मुआवजा नहीं मिल पाया है। गढ़वा उपायुक्त और खासकर मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ध्यानाकृष्ट कराना चाहता हूं कि इस घटना का संज्ञान लेते हुए गंभीरता पूर्वक ठोस निर्णय लेते हुए मजदूर मृत्यु अधिनियम 1923 एवं अन्य विधि संगत मुआवजा की राशि भुगतान करायें। मौके पर शिवचंद चौधरी, सचिदानंद चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, सुरेश चौधरी, अनुज चौधरी, राजेंद्र चौधरी, जगदीश बिंद, फुलरी देवी, संगीता देवी, शशिकला देवी आदि उपस्थित थे।

## मां शायरदेवी धाम महोत्सव : 'राजा परीक्षित उर्फ कलयुग का अत्याचार' का रोचक मंचन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम का पांचवां वार्षिक महोत्सव के तीसरे दिन जय बजरंग ड्रामा पार्टी पूवार्रा टोला के स्थानीय कलाकारों द्वारा 'राजा परीक्षित उर्फ कलयुग का अत्याचार' का रोचक मंचन कर दर्शकों को काफी प्रभावित किया। सचित्र मंचन में दिखाया गया कि भगवान श्री कृष्ण के बैकुंठ चले जाने के बाद धर्मराज युधिष्ठिर अपने पौत्र परीक्षित को राजपाट सौंप कर अपने चारों भाइयों एवं माता कुंती के साथ वन में तपस्या करने चले गये। इसके बाद कलयुग का आगमन और उसका अत्याचार की कहानी दिखायी गयी। नाटक प्रस्तुति में डायरेक्टर की भूमिका डॉ लालमोहन एवं उनके सहयोगी के रूप में अरविंद मेहता के निर्देशन में रंजीत कुमार ने भगवान श्री कृष्णा, चंदेश्वर मेहता ने धर्मराज युधिष्ठिर, श्यामलाल मेहता ने राजा परीक्षित, राम जी कुशवाहा ने कलयुग, श्रवण मेहता ने माता कुंती, श्रवण बैठा ने शनि देव तथा सहयोगी के रूप में कृष्णा राम विंध्याचल जितेंद्र आदि ने शानदार अभिनय कर दर्शकों को खूब मनोरंजन कराया।

## टेंपो पलटने से पांच घायल, एक रेफर

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के टाउनशिप भवनाथपुर मुख्य पथ पर दुलहर के पास एक टेंपू पलटने से 5 लोग घायल हो गये। घायलों में अजय पाल मकरी निवासी, रीना देवी पति लक्ष्मण राम, नंदनी कुमारी, स्नेहा कुमारी तीनों अरसली निवासी और सरस्वती देवी पति दिलिप सिंह चेरवाडीह निवासी का नाम शामिल हैं। सभी घायलों को समाजसेवी सह अरसली मुखिया पति पिंटू अंसारी ने सभी घायलों को टेंपू से भवनाथपुर सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सीएचओ इंद्र किशोर विश्वकर्मा द्वारा इलाज किया गया, जहां इलाज के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए रीना देवी को गढ़वा रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के संबंध में टेंपू पर सवार लोगों ने बताया कि टेंपू चालक सामने से आ रहे टेंपू से कट मार कर निकलने में अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर कर पलट गया।

## 'कॉफी विद एसडीएम': एसडीएम ने परंपरागत बैंड और ढोल वादकों के साथ कॉफी पर किया संवाद

# ढोल-बैंड वादकों ने सुनायी व्यथा, कहा कि उनकी जीविका को ले डूबा डीजे

**आर्थिक संकट से जूझते हुए धीरे-धीरे छोड़ रहे हैं व्यवसाय, कर रहे हैं पलायन**

**लघु ऋण उपलब्ध करा कर प्रोत्साहित किया जायेगा, सरकारी योजनाओं से जोड़ा जायेगा : एसडीएम**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में बुधवार को अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत ढोल, नगाड़ा, मांदर, देशी बैंड, भांगड़ा आदि के व्यवसाय से अपनी जीविका चलाने वाले वाद्य कलाकारों को कॉफी पर आमंत्रित कर उनसे संवाद किया।

इस दौरान न केवल उनकी निजी समस्याओं को सुना गया बल्कि सभी ढोल-बैंड वादकों के समक्ष आ रही व्यावसायिक दिक्कतों और प्रशासन से उनकी अपेक्षाओं के बारे में जाना गया तथा उनसे महत्वपूर्ण सुझाव भी ल्यिे गये।

ज्यादातर आमंत्रित सदस्यों ने डीजे पर पाबंदी के निर्णय पर हर्ष व्यक्त किया, साथ ही गढ़वा में इस निर्णय के प्रभावी अनुपालन पर प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस दौरान कुछ लोगों ने क्षेत्र की विधि व्यवस्था से जुड़ी कई महत्वपूर्ण सूचनाओं और रचनात्मक सुझाव भी दिये।

**एक डीजे बीस आदमी का छीन रहा है व्यवसाय :** पंजाबी भांगड़ा संचालक सदर प्रखंड के वाल्मीकि कुमार ने कहा कि उनके भांगड़ा समूह में 20 लोग काम करते हैं किंतु जब डीजे के चलते उनका काम कम हुआ, तो इससे सीधे 20 लोगों की जीविका प्रभावित हुयी है। उन्होंने इन सभी 20 लोगों के लिए किसी सामूहिक बीमा योजना या किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ने हेतु एसडीएम से पहल करने का अनुरोध किया।

**पूंजी बढ़ाने के लिए लघु ऋण चाहिए :** गढ़वा के बिनाका बैंड के संचालक नंदलाल ने कहा कि उन्हें अपने परंपरागत बैंड बाजा व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए पूंजी की जरूरत है इसके लिए प्रशासनिक स्तर से लघु ऋण दिलवाने की पहल की जाए। उन्होंने कहा कि बच्चे और बूढ़ों के लिए डीजे समान रूप से खतरनाक है इसका बहिष्कार किया जाना चाहिए।

**मजबूरी में करना पड़ रहा है पलायन :** डंडा प्रखंड के गढौता गांव के मनोज रवि ने कहा कि परंपरागत काम घटते जाने के चलते इस व्यवसाय से जुड़े लोगों को मजबूरन रोजी-रोटी के लिए पलायन करना पड़ रहा है। मनोज रवि अमेरिका बैंड के नाम से पांच लोगों को अपने साथ जोड़कर रोजगार देने का काम कर रहे हैं।

**दो बेटों को नहीं करने दिया बैंड व्यवसाय :** गढ़वा के महेंद्र राम ने कहा कि पहले जन्मदिन, सगाई और ऐसे ही कार्यक्रमों में ढोल और बैंड को बुलाया जाता था किंतु अब इन सबका स्थान डीजे ने ले लिया है। ऐसे में उन्होंने अपने तीन में से दो बेटों को बाहर काम करने भेज दिया है क्योंकि उन्हें पता है कि अब यह व्यवसाय उनका पेट भरने के लिए काफी नहीं है, मजबूरन एक बेटा ही उनके साथ इस परंपरागत व्यवसाय से अभी जुड़ा है।

**अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया**

अंत में एसडीएम संजय कुमार ने सभी की समस्याओं और शिकायतों पर यथासंभव पहल करने का भरोसा दिया। साथ ही सभी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान दिनेश कुमार, रमेश कुमार, धीरज कुमार, अमन कुमार, रवि कुमार आदि ने भी विचार रखे।

# वेद ने जिसका प्रतिपादन किया है उस पर चलना धर्म है : आचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** श्री रामलला मंदिर सोनपुरवा गढ़वा में श्रीरामचरितमानस यज्ञ सह प्रवचन के तीसरे दिन आचार्य संजय कृष्ण शास्त्री ने कहा कि पांच कार्य कर लेने से मानव को महायज्ञ करने का फल प्राप्त हो जाता है। ये पांच कार्य अति साधारण और आसान हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन गो ग्रास यानी गौ माता को रोटी खिलाएं। ये रोटी रसोई की दूसरी रोटी होनी चाहिए। पहली रोटी अग्नि देव को समर्पित करें। दूसरा काम वृक्ष के नीचे कुछ आटा डाले ताकि चींटी को भोजन मिल सके। तीसरे कार्य के रूप में पंक्षियों को अन्न डाले, चौथा काम के रूप में मछलियों को गूथा हुआ आटा डालें और पांचवे कार्य के रूप में अतिथियों का बिना स्वार्थ सेवा



सत्कार करें। ये कार्य जीवन में बड़ा परिवर्तन ला देते हैं। सच कहिए तो यही सनातन धर्म है। आचार्य जी ने नर्क से मुक्ति का मार्ग स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रायश्चित ही आपको नर्क से मुक्त करता है और सबसे बड़ा प्रायश्चित मन को ईश्वर के चरणों में लगाना है। बच्चों का नाम रिंकी, पिंकी, गुड्डू, बबलू न रखें। राम, कृष्ण, शंकर, सीता, राधा, सावित्री रखें। इस कारण नहीं चाहते हुए भी आप ईश्वर को पुकारेंगे। कलियुग में ईश्वर के नाम मात्र लेने से कल्याण हो जाता है। किसी न किसी रूप में ईश्वर का स्मरण अवश्य करें। आचार्य जी ने धर्म की परिभाषा समझाते हुए कहा कि वेद ने जिसका प्रतिपादन किया है, उसपर चलना धर्म है। वेद स्वयं नारायण हैं। श्री संजय कृष्ण ने श्रोताओं को बिना बुलाये भागवत कथा में जाने की अपील की। कहा कि सत्संग के बिना विवेक नहीं होता है और मन को वश में करने के लिए कीर्तन की जरूरत होती है। सत्संग और कीर्तन भागवत कथा में एक साथ मिल जाते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य तन भाग्य से मिलता है। देवता भी इसके लिए तरसते रहते हैं। भागवत कथा रूपी पवित्र जल से तन दिव्य बन जाता है और उसका कर्म अलौकिक हो जाता है।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा-लोहरदगा मुख्य पथ प्रखंड कार्यालय के समीप सड़क दुर्घटना में युवक घायल हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीण और भंडरा थाना पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही गांव निवासी सुलेश गोसाई का पुत्र आकाश गोसाई (18 वर्ष) अपने केटीएम मोटर साइकिल से किसी काम को लेकर भंडरा जा रहा था। तभी भंडरा प्रखंड कार्यालय गेट के समीप अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीण और भंडरा थाना पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार कर घायल आकाश गोसाई को छुट्टी दे दिया गया।

# धार्मिक स्थल का चबूतरा तोड़ा, रोष

**एसडीओ ने अखाड़ा समिति और स्थानीय लोगों के साथ की बैठक**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार शहर के धर्मपुर स्थित बहुउद्देशीय भवन के पास बने धार्मिक स्थल के चबूतरे को नगर पंचायत ने गत मंगलवार की देर शाम जेसीबी से तोड़वा दिया। इसके बाद यह मामला तूल पकड़ने लगा। इसे देखते हुए बुधवार को प्रशासन ने थाना परिसर में लोगों की बैठक बुलायी। बैठक में लोगों ने रात के अंधेरे में नगर पंचायत द्वारा चबूतरा तोड़ने की कड़ी निंदा की। एसडीओ अजय रजक ने कहा कि वहां अब विवाद जैसी कोई बात नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह सरकारी जमीन है। संबंधित पक्षों को साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा गया है। उन्होने कहा कि समिति वहां पूजा-अर्चना कर सकेगी।

वहीं, धर्मपुर अखाड़ा समिति के सदस्यों ने दावा किया कि उनके पास भूमि के कागजात भी हैं। इस पर एसडीओ ने कहा कि उक्त स्थल पर फिलहाल किसी भी तरह के निर्माण पर रोक रहेगी। पूर्ववत स्थिति वर्तमान में बहाल रहेगी। समिति के सदस्यों ने इस पर सहमति जतायी। बैठक के बाद एसडीओ और अन्य अधिकारियों ने समिति के सदस्यों के साथ स्थल का निरीक्षण किया। बैठक में डीएसपी अरविंद कुमार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, नगर प्रशासक राजीव रंजन, थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े, श्रीरामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार, महामंत्री राजन तिवारी के अलावा अनिल सिंह, पवन प्रसाद, अनिल साहू, नीरज कुमार, बॉबी कुमार, संजीत, रवि वर्मा, रंजीत पांडेय, पंकज वर्मा, मिट्ठू, चंदन कुमार, रवि रंजन, रमन गुप्ता, वीरेंद्र प्रसाद, पुजारी त्रिभुवन पांडेय आदि मौजूद थे।

## जंगली हाथी ने दो मकान को क्षतिग्रस्त किया, बचे कई लोग

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** पीटीआर के छिपादोहर पश्चिमी रेंज स्थित मेराल गांव में बीते रविवार की रात एक जंगली हाथी ने भारी तबाही मचायी। इसबारे में उस गांव के दीपक उरांव और मोहन उरांव ने बताया कि एक जंगली हाथी रविवार की देर रात अचानक आ धमका और अनाज खाने की नियत से सबसे पहले दीपक उरांव के घर को अपना निशाना बनाया। इस दौरान घर पर उक्त हाथी के हमला होने की भनक लगते ही दीपक घर में सोए अपने अन्य परिजनों को लेकर आनन-फानन में घर से बाहर निकला और हाथी-हाथी शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुन जब आसपास के ग्रामीण वहां पहुंचे और देहाती जुगाड़ से हाथी को भगाना शुरू कर दिया। वहीं भागने के दौरान हाथी ने दीपक का भाई मोहन सिंह के खपरैल मकान को भी धक्के मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया।

## धीरज प्रसाद साहू को लातेहार कांग्रेस प्रभारी बनने पर निश्चय वर्मा ने दी बधाई



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस पार्टी के युवा नेता निश्चय वर्मा ने पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू से उनके आवास पर मुलाकात कर, लातेहार का प्रभारी बनाये जाने पर बधाई दी। इस मौके पर निश्चय वर्मा ने कहा की लोहरदगा जिला के लोकप्रिय नेता एवं हम सभी के अभिभावक धीरज प्रसाद साहू के ऊपर पार्टी ने जो विश्वास जताया है इसके लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रभारी के राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का बहुत-बहुत आभार प्रकट करते है। हम सभी कार्यकर्ताओं को पूर्ण विश्वास है कि धीरज प्रसाद साहू के लातेहार प्रभारी बनने पर निश्चित रूप से संगठन को मजबूती मिलेगी। श्री साहू मृदु भाषी एवं सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलने वाले नेता हैं। जिसका फायदा पार्टी को आने वाले समय में जरूर मिलेगा।

# लोहरदगा में 200 नगर और ग्रामीण क्षेत्र में रामोत्सव मनाने का लक्ष्य

**रामोत्सव का पोस्टर जारी**

**कार्यक्रम 12 अप्रैल तक होगा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्थानीय गुदरी बाजार हनुमान मंदिर के पास मंगला शोभायात्रा के दौरान उपस्थित अखाड़ों के बीच युवा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु, विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष रितेश कुमार, श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष विपुल तामेंड़ा द्वारा रामोत्सव का पोस्टर जारी कर रामोत्सव पर्व का शुरूआत किया गया। इसके बाद नगर के विभिन्न अखाड़ों बरवा टोली, मोटीया संघ, बी आई डी, मिशन चौक, बजरंग दल अमला टोली, थाना टोली, हटिया गार्डन, तिवारी दुरा का भर्मण कर वहां के मंदिरों तथा अखाड़ा में रामोत्सव का पोस्टर लगाकर तथा उपस्थित सनातनियों को रामोत्सव का महत्व बताकर उन्हें जागरूक करने का काम विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष रितेश कुमार द्वारा किया गया। उपस्थित लोगों के बीच राम भगवान के जन्म का महत्व बताते हुए कहा कि राम भगवान एक आदर्श पुत्र, आदर्श राजा, आदर्श पति के साथ साथ पुरुषोत्तम का मिशाल हैं। जिनका जन्म अच्छे और धर्म आधारित आदर्शों को स्थापित करने हेतु हुआ था। जहां एक ओर अपने पिता द्वारा दिये वचन को पूरा करने हेतु 14 वर्ष का वनवास काटा, तो दूसरी ओर वनवास के दौरान दुष्ट शक्तियों का संहार कर धर्म की रक्षा किये। दूसरी शब्दो मे बोल सकते हैं कि राम भगवान का जन्म ही दुष्टो का सर्वनाश करने, आदर्श समाज का निर्माण करने तथा धर्म की रक्षा करने तथा इसकी अक्षुण्यता को स्थापित करने के लिये ही हुआ था। रामोत्सव कार्यक्रम 12 अप्रैल तक होना है, जिसके अंतर्गत लोहरदगा जिला के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के दो सौ मठ, मंदिर तथा अखाड़ों में संपर्क करने का लक्ष्य रखा गया है फिर 12 अप्रैल को हनुमान जन्मदिवस को समापन्न बलोपसना के साथ किया जायेगा।

## चंदवा में ट्रांसफार्मर से तेल की चोरी

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा के प्रखंड कॉलोनी स्थित ब्लॉक कॉलोनी एवं लाइन होटल में बीती रात ट्रांसफार्मर से तेल चोरी होने की वजह से प्रखंड कॉलोनी एवं लाइन होटल में बिजली गुल है। चंदवा पावर ग्रिड के कर्मचारियों से पता चला कि बीती रात चोरों ने लाइन होटल ट्रांसफार्मर से तेल चुरा लिया है। तेल की कमी होने के कारण ट्रांसफार्मर बंद पड़ गया है। बताते चलें कि महापर्व छठ पूजा आरंभ होना है और गर्मी भी चरम पर है, जिस कारण प्रखंड कॉलोनी एवं लाइन होटल में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। साथ ही साथ पानी एवं अन्य जरूरी सामानों के लिए भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। चंदवा पावर ग्रिड के कर्मचारियों की माने तो ट्रांसफार्मर से 200 लीटर तेल की चोरी की गयी है। जब इस बारे में लाइन होटल एवं ब्लॉक कॉलोनी के लोगों ने चंदवा ग्रिड के लोगों से बात की तो उन्होंने बताया कि तेल आने के बाद ही बिजली चालू हो पायेगी।

# 17 को होगा कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** आगामी 17 अप्रैल 2025 को कुरु प्रखंड के चिरी फुटबॉल मैदान में लोहरदगा कांग्रेस की कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कई नेता, प्रदेश प्रभारी समेत प्रदेश स्तर के कई नेता शामिल होंगे। जिसमें ज़िले प्रखंड, पंचायत, बूथ स्तर के कार्यकताओं का महाजुटान होगा। जिसमें हजारों हजार की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसके साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें नागपुरी जगत के मशहूर सिंगर नीतेश कच्छप, पवन रॉय, चिंता देवी आदि भी उपस्थित होंगे। कार्यक्रम को लेकर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव तैयारी में जोर-शोर से जुट गये हैं। मौके पर कार्यकारी ज़िलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, एनएसयूआइ प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, युवा ज़िलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, कुरु बीससूत्री अध्यक्ष सदरुल अंसारी,लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष सत्यदेव भगत, कुडू प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत, कैरो प्रखंड अध्यक्ष अनिस अहमद, किस्को प्रखंड अध्यक्ष युनुस अंसारी, पेसरार ज़िलाद्यक्ष विनोद सिंह खेरवार आदि उपस्थित थे।

## पंचायत अध्यक्ष के निधन पर शोक सभा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस कमेटी ने कुडू प्रखंड अंतर्गत पंचायत सुंदरू के पंचायत अध्यक्ष महरूम शमसुल अंसारी का आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया है। वही कांग्रेस जनों ने उनके आवास पर पहुंच परिवार जनों से मिल कर सांत्वना दी। मौके पर जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि पंचायत अध्यक्ष मरहूम शमसुल अंसारी का आकस्मिक निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने पार्टी की निस्वार्थ भाव से सेवा की, उनके सहयोग को नहीं भुलाया जा सकता। वे एक कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे। विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल ने कहा कि मरहूम शमसुल अंसारी एक नेकदिल इंसान थे। उनका आकस्मिक निधन काफी दुखदायी है। उन्होंने समर्पित रूप से पार्टी में योगदान दिया। मौके पर एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, युवा ज़िलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, कुडू बीससूत्री अध्यक्ष सदरुल अंसारी, लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष सत्यदेव भगत, कुडू प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत, कैरो प्रखंड अध्यक्ष अनिस अहमद, किस्को प्रखंड अध्यक्ष युनुस अंसारी, पेसरार ज़िलाद्यक्ष विनोद सिंह खेरवार, युवा उपाध्यक्ष असलम अंसारी, मुजाहिर अंसारी, जफर इमाम आदि उपस्थित थे।

## महिलाओं ने शांति आश्रम को गाय और बछड़ा दिया



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** समाज और गरीबों के बीच सहयोगात्मक काम करने वाली महिलाओं ने मां यशोदा समिति लोहरदगा नामक संगठन बनाकर जरूरतमंदों, समाज और राष्ट्र उत्थान के लिए काम करने वाली संस्थाओं को अपने बीच में थोड़ी थोड़ी राशि जमा कर बड़ा सहयोग प्रदान करने का काम कर रही हैं। मां यशोदा समिति लोहरदगा ने गुरुकुल शान्ति आश्रम लोहरदगा के ब्रह्मचारियों और आचार्यगण के लिए सहयोग स्वरूप दुधारू गाय और बछड़े दान दिये। गाय के बच्चे का छठी आश्रम में ही किया गया। समिति की मंजू जायसवाल ने बताया कि हम समिति की महिलाएं हर महीने अपने अपने खर्च की राशि को बचाकर समाज के वंचित वर्ग अथवा लोक कल्याण के लिए कार्य कर रहे संस्थाओं को सहयोग करते आ रहे हैं। वर्तमान में समिति में कनकलता, ममता गुप्ता, आरती देवी, सीतल कर्मकार, डॉ प्रीति जायसवाल, रीता अग्रवाल, सुमन रॉय, ममता रानी अंशु खत्री, संगीता मित्तल, नेहा अग्रवाल, रश्मी अग्रवाल, दीपा पौदार, ममता बांका, अमृता अग्रवाल , लक्ष्मी मित्तल, सुभद्रा देवी आदि ने जुड़कर काम कर रहे हैं।

# एकलव्य विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में 23 विद्यार्थी सफल




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मनिका/ लातेहार।** प्रखंड क्षेत्र के एसबीआइ रोड स्थित बाल शिक्षा निकेतन आवासीय विद्यालय में बुधवार को एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 2025-26 चयनित हुए 23 विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो अभिभावक उपस्थित हुए। परीक्षा का परिणाम सराहनीय रहा। जिसमें खुशबू कुमारी प्रमंडल टॉपर, बबीता कुमारी प्रमंडल दूसरा स्थान में टॉपर सहित 23अभ्यर्थी सफल हुए। वहीं बाल शिक्षा निकेतन आवासीय विद्यालय के संचालक रवि कुमार यादव ने कहा कि शिक्षकों के लगन और मेहनत का फल है। उन्होंने कहा कि बेहतर परिणाम का श्रेय पूरे विद्यालय परिवार को दिया। श्री यादव ने कहा कि लगातार कई वर्षों से एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा में हमारे विद्यालय से शत प्रतिशत रिजल्ट आ रहा है। उत्तीर्ण होने में सफल रहे विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य की कामना की।

## नक्सली संगठन के नाम पर प्रोजेक्ट डायरेक्टर को मिली धमकी, मामला दर्ज

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** टोरी शिवपुरी रेलवे थर्ड लाइन निर्माण कार्य करा रही कंपनी साईं कृपा कंस्ट्रक्शन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर दयाशंकर सिंह को जान से मारने की धमकी दी गयी है। इस संबंध में प्रोजेक्ट डायरेक्टर दयाशंकर सिंह ने स्थानीय थाना बालूमाथ में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। श्री सिंह ने बतलाया कि टीएसपीसी संगठन के सबजोनल कमांडर कौशल जी द्वारा व्हाट्सएप कॉल करके रंगदारी की मांगा किया गया था रंगदारी नहीं देने पर टोरी शिवपुर लाइन स्थित शिवपुर रेलवे स्टेशन के पास निर्माणाधीन आरपीएफ भवन पर रविवार अर्ध रात्रि को हथियार से लैस पांच से 10 की संख्या में नक्सली निर्माण साइट पर गोलीबारी और कर्मियों के साथ मारपीट कर उत्पात मचाया है। नक्सलियों ने धमकी देते हुए कहा कि बिना संगठन को मैनेज किये काम किया तो और भी अंजाम बुरा होगा।

# ढोल, नगाड़ों और पारंपरिक हथियार के साथ निकली मंगला शोभायात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**लोहरदगा।** केंद्रीय महावीर मंडल के तत्वाधान में कल लोहरदगा नगर के उत्तरी तथा दक्षिणी क्षेत्र में विभिन्न अखाड़ों द्वारा मंगला शोभायात्रा निकाला गया। जिसमें ढोल, नगाड़ों और पारंपरिक हथियार के साथ नगर क्षेत्र के अखाड़ों द्वारा डंका बाजा, बजरंग बली की जय तथा चैता बजाकर रामोत्सव मनाया गया। इस दौरान उत्तरी क्षेत्र का अखड़ा के लोग पॉवरगंज, देवी मंदिर में अपने क्षेत्र से बाजा बजाते व खेल का प्रदर्शन करते हुए पहुंचे। जबकि दक्षिण क्षेत्र में विभिन्न अखाड़ों के रामभक्त गाजा बाजा के साथ शोक विनाशक हनुमान मंदिर गुदरी बाजार पहुंचे। जहां पर पहुंचकर सभी अखाड़ों के रामभक्तों द्वारा भगवा झंडा लहराकर, मशाल तथा छूट लाठी का खेल दिखाकर मंगला शोभायात्रा का शोभा बढ़ाया गया। बता दें कि केंद्रीय महावीर मंडल लोहरदगा को मंगला शोभायात्रा हेतु दो जोन में विभक्त किया गया है, उतरी जॉन में रेलवे साइडिंग, बाबा मठ, ब्रह्मन्डिहा, बाल्मीकि नगर, मैना बगीचा इत्यादि का अखाड़ा के लोग को शोभा यात्रा के साथ देवी मंदिर पावर गंज पहुंचना होता है। जबकि दक्षिणी क्षेत्र से बरवा टोली, मोटिया संघ, बीआइडी, मिशन चौक, नवारीपाड़ा, तिवारी दुरा, हटिया गार्डन, तेतर तर, थाना टोली, बजरंग दल अमला टोली का अखाड़ा के लोग शोक विनाशक हनुमान मंदिर, गुदरी बाजार मंगला शोभायात्रा लेकर पहुंचना होता है।

## वक्फ बिल संशोधन से गरीब मुस्लिम परिवारों को सहायता मिलेगी: टीपू खान

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** वक्फ बिल केंद्र सरकार द्वारा संशोधन बिल को लेकर लोहरदगा जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष टीपू खान ने बताया कि वक्फ संशोधन बिल पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में कानून मंत्री किरेन रिजिजू के द्वारा संशोधन कर बिल पारित करने का नया आदेश देश के मूलभूत सुधार को देखते हुए केंद्र सरकार द्वारा संशोधन भाग संपत्तियों से जुड़े मामलों पर राज्य सरकार नियंत्रित की भूमिका तथा वक्फ की संपति है या नहीं राज्य सरकार के द्वारा अधिकारी को नियुक्त किया जाना सराहनीय कार्य तथा मौजूदा पुरानी मस्जिद दरगाह और अन्य धार्मिक स्थलों से छेड़छाड़ नहीं होगी। यह सुझाव सहयोगी दल द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी के समर्थन में भाजपा को दिया गया है। वक्फ परिषद में सदस्यों के अलावा दो गैर मुस्लिम सदस्य वक्फ बोर्ड में मामलों में संबंधित सचिव सदस्य बनाने की योजना की जायेगी। जिससे वक्फ की संपत्ति में लाभान्वित होंगे गरीब यतीम मुस्लिम एवं मुस्लिम महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु उद्देश्य से बदलाव लाने हेतु केंद्र सरकार के द्वारा पारित किया गया जो सराहनीय पहल है।

## झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष बने शशिभूषण तिवारी कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** झामुमो के प्रदेश अध्यक्ष और लातेहार जिला अध्यक्ष के निर्देश पर शशिभूषण तिवारी को बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष बनाने पर पर कार्यकर्ताओ ने उन्हे बधाई दी है। वही कार्यकताओ ने कहा कि शशिभूषण तिवारी एक जुझारू नेता है तिवारी को प्रखंड अध्यक्ष बनने से संगठन मे मजबूती आयेगी। वही झमुमो के सक्रिय सदस्य सह पूर्व जिला उपाध्यक्ष आरती देवी ने कहा नव नियुक्त प्रखंड अध्यक्ष शशिभूषण तिवारी को प्रखंड अध्यक्ष पद संभालने के बाद कुछ ही दिनों मे कमेटी का विस्तार किया जायेगा।

# शिव मंदिर में महाआरती का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भव्य महा आरती का आयोजन शास्त्री नगर ढोडा टोली प्राचीन शिव मंदिर में बड़े ही धूमधाम से महा आरती का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। जिसमें सैकड़ो की संख्या में राम भक्त, मताएं, बहाने पहुंचकर महाआरती में सम्मिलित हुए। सभी भक्तों ने मिलकर हनुमान चालीसा पाठ, गणेश स्तुति,राम स्तुति पाठ करके कार्यक्रम की शुरूआत की गयी।

भारतीय जनता पार्टी के नगर उपाध्यक्ष अशोक कांस्यकार ने कहा कि नगर के विभिन्न मंदिरों में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भव्य महा आरती का कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सैकड़ो राम भक्त महा आरती में सम्मिलित हो रहे हैं। मंत्र उच्चारण बृज बिहारी गिरी के द्वारा की गयी। जिसमें मुख्य रूप से विकास साहू, सुशील पटनायक, राजू यादव, शैलेश कुमार, रंथू साहू, किरण साहू, पंकज साहू, बबलू साहू, राजू साहू, रवि साहू, ऋतिक खत्री इत्यादि राम भक्त मौजूद थे।

# खेल स्टेडियम के चारों ओर हाइ मास्ट लाइट लगवाने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा के एकमात्र खेल स्टेडियम में डीएमएफटी फंड से एक हाइ मास्ट लाइट लगवायी गयी है जिससे स्टेडियम के एक छोर में रोशनी हो रही है, सामाजिक कार्यकर्ता जयप्रकाश मोदी ने स्थानीय विधायक प्रकाश राम और लातेहार उपायुक्त से खेल स्टेडियम के चारों ओर हाइ मास्ट लाइट लगवाने की मांग की है। जयप्रकाश मोदी ने कहा कि उच्च कोटि का हाइ मास्ट लाइट लगाने से रात में भी खेलों का आयोजन संभव हो जायेगा, जिससे खिलाड़ियों को अधिक अभ्यास का समय मिलेगा और दर्शकों को भी खेल का आनंद लेने का मौका मिलेगा। अच्छी रोशनी से स्टेडियम में सुरक्षा बढ़ेगी, क्योंकि अंधेरे में होने वाले अपराधों की संभावना कम हो जायेगी। श्री मोदी ने कहा कि चंदवा के बीचों-बीच एकमात्र खेल स्टेडियम बचा है जहां खेलने के अलावा बड़ी संख्या में महिला पुरुष मॉर्निंग और इवनिंग वॉक करने आते हैं। उन्होंने हाइ मास्ट लाइट के अलावा फील्ड की सुंदरीकरण करने की भी मांग की है।

## शुरू हुआ लातेहार में नगर पंचायत का टोल टैक्स

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत लातेहार में शहर में प्रवेश के लिए टोल टैक्स शुरू कर दिया है। मंगलवार को सीआरपीएफ कैंप के पास टोल टैक्स लगाकर वसूली भी शुरू हो गयी है। गनीमत यही है कि टोल टैक्स से लातेहारवासी राहत महसूस करेंगे। उन्हें टैक्स से बाहर रखा गया है। बाहर से आने वाली हर कमर्शियल वाहन को टैक्स देना होगा। नगर पंचायत के प्रशासक राजीव कुमार ने बताया कि लातेहार से गुजरने वाली बसों का भी टैक्स नहीं लगेगा। क्योंकि उनसे टैक्स की वसूली पहले से होती आ रही है। उन्होंने कहा कि यह पूर्णत: कमर्शियल है और मात्र कमर्शियल वाहनों से ही वसूली की जायेगी। टोल टैक्स का टेंडर 72 लाख रुपये में हुआ है। हालांकि कुछ टैंकर चालकों ने इसका विरोध किया और कहा कि पता नहीं कितनी जगह टैक्स जमा करना होगा।

# 30 दिन का स्मार्ट स्टडी प्लान नीट में दिलायेगा सफलता: संजय आनंद



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा के अब 30 दिन ही शेष है। यह समय प्रतियोगियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण एवं कैरियर के लिए निर्णायक है। इस दौरान सही रणनीति, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ तैयारी को फाइनल टच देकर सफलता सुनिश्चित की जा सकती है। छात्र घबराने के बजाय, अपने अध्ययन को सही दिशा में केंद्रित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन कैसे करें। उक्त बातें धनबाद गोल संस्थान के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने कही। उन्होंने बताया कि परीक्षा पैटर्न को समझें, गलत उत्तर से बचें 180 प्रश्नों के लिए 180 मिनट समय है। पूरा प्रश्न पढ़ें, चारों ऑप्शन देखें, मल्टीपल-राउंड यानी बनने वाले सारे प्रश्नों को पहले बनाएं। इससे आत्मविश्वास बढ़ेगा। नतीजतन बचे हुए समय में परीक्षा हॉल में ना बनने वाले प्रश्नों को री-रीड और री-एटेम्ट करेंगे, तो ज्यादातर प्रश्न बन जाएंगे, जो सफलता के साथ अच्छे रैंक भी दिलाएगा। जल्दबाजी में उत्तर ना दें, निगेटिव मार्किंग से बचें। इसके अलावा बायोलॉजी पर विशेष ध्यान 720 अंकों में 50 प्रतिशत प्रश्न और अंक बायोलॉजी से आते हैं। इसलिए अब उक्त विषय पर विशेष ध्यान देते हुए कुल अध्ययन का आधा समय इसे दें। एनसीईआरटी फोकस्ड अध्ययन करें। इनऑर्गेनिक, ऑर्गेनिक एवं बायोलॉजी, जो कि मेमोरी बेस्ड पार्ट है, इसे एक निश्चित समयांतराल पर शिक्षक के नोट्स, एनसीईआरटी के अंडर-लाइन पाट्र्स, फिगर, रंगीन बॉक्स, प्वॉइंट टू पॉडर को दोहराते रहे एवं मनन करें। नीट के लिए एनसीईआरटी के सभी 78 चेप्टर महत्वपूर्ण हैं। लेकिन कुछ वैसे टॉपिक जहां से प्रश्न ज्यादा पूछे जाते हैं या पूछे जाने की संभावना है, छात्र वहां फोकस्ड रहें। यानी समय और ऊर्जा वहां लगाएं, जहां से अंक बढ़ाया जा सके। कहा कि नए टॉपिक को ना कहें एवं पढ़े हुए को ही और मजबूत करें।

## महत्वपूर्ण टॉपिक पर सभी दें ध्यान दें

**फिजिक्स :** हीट एवं थर्मोडायनेमिक्स, मॉडर्न फिजिक्स, ऑप्टिक्स (लेंस, प्रिज्म), वेभ, इलेक्ट्रो-डायनेमिक्स (डीसी, एसी, मैग्नेटिज्म, इ एम डब्ल्यू) इरर एवं मेजरमेंट, इक्यूएशन ऑफ मोशन, प्रोजेक्टाइल-मोशन, रिलेटिव-मोशन, डब्ल्यू ईपी ग्रेविटेशनल ट्रांसलेशन या रोटेशनल इक्यूलिब्रियम ।

**केमिस्ट्री:** फिजिकल - एटोमिक स्ट्रक्चर, केमिकल एवं आयोनिक इक्यूलिब्रियम, केमिकल काइनेटिक्स

**इनऑर्गेनिक :** इलेक्ट्रो-केमेस्ट्री, केमिकल बॉडिंग, पीटी, को-ऑर्डिनेशन कंपाउंड।

**ऑर्गेनिक :** जीओसी, एस एन वन एण्ड टूरिएक्शन, एल्डीहाइट एवं किटोन, नेम्ड रिएक्शन, कनवर्जन टाइप प्रोब्लम ।

**बायोलॉजी:** बॉटनी प्लांट किंगडम, प्लांट फिजियोलॉजी, जेनेटिक्स, इकोलॉजी, सेल डिविजन

**ज्यूलॉजी :** ह्यूमन फिजियोलॉजी, रिप्रोडक्शन एवं रिप्रोडक्टिव हेल्थ, बायो-टेक्नोलॉजी। फिजिक्स एवं फिजिकल केमिस्ट्री के फॉमूर्ला के साथ ही शार्ट नोट्स का रिविजन करते रहें।

**टेस्ट दें, विश्लेषण करें:** परीक्षा का टाइम-स्लॉट में हर दिन एक टेस्ट देते हुए चार मई को होने वाली परीक्षा के माहौल में खुद को ढ़ालें एवं टेस्ट पेपर का विश्लेषण कर गलतियों पर काम करते हुए थिंकिंग स्किल, री-कॉलिंग कैपेसिटी को विकसित करें।

स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाएं सही खान-पान और अच्छी नींद लें। तनाव-दबाव से बचने के लिए मेडिटेशन करें। खुद को सकारात्मक रखते हुए नेगेटिव फ्रेंडशिप के साथ ही स्मार्टफोन से भी दूरी बनाएं।

# ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** गढ़वा रोड जंक्शन और तोलरा स्टेशन के बीच मल्लाहटोली गांव के पास रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना बुधवार की सुबह 6.30 बजे की बतायी जा रही है। उसकी पहचान गुदन चौधरी (75) के रूप में हुई है। वह मल्लाह टोली गांव का ही रहने वाला था। जानकारी के अनुसार गुदन इस दिन महुआ चुनने जा रहे थे। रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गये। जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इसकी सूचना मिलने पर राजकीय रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# वर्ष 2025-26 में 54 लाख टन के लक्ष्य से अधिक होगा उत्पादन : रंजय सिन्हा



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 49.9 लाख टन कोयला उत्पादन करते हुए कीर्तिमान स्थापित किया है। साथ ही क्षेत्र के सभी परियोजना ने अपना लक्ष्य हासिल किया। इस अवसर पर अमलो के 12 नंबर स्थित मॉ काली मंदिर में धूमधाम से पूजा की गयी। यहां सीसीएल ढोरी जीएम रंजय सिन्हा सहित अधिकारी, यूनियन नेता और कामगारो ने मां काली के समक्ष मत्था टेक खुशी जाहिर करते हुए आशीर्वाद लिया। जीएम ने कहा कि ढोरी एरिया ने उत्पादन में अपने पांच वर्षों के रिकॉर्ड को तोड़ा है। उत्पादन लक्ष्य 50.80 लाख टन का लक्ष्य था। इसमें हाईवाल का तीन लाख टन का लक्ष्य था, जो नहीं चल पाया। हाईवाल का लक्ष्य हटाने के बाद डिपार्टमेंटल और आउटसोर्सिंग का लक्ष्य 47 लाख टन था। इस लक्ष्य को पार करते हुए ढ़ोरी क्षेत्र ने 49.9 लाख टन उत्पादन किया है। आगे भी 2025-2026 में मिले लक्ष्य 54 लाख टन से अधिक कोयले का उत्पादन सुरक्षा को देखते हुए किया जायगा। कहा कि अमलो में पहली हाइवाल माइनिंग चालू करने की दिशा में तेजी से काम चल रहा है। आने वाले तीन-चार माह में हाइवाल माइनिंग शुरू होने की संभावना है। इसके साथ ही बंद पिछरी व अंगवाली परियोजना को भी खोला जाएगा ताकि एरिया का प्रोडक्शन ग्राफ बढ़ सके। इसके पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# सैरात वसूली के विरोध में दुकानें बंद, धरना-प्रदर्शन

## रामनवमी तक तहसीली बंद के आश्वासन के बाद धरना खत्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** नगर परिसद की ओर से सैरात तसीली के विरोध में व्यवसायियों ने बुधवार को विश्रामपुर में अपनी दुकानें बंद रखीं। लगे हाथ प्रदर्शन के साथ ही धरने पर भी बैठ गये। शाम को प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया। बताते चलें कि नगर परिषद की ओर से हाट-बाजारों की पहली बार बंदोबस्ती की गयी है। जिसका तसीली एक अप्रैल से शुरू की गयी है। इस दौरान तासीली कर रहे ठेकेदारों द्वारा कथित रूप से व्यवसायियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया और मनमाने तरीके से वसूली की गयी। जिसके विरोध में व्यवसायी संघ ने बुधवार की सुबह जनता उच्च विद्यालय में बैठक की। जिसकी अध्यक्षता व्यवसायी संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार लाल और



सैरात तसीली के विरोध में धरना प्रदर्शन करते व्यापारी-दुकानदार।

संचालन सत्यम सोनी ने किया। बैठक के बाद व्यवसायी संघ प्रदर्शन करते हुए थाना पहुंच गया। थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने व्यवसायियों को यह कहकर वापस भेज दिया कि यह मामला नगर परिषद की है और वहीं से इसका निदान हो पायेगा। हालांकि नगर परिषद कार्यालय इस दिन बंद था। इसलिए व्यवसायी संघ बस स्टैंड स्थित यात्री शेड में धरने पर बैठ गया। संगठन के अध्यक्ष पंकज कुमार लाल ने कहा कि नगर परिषद सैरात बंदोबस्ती के नाम पर अवैध वसूली करवा रहा है। इसे तत्काल बंद कराया जाना चाहिए। ऐसा नहीं क रने पर व्यापक आंदोलन किया जायेगा। उधर, धरना-प्रदर्शन की सूचना पाकर शाम पांच बजे पुलिस निरीक्षक रामशीष पासवान, थाना प्रभारी सौरभ चौबे, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, समाजसेवी प्रेमशंकर दुबे, ऋतुराज मिश्रा, राजन पांडेय, राजेश्वर केशरी, मनीष कुमार, गोरखनाथ पांडेय सहित कई गणमान्य लोग धरना स्थल पर पहुंचे और व्यवसायियों से बात की। प्रशासनिक अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि अवैध वसूली को रोका जायेगा। रामनवमी तक टैक्स वसूली पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी। व्यवसायियों के साथ बैठक करने के बाद ही टैक्स वसूली शुरू की जायेगी। जिसके बाद व्यवसायियों ने धरना समाप्त किया और बंद वापस लेते हुए दुकानें खोल दी। इस मौके पर जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा, गोपाल सोनी, अमित चौधरी, देव कुमार ठाकुर, नंदकुमार ठाकुर, हर्ष वर्धन सोनी, राजू केशरी, अवधेश सोनी, धर्मेंद्र कुमार, सुनील कुमार चौधरी, अरुण गुप्ता और कृष्ण केसरी आदि मौजूद थे।

# थैलेसीमिया पीड़ित मरीजों के लिए कृष्णा मातृ सदन में छह को रक्तदान शिविर




**कतरास (आजाद सिपाही)।** थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर वरदान साबित होता है क्योंकि रक्त की कमी होने के कारण पूरे भारत के थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को इसका दंश झेलना पड़ रहा है। इसे देखते हुए रानी बाजार स्थित कृष्णा मातृ सदन में बुधवार को पत्रकार वार्ता कर समाजसेवी विजय झा ने बताया कि चार अप्रैल को डॉक्टर शिवानी झा के जन्म दिवस पर यहां समर्पण एक नेक पहल संस्था और कतरास आर्य व्यायम मंदिर के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन होने जा रहा है। स्त्री एवं प्रशुति रोग बिशेसज्ञ डॉक्टर शिवानी झा ने बताया कि ज्यादातर गर्ववती महिलाओं की मौत अनीमिया नामक बीमारी (खून की कमी) से हो जाती है। बच्चों में थैलेसीमिया नामक बीमारी होती है, जिसमें पीड़ित को हर माह खून चढ़ाना पड़ता है। इसलिए रक्तदान कर अपने और दूसरे के जीवन की रक्षा जरूर करें। वहीं, न्यूट्रिशियन डॉक्टर मनीषा मीनू ने बताया कि रक्तदान करने से हार्ड अटैक, लिवर और डिप्रेसन सहित बहुत सारी बीमारियों से मुक्ति मिलती है। इसलिए हर किसी को रक्तदान जरूर करना चाहिए। इस मौके पर समाजसेवी विजय झा, डॉक्टर विश्वनाथ चौधरी, समर्पण एक नेक पहल के संस्थापक दीपेश चौहान, उदय सिंह, गौतम मंडल, रणधीर कुमार, बर्मन बाबू, धीरज कुमार सिंह, धीरेन रजवार, मुन्ना झा और मुन्ना सिंह आदि मौजूद थे।

# लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल में छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक शाषिकेश कश्यप ने कहा कि विपरीत समय में भी जिन छात्र-छात्राओं ने अनुशासन के साथ अध्ययन करके अपने भविष्य का निर्माण किया, ऐसे विद्यार्थी निश्चित तौर पर सफलता के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। परीक्षाफल विद्यालय का दर्पण होता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नए सत्र में सभी बच्चों का नामांकन भी मुफ्त किया जा रहा है। इस दौरान सभी कक्षा के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को विद्यालय के संरक्षक सतेंद्र चंदेल, विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने पुरस्कृत किया। मुख्य संरक्षक ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं। सफलता का मूलमंत्र कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प है। जो छात्र-छात्राएं कठिन परिश्रम करते हैं, उन्हें निश्चित ही सफलता मिलती है।

## पलामू सांसद ने केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री से की मुलाकात

# गढ़वा के बंशीधर नगर और चैनपुर के राधा कृष्ण मंदिर को श्रीकृष्ण सर्किट योजना से जोड़ने का आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित शास्त्री भवन मंत्रालय में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। उनसे पलामू संसदीय क्षेत्र के गढ़वा जिला के श्री बंशीधर नगर मंदिर एवं पलामू जिले के चैनपुर स्थित बभंडी राधा कृष्ण मंदिर की महता को देखते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रसाद योजना के तहत श्री कृष्ण सर्किट से जोड़ने का अनुरोध किया। साथ ही पलामू प्रमंडल के बेतला (पलामू व्याघ्र क्षेत्र) के अंतर्गत पड़ने वाले पलामू किला, कमलदह झील, केचकी, इको स्ट्रीट एवं मलय डैम का पर्यटन विकास एवं पलामू किला को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की मांग की। गढ़वा जिला झारखण्ड के उत्तर पश्चिम में स्थित है और बिहार का रोहतास, उत्तर प्रदेश का सोनभद्र एवं छतीसगढ़ का सरगुजा जिलों की सीमाएं इससे लगती है। इसलिए इसे कभी गेटवे ऑफ छोटानागपुर कहा जाता था। झारखण्ड की राजधानी रांची से गढ़वा जिले की दूरी 205 किलोमीटर है। गढ़वा से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर नगर उंटारी अनुमंडल स्थित है। जहां पर शताब्दियों प्राचीन श्री बंशीधर मंदिर स्थित है। इस मंदिर में राधा एवं कृष्ण की साढ़े चार फीट ऊंची और 32 मन की स्वर्ण निर्मित एक



प्रतिमा विराजमान है। यह अद्भुत प्रतिमा भुमि में गड़े शेषनाग के फन पर निर्मित चौबीस पंखुड़ियों वाले विशाल कमल पर विराजमान है। श्री वंशीधर मंदिर देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र रहा है। नगर उंटारी गढ़ के मुख्य द्वार के पास स्थित मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की चार फीट उंची और 32 मन वजनी (1280 किलो) प्रतिमा भक्तों का मन मोह लेती है। पहली बार मेरी पहल पर यहां वर्ष 2017 से श्री वंशीधर महोत्सव मनाया जा रहा हे। उक्त महोत्सव को झारखण्ड सरकार द्वारा राजकीय महोत्सव घोषित किया गया है। नगर उंटारी स्थित श्री वंशीधर मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए झारखण्ड सरकार एवं केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से मेरे अनुरोध पर उक्त स्थान का नाम जो पहले नगर उंटारी था, उसे बदल कर श्री वंशीधर नगर किया जा चुका हैं। अभी हाल में नगर उटांरी स्टेशन पर रेल मंत्री जी ने मेरे अनुरोध पर रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव की स्वीकृति दी है। चैनपुर बभंडी राधा कृष्ण मंदिर सरोवर के मध्य स्थित यह मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए गहरी धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्था का केंद्र है। विदित है कि इस ऐतिहासिक मंदिर की स्थापना वर्ष 1930 में हुई थी। इसके ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व को संरक्षित रखने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जिस प्रकार से श्री बंशीधर नगर महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित किया गया है, उसी प्रकार श्रद्धालुओं एवं इस क्षेत्र की स्थानीय जनता के द्वारा बभंडी में राधा कृष्ण महोत्सव का आयोजन कराने की मांग लगातार की जा रही है। पलामू व्याघ्र क्षेत्र के अंतर्गत ऐतिहासिक पलामू किला अवस्थित है। चेरो वंश (आदिवासी) के राजा प्रताप राय ने सन 1628 में पुराना किला का निर्माण कराया था, जिसके बाद 1658 में राजा मेदिनी राय द्वारा नए किले का अधूरा निर्माण कराया गया था। राजा मेदिनीराय सामाजिक एकता के प्रतीक थे, उनके लोकोक्ति 'धन्य धन्य राजा मेदिनीयॉ, घर घर बजे मथनिया' अर्थात उनके शासन काल में सर्वत्र खुशीहाली थी। झारखंड राज्य पहाड़ों, जंगलों, नदियों और खूबसूरत झीलों से अच्छादित प्रदेश है। यहां का एक महत्वपूर्ण भूभाग के अंतर्गत पलामू प्रमंडल के तीनों जिलें क्रमशः पलामू, गढ़वा एवं लातेहार है जहां खनिज संपदाओं से परिपूर्ण है वहीं प्राकृतिक संपदाओं से भी परिपूर्ण है। पलामू प्रमण्डल के लातेहार जिला के अंतर्गत बेतला व्याघ्र योजना देश के प्रथम व्याघ्र परियोजनाओं में से एक है। राजा मेदिनीराय की धरोहर, पलामू किला और पलामू व्याघ्र क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए पुराने एवं नए पलामू किले को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करते हुए पुरातत्व विभाग द्वारा किले का रख-रखाव, जीणोर्धार एवं सौदर्यीकरण सूची में शामिल कराने के लिए आवश्यक कदम उठाये जायें। साथ ही मलय डैम, कमलदह झील, केचकी इको रिट्रीट को भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसीत किया जाय। उपरोक्त मामले में मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही उक्त संबंध में झारखण्ड सरकार से प्रस्ताव भेजवाने को कहा, ताकि उक्त मामलों पर अग्रतर कार्यवाई की जा सके।

# अरुणा शंकर के पिता स्व राजकुमार गुप्ता की पहली पुण्यतिथि मनायी गयी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर के पिता स्वर्गीय राजकुमार गुप्ता की प्रथम पुण्यतिथि बुधवार को मनायी गयी। झारखंड एवं छत्तीसगढ़ से आए करीबी, मित्र, रिश्तेदार और स्थानीय अतिथियों ने उनके गृह निवास छत्तीसगढ़ के कछिया में आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल होकर तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। अतिथियों एवं ग्रामीणों ने बताया कि स्वर्गीय राजकुमार गुप्ता गांव के दुख सुख में साथ देने वाले मसीहा थे। उनके द्वारा किए कार्यों को भूलाया नहीं जा सकता। स्वर्गीय राजकुमार गुप्ता को उनकी राजनीतिक पकड़ के चलते दूर-दूर तक कई गांव में जाना जाता था। उन्हें राजनीतिक ध्रुव भी कहा जाता था। इस अवसर पर उनके बड़े दामाद आनंद शंकर ने उनकी स्मृति को बनाए रखने के लिए उनके पैतृक गांव में ग्रामीण बच्चों के लिए जल्द एक स्कूल खोलने की बात कही ताकि उनके स्मृति जन्म जन्मांतर तक बनी रहे। कार्यक्रम की शुरूआत उनकी पत्नी कुंती गुप्ता ने तस्वीर के सामने दीप जलाकर शुरू की। इसके बाद उनके दोनों भतीजे शैलेश गुप्ता, बबलू गुप्ता, दामाद नरेंद्र गुप्ता, डॉ विलास गुप्ता, पुत्री किरण गुप्ता एवं शशि गुप्ता, आकर्ष आनंद, शिवानी आनंद, प्रिया गुप्ता, अंजली गुप्ता, अक्षत एवं परिवार के सदस्यों ने पुष्पांजलि दी। इस मौके पर डाल्टनगंज के भजन गायक पंडित राम और श्याम ने भजन गाकर भक्तिमई वातावरण बना दिया।

# सतगांवा में चार को मनायी जायेगी वीर बाबा चौहरमल की जयंती



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के सतगांवा पीपल चौक के पास बुधवार को समाजसेवी रविंद्र पासवान के नेतृत्व में वीर बाबा चौहरमल की जयंती मनाने को लेकर ग्रामीणों ने बैठक की। इस दौरान चार अप्रैल को पूजा अर्चना के बाद उनकी जीवन पर प्रकाश डालने का निर्णय लिया। बैठक के बाद ग्रामीण विधि व्यवस्था बनाने में जुट गए। जयंती समारोह में अनुयायियों से बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की गई है। समाजसेवी रविंद्र ने कहा कि वीर बाबा चौहरमल समाज के महत्वपूर्ण धरोहर हैं। वे एक वीर योद्धा थे और अपने कर्तव्य के प्रति सदैव अडिग रहे। उनके विचारों पर चलना हम लोगों का कर्तव्य है। बैठक में परीखा पासवान, संतोष पासवान, राजेश पासवान, नागेंद्र पासवान, रवि कुमार, धर्मेंद्र पासवान, जनेश्वर पासवान, कामता पासवान, योगेंद्र पासवान, चंदन पासवान, नंदू पासवान, महेंद्र पासवान, मनोज पासवान, सुनील पासवान, राजेश पासवान, लवकुश पासवान, चितरंजन पासवान, राजू पासवान आदि उपस्थित थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण में प्रांतीय योजना के अनुसार बुधवार को हवन-पूजन का आयोजन किया गया। नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस विद्यालय में आनेवाले विद्यार्थियों का तिलक-वंदन से आचार्य परिवार ने स्वागत किया। विधिवत हवन पूजन के साथ सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा के साथ नवीन शैक्षणिक सत्र-2025-26 का आरंभ किया गया। प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष नए सत्र के आरंभ के पूर्व परमपिता परमेश्वर एवं मां शारदे से प्रार्थना की जाती है। इसमें आचार्य के साथ ही विद्यार्थियों में भी आध्यात्मिक उर्जा का संचार होता है, जो पूरे सत्र भर रहती है। हवन-यज्ञ से मन पवित्र हो जाता है। प्रधानाचार्य ने विधिवत हवन पूजन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन के उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र चंदेल, प्रचार-प्रसार प्रमुख अभिषेक पाठक, रणजीत मिश्रा, संजय सिन्हा, राजेश्वर सिंह यादव, दीपक पाण्डेय, शशि कुमार, मृत्युंजय प्रसाद, धर्मेन्द्र कुमार, चंदन कुमार, योगेंद्र महतो, नीतीश मिश्रा, अरविंद यादव, छाया कुमारी, हर्षदा चौबे, सुषमा कुमारी, अनुराधा मेहता, सिद्धांत शौर्य और देवेन्द्र नाथ गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# ट्रेन की चपेट में आकर महिला घायल

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हैदरनगर रेलवे स्टेशन के बहेरा गांव के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे से जा रही महिला ट्रेन की चपेट में आ गयी। जिससे ट्रैक किनारे गिर कर घायल हो गयी। घायल महिला को आरपीएफ ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी पहचान बिहार के डेहरी के समीप अंकोरही गोला की रहने वाली जानकी कुंवर (55) के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि महिला ट्रेन से काजरात नावाडीह स्टेशन उतरने वाली थी, लेकिन गलती से हैदरनगर पहुंच गयी। यात्रियों ने हैदरनगर उतार दिया। फिर महिला रेलवे ट्रैक के किनारे होकर गुजर रही थी। तभी आ रही मालगाड़ी के टक्कर से घायल हो गयी। महिला का मायका काजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन के समीप बाघी विशुनपुर में है। परिजनों को इसकी सूचना दी गयी। जिसके बाद मायके वाले अस्पताल पहुंचकर घर ले गये।

# चुंगी कर बढ़ाये जाने पर गोलबंद हुए ऑटो चालक



**नगर परिषद् पर मनमानी पैसा वसूलने का लगाया आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** नगर परिषद गुमला के द्वारा मनमाने तरीके से चुंगी वसूली का आरोप लगाते हुए ऑटो चालक बुधवार को दिन के 2 बजे करम डीपा के पास गोलबंद हो गये और रोषपूर्ण प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम कर दिया। ऑटो चालकों ने कहा कि पूर्व में ऑटो चालकों से चुंगी कर 20 लिया जाता था जिससे हम सभी सहमत हैं लेकिन वर्तमान में नया टेंडर होने के बाद ठेकेदार के द्वारा चुंगी कर को बढ़ाकर 40 कर दिया गया है। जिसे देने में ऑटो चालक असमर्थ हैं। ऐसे में उनको महीने का 1200 देना पड़ता है। नगर पालिका और ठेकेदार के द्वारा मनमानी तरीके से पैसा वसूला जा रहा है। ऑटो चालकों ने कहा शहर के सभी मुख्य सड़क पर टैक्स की वसूली की जाती है अगर कोई ऑटो चालक चारों सड़क में जाता है तो प्रतिदिन का उन्हें 160 देना पड़ेगा। ऑटो चालकों ने उपायुक्त को आवेदन सौंपते हुए एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई की मांग की है अन्यथा चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने की बात कही है।

## अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों की बैठक

# अल्पसंख्यक भाषाओं के संरक्षण पर दिया जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बुधवार को प्रोफेसर डॉक्टर शाहिद अख्तर, माननीय कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था आयोग ने स्थानीय सर्किट हाउस में गुमला जिला के अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की । सर्किट हाउस के सभागार में आयोजित इस बैठक में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो, बीपीओ दिलदार सिंह एवं स्थानीय अल्पसंख्यक विद्यालयों प्रधानाध्यापक तथा प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि तथा अल्पसंख्यक समुदाय प्रतिनिधि इकरामुल हक एवं जियाउल हक अशरफी आदि उपस्थित थे। झारखंड के ही रहने वाले डॉ. शाहिद अख्तर शिक्षाविद हैं तथा वे रांची विश्वविद्यालय के मैनेजमेंट के लेक्चरर और झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। वे राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद के उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के राष्ट्रीय संयोजक की भूमिका का भी निर्वहन कर चुके हैं तथा वर्तमान में डॉ. शाहिद अख्तर जामिया मिलिया इस्लामिया में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। ज्ञात हो कि भारत सरकार ने डॉ. शाहिद अख्तर को राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्था आयोग का सदस्य बनाया है तथा वो वर्तमान में कार्यकारी अध्यक्ष की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। उनके द्वारा बताया गया कि वर्ष 2004 में केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था आयोग की स्थापना की गयी है। अल्पसंख्यकों को अपनी पसंद के शैक्षणिक संस्था की स्थापना और संचालन करने के लिए उनके अधिकारों के उल्लंघन के संबंध में शिकायतों पर आयोग को विचार करने का अधिकार है। बैठक में सबसे पहले प्रोफेसर डॉक्टर शाहिद अख्तर, कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था आयोग भारत सरकार द्वारा आयोग के कार्यकलाप के बारे में सभी स्कूलों के प्रतिनिधियों को विस्तार से जानकारी दी गयी। उनके द्वारा कहा गया कि शिक्षा से ही देश को एक नयी दिशा दी जा सकती है एवं इसके लिए सभी समुदाय को एक साथ मिलकर कार्य करने की जरूरत है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि मूल रूप से उनका कार्य सरकार तथा अल्पसंख्यक संस्थानों के बीच समन्वय स्थापित करना है। उनके द्वारा बताया गया कि देश में कुल छह अल्पसंख्यक समुदाय मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, पारसी एवं जैन को अल्पसंख्यक संस्थानों की स्थापना का मौलिक अधिकार है तथा वो पारदर्शितापूर्वक तरीके से अपने संस्थान स्थापित कर संचालन कर सकते हैं जिसमें आयोग मदद करेगा। बैठक के दौरान प्रोफेसर डॉक्टर शाहिद अख्तर ने अल्पसंख्यक विद्यालयों के प्रतिनिधियों से बारी-बारी से उनके समस्याओं के भी जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को अल्पसंख्यक विद्यालयों की समस्याओं का समुचित समाधान करने का निर्देश दिया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नये सत्र का शुभारंभ



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में सत्र 2025-26 बुधवार को प्रात: विद्यालय के परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख हवन कुंड में वेद मंत्र उच्चारण के साथ आहुति अर्पण करते हुए आरंभ हुई। विद्यालय के संस्कृत आचार्य देवेंद्र नाथ तिवारी के द्वारा वेद मंत्रों का उच्चारण किया गया। इस अवसर पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। इसके पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने उपस्थित भैया बहनों एवं आचार्यों को नये सत्र के प्रथम दिन विद्यालय परिसर में अभिनंदन किया। प्रधानाचार्य ने भैया बहनों को विद्यालय की नयी रीति और नीति से भी अवगत कराया। उन्होंने हर प्रकार से विद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने की प्रेरणा दी। विद्या भारती झारखंड के द्वारा निर्धारित नए सत्र की दिशाओं को सभी के सामने रखा और सत्र 2025-26 की चुनौतियों का सामना उत्साह के साथ करने की प्रेरणा दी। भैया बहनों के बीच अपनी नई कक्षा को लेकर काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में अभिभावकों की उपस्तिथि रही। गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने पूरे विद्यालय परिवार को नये सत्र की शुभकामनाएं प्रेषित की।


## रायडीह प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** बुधवार को पुराना प्रखंड के समीप टाना भगत भवन में प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष इस्माइल कुजूर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें विशेष रूप से आये प्रभारी मीरा हामिद और ज्योति कुजूर द्वारा बताया गया कि अभी कांग्रेस पार्टी के द्वारा संगठन की मजबूती के लिए कार्य किया जा रहा है पार्टी कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं। इसलिए प्रखंड से लेकर पंचायत कमिटी को मजबूत करना है साथ ही बूथ कमिटी को भी मजबूत व सशक्त बनाना है। जनता के जो भी समस्या है उसे कार्यकर्ता मिलकर समाधान करें, साथ ही सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलायें। इस मौके पर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष वारिस खान, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नसीम ताज, अनिल साहू, रहमान शाह, भिखराम टाना भगत, जगदीश इंदवार, बेनेदिक्ता टोप्पो, कादीर अली, अशोक तिग्गा, शशिकांत बेक और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ट्रक पर लदा जेनरेटर ओवर हेड वायर में फंसा, दो घंटे तक ट्रेन परिचालन ठप

आजाद सिपाही संवाददाता



**कामडारा।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के पोकला गेट रेलवे क्रासिंग पर एक ट्रक में लदे डिजिटल जेनरेटर मशीन ट्रेनों के परिचालन के लिये लगी ओवर हेड वायर में जाकर फंसा, दो घंटे तक ट्रेनों का आवागमन प्रभावित रहा। यह घटना बीती मंगलवार की रात लगभग 12 बजे के आसपास की है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात में खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर एक अज्ञात ट्रक खूंटी की ओर से काफी तेज गति के साथ आ रही थी। जिसमे डिजिटल जेनरेटर मशीन लदा हुआ था। उक्त ट्रक जैसे ही पोकला गेट रेलवे क्रासिंग पास पहुंचा, वैसे ही ट्रक में लदे डिजिटल जेनरेटर मशीन का उपरी भाग रेलवे क्रासिंग के हाईट गेज पर जा टकराया और हवा मे उछाल खाते हुए जेनरेटर मशीन सीधे ओवर हेड वायर में जाकर फंसा। इसके बाद जोरदार तरीके से धमाका हुई और ओवर हेड वायर टूट गया। वहीं घटना को देखते हुए ही ट्रक चालक गाड़ी को लेकर भाग गया। इधर डियूटी मे तैनात रेलवे गेटकीपर राजेंद्र साहु ने तुरंत घटना के बारे में अपने वरीय रेल अधिकारियों को जानकारी दी। घटना की खबर लगते ही पीडब्लूआइ अमित कुमार, रेलवे स्टेशन मास्टर, आरपीएफ के जवान और रेलकर्मियों तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद तुरंत टावर कार ट्रेन भी घटनास्थल पर पहूंची और रात्रि लगभग 2 बजकर 40 मिनट के अंदर उक्त क्षतिग्रस्त ओवर हेड वायर को दुरुस्त कर दिया गया और ट्रेनों का परिचालन समान्य हो गयी। वहीं रेलवे पुलिस ने घटनास्थल पर बिखरे डीजिटल जेनरेटर मशीन के पार्ट्स को अपने कब्जे में लेने के उपरांत घटना के बाद फरार उक्त अज्ञात ट्रक के बारे मे पता लगाने के प्रयास मे जुट गयी है।

## दो ट्रकों की टक्कर कोई हताहत नहीं

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बनारी कोयल नदी के पुल में दो बॉक्साइट ट्रक के भिड़ंत में एक गाड़ी का पिछला दोनों चक्का धुरी के साथ टूट गया, जिससे गाड़ी पर लदे बॉक्साइट सड़क में बिखर गया और एक घंटा तक सड़क जाम हो गया। बिशुनपुर पुलिस के द्वारा सड़क पर बिखरे बॉक्साइट को हटाए जाने के बाद यातायात प्रारंभ हुआ। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ऊपर पाठ से एक ट्रक बॉक्साइट लेकर तेज गति के साथ आ रहा था। तभी विपरीत दिशा से जा रहे खाली ट्रक बनारी कोयल नदी के पुल में साइड लेने के दौरान दोनों का चक्का आपस में सट गया, जिससे बॉक्साइट लदा ट्रक का पिछला दोनों छक्का धुरी के साथ निकलकर सड़क में आ गया। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बिशुनपुर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर दोनों ट्रक को सड़क से किनारे करते हुए यातायात प्रारंभ किया गया।

# बनारी की विवादित जमीन पर नवयुवक संघ ने गाड़ा झंडा

**विवादित भूमि पर पूर्व से धारा 274 और 254 लगा हुआ है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के बनारी दुर्गा मंदिर के पीछे का खाली पड़ा चर्चित विवादित जमीन में मंगलवार की देर रात नवयुवक संघ के द्वारा बजरंगबली का झंडा गडकर नया विवाद को उत्पन्न कर दिया गया है। जबकि उक्त भूमि पर पूर्व से धारा 274 एवं 254 लगा हुआ है जो मामला एसडीओ कोर्ट में चल रहा है। इस संबंध रैयत रूपेश्वर पाल सिंह के द्वारा बुधवार को अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौप कर शिकायत किया गया कि नवयुवक संघ बनारी के लगभग दर्जनों लोगों के द्वारा रात के लगभग 12:00 बजे बजरंगबली का झंडा गाड़ दिया गया है। उन्होंने आवेदन में बताया है कि उक्त जमीन का विवाद को देखते हुए पूर्व से ही धारा 274 एवं 254 लगा हुआ है। इसके बावजूद नवयुवक संघ के लोगों ने कानून का मजाक बनाते हुए उक्त विवादित जमीन में बजरंगबली का झंडा गाड़कर नये विवाद को उत्पन्न कर दिया है। इससे पूर्व भी संघ के लोगों के द्वारा उसी जमीन में रात को बजरंग बली का मूर्ति लगा कर विवाद खड़ा किया गया है। समय रहते प्रशासन के द्वारा मामले को गम्भीरता से ले कर समाधान नहीं किया गया तो कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।

## नदियों से बालू का खनन जारी, भेजा जा रहा है छत्तीसगढ़



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के लावा नदी गोविंदपुर पंचायत के कमलपुर बालू घाट तिगरा बालू घाट मेराल पंचायत के बारडीह और सीसी करम टोली के जारी नदी से प्रतिदिन अवैध बालू का खनन कर उंचे दामों पर छत्तीसगढ़ में बेचा जा रहा है। यह खेल बालू माफियाओं द्वारा प्रशासन की मिली भगत से लंबे समय से खेला जा रहा है प्रशासन द्वारा पूर्व में नदी के किनारे स्ट्रेच गड्ढा खोदकर अपने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। बालू माफिया द्वारा उसे भरकर ट्रैक्टर से बालू का उठाव किया जा रहा है। वही नदियों को खोखला किया जा रहा है जिसके कारण हाइ लेवल पुल का अस्तित्व खतरे में है और वह कभी भी धराशाई हो सकता है। जिससे सरकार को करोड़ों का नुकसान होगा। स्थानीय स्तर पर किसी भी पार्टी के नेता या जन प्रतिनिधि इसको लेकर विरोध नहीं करते हैं।

# ट्रांसफार्मर जलने से बिजली आपूर्ति बाधित

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** गुमला शहर के राजकीय मवि टंगरा के पास स्थित ट्रांसफार्मर जल गया है। जिससे आसपास बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। स्थानीय निवासी रमेश कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात 12 बजे के आसपास ट्रांसफार्मर के चलते बिजली कट गई है। जिस कारण कई घर अंधेरे में है। अभी तेज गर्मी है। जिस कारण लोगों को परेशानी हो रही है। दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे है। इस बाबत उन्होंने ईई को जानकारी दी। जिसपर अभियंता ने कहा है कि ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। जिसे बदलने का आदेश जारी कर दिया गया है। लेकिन शाम तक कार्य में कोई प्रगति नहीं है। रमेश ने मांग की है कि जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर दुरूस्त कराते हुए बिजली आपूर्ति चालू कराया जाए। इधर बिजली अभियंताओं ने कार्य के प्रगति पर होने की बात कही है।

## दुष्कर्म के मामले में युवक गिरफ्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र में सोमवार को नाबालिग के साथ हुए गैंग रेप मामले में पुलिस ने आरोपी युवक संतोष कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी युवक कुम्हरिया पंचायत क्षेत्र का रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी युवक का नाबालिग किशोरी के साथ सदर अस्पताल में संपर्क हुआ। वे लोग सदर अस्पताल में अपने परिजन को इलाज कराने पहुंचे थे। संपर्क होने के बाद युवकों ने किशोरी एवं उसकी एक अन्य साथी को घर छोड़ने की बात कही तो किशोरी तैयार हो गये। दूसरे दिन किशोरी ने गुमला थाना में दुष्कर्म की लिखित शिकायत की है जिसमें संतोष कुमार को दुष्कर्म करने एवं एक अन्य युवक को सहयोग करने का आरोप लगाया है।

# जंगल में लगी आग, वन सुरक्षा समिति ने बुझायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** वन सुरक्षा समिति मालगो आदर के सदस्यों व पदाधिकारियों के द्वारा जंगल में लगी आग को बुझाया गया। बुधवार की सुबह समिति के लोगों को मलगो से लगभग 2 किलोमीटर दूर जंगल में आग लगे की जानकारी हुई। समिति के सभी सदस्य एकजुट होकर जंगल में लगे आग को बुझाया। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष विनोद राम ने बताया कि जंगल में महुआ चुनने के लिए लोग आग लगा देते है। जहां तक हमें जानकारी मिलती है समिति के हम सभी लोग मिलकर आग को बुझाने का काम करते हैं पर कई ऐसे जगह पर जहां हमें जानकारी नहीं मिलती है आग नहीं बुझ पाता है और छोटे-छोटे पौधे जलकर खत्म हो जाते है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा है कि ऐसे लोगों को चिन्हित करें और कठोर से कठोर कार्रवाई करें जब तक ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं होगा तब तक जंगल में लोग आग लगाना नहीं छोड़ेंगे। वन विभाग के द्वारा वन सुरक्षा समिति बनाकर आदर व मलगो के युवाओं को समिति में जोड़कर रखा है जो काफी कार्य कर रहे है पर प्रशासन को कठोर कदम उठाने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि लगभग दो किलोमीटर तक जंगल में आग फैल चुका था जिसे समिति के लोगों ने बुझाने का काम किया है। इस मौके पर मुख्य रूप से राजीव उरांव, बिनोद राम, सुमंत कुमार, दिपक प्रजापति, सोमनाथ उरांव, केशव प्रजापति, प्रेम उरांव, रोहित गोप, पिंटू गोप, सोनू कुमार व पवन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## नाबालिग बेटी की वापसी को लेकर महिला ने थाना में सौंपा आवेदन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी 14 वर्षीय बेटी की वापसी को लेकर मंगलवार दिन के 2 बजे गुमला थाना को आवेदन सौंपा है। थाना को आवेदन सौंप कर बेटी की वापसी की गुहार लगाई है। गुमला थाना को दिए आवेदन में महिला ने बताया मेरी बेटी रायडीह के एक प्लस टू विद्यालय में आठवीं कक्षा की छात्रा है 15 सितंबर 2024 को विद्यालय छुट्टी होने के बाद युवक उसे ठग फुसलाकर अपने साथ गुमला ले गया। काफी खोज बिन करने के बाद भी बेटी का पता नहीं चला। कुछ दिन बीतने के बाद पता चला की बेटी गुमला में है। उसे बरामद कर प्लस तू स्कूल के हॉस्टल में रखा गया। जनवरी में विद्यालय की ओर से पिकनिक ले जाया गया था। पिकनिक से लौट के क्रम में युवक गुमला से बेटी को अपने घर ले गया। महिला ने बताया मेरी बेटी नाबालिक है और पढ़ाई करती है हम लोग उसे पढ़ाना चाहते हैं। लेकिन युवक और उसके घर वाले बेटी को वापस नहीं कर रहे हैं।

## स्पोर्ट्स



2 अक्टूबर से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर पहला टेस्ट होगा। इसके बाद दोनों टीमों की भिड़ंत कोलकाता के इडेन गार्डन्स पर होगी।

# वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीकी टीम करेगी भारत का दौरा, खेले जायेंगे 12 मैच

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** अभी भारतीय टीम के खिलाफ आइपीएल में खेल रहे हैं। इस बीच बीसीसीआइ आइपीएल के बाद होने वाले इंटरनेशनल मैचों की तैयारी भी कर रही है। हाल में ही भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे का शेड्यूल आया था। अक्टूबर-नवंबर में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया जाने वाली है। इसके साथ ही वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका की टीमें भी अक्टूबर से दिसंबर के बीच भारत का दौरा करेगी। इस बीच भारत में कुल 12 इंटरनेशनल मुकाबले खेले जायेंगे।

**वेस्टइंडीज दो टेस्ट खेलेगी**

वेस्टइंडीज की टीम अक्टूबर की शुरूआत में भारत दौरे पर आयेगी। दोनों टीमों के बीच दो टेस्ट मैच खेले जायेंगे। 2 अक्टूबर से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर पहला टेस्ट होगा। इसके बाद दोनों टीमों की भिड़ंत कोलकाता के इडेन गार्डन्स पर होगी। इस मैच की शुरूआत 10 अक्टूबर से होने वाली है। ये दोनों ही मुकाबले आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 का हिस्सा होने वाले हैं।

**गुवाहाटी में पहली बार होगा टेस्ट**

वेस्टइंडीज दौरे के बाद टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया जायेगी। वहां से लौटने के बाद साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज की शुरूआत। 14 नवंबर से दोनों टीमों के बीच दिल्ली में पहला टेस्ट होगा। इसके बाद गुवाहाटी में 22 नवंबर से दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। बारसापारा स्टेडियम पर यह पहला टेस्ट मैच भी होगा। 30 नवंबर से 6 दिसंबर के बीच दोनों टीमों के बीच तीन वनडे होंगे। 9 दिसंबर से 5 मैचों की टी20 सीरीज शुरू होगी।

**अगले साल टी20 वर्ल्ड कप भी**

भारत और श्रीलंका की मेजबानी में 2026 की शुरूआत में टी20 वर्ल्ड कप होना है। फरवरी और मार्च में इस टूर्नामेंट का आयोजन होगा। यही वजह है कि भारतीय टीम टी20 पर ज्यादा फोकस कर रही है। टी20 में भारत वर्ल्ड चैंपियन भी है। टूर्नामेंट में कुल 20 टीमें हिस्सा लेंगी। अभी तक सभी टीमों का फैसला नहीं हुआ है और न ही टूर्नामेंट का शेड्यूल आया है। अगर पाकिस्तान की टीम फाइनल में पहुंचती है तो खिताबी मुकाबला श्रीलंका में होगा।

# अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट में विजेता घाघरा के खिलाड़ियों का चिल्ड्रेन एकेडमी ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय के चांदनी चौक में चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल के विजेता खिलाड़ियों का स्वागत बुधवार को विद्यालय प्रबंधन व घाघरा के प्रमुख जनों ने माला पहना कर और मिठाई खिलाकर किया। यहां बता दे की बरनिंग गेम्स 2025 जो मध्यप्रदेश के ग्वालियर में अंतरराजीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था, जिसमें सीआरपीएफ के डीआईजी रविंद्र भगत के दिशा निर्देश पर झारखंड से चिल्ड्रेन एकेडमी के खिलाड़ी ने भाग लिया और बहुत ही उम्दा प्रदर्शन करते हुए लीग के 8 मैचों में लगातार जीत हासिल करते हुए फाइनल में अपनी जगह बनायी। टीम ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, अजमेर, राजस्थान, चंडीगढ़, गुड़गांव के टीमों को हराकर फाइनल में पहुंचा। फाइनल मैच पाथवे स्कूल गुड़गांव बनाम चिल्ड्रेन एकेडमी घाघरा झारखंड के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 गुड़गांव की टीम विजय रही और दूसरे स्थान पर चिल्ड्रेन एकेडमी की टीम रही। बुधवार की सुबह टीम घाघरा चांदनी चौक पहुंची जहां शाहिद देवनारायण भगत के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। गजेबाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए विद्यालय ले जाया गया। इस दौरान मुखिया योगेंद्र भगत ने कहा चिल्ड्रेन एकेडमी के टीम ने पूरे राज्य का नाम रोशन किया है इसका श्रेय विद्यालय को जाता है विद्यालय के द्वारा विद्यार्थियों को बेहतर प्लेटफार्म दिया जा रहा है और निश्चित तौर पर बच्चे आगे चलकर बेहतर मुकाम हासिल करेंगे।

## पहला कदम में मना विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस

धनबाद (आजाद सिपाही)। नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों के विशेष स्कूल पहला कदम में बुधवार को वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे मनाया गया। यह कार्यक्रम ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों और उनके परिवारों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें समर्थन देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। सचिव अनीता अग्रवाल ने विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें राम अवतार ग्रुप के सीएमडी अमरेश सिंह, दशरथ प्रसाद अग्रवाल, महेंद्र शर्मा, दीपक तोड़ी, राष्ट्रीय सचिव चंद्र भूषण पाठक, सोमनाथ पूर्ति, पीके सराफ और मनोज खेमका उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रभावित बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक नृत्य का भी आयोजित किया गया, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस आयोजन का उद्देश्य ना केवल इन बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था, बल्कि समाज में उनके प्रति संवेदनशीलता और समर्थन को बढ़ावा देना भी है।

### जिला जज ने धनबाद सिविल कोर्ट में किया इ-सेवा केंद्र का उद्घाटन

# धनबाद में अब ऑनलाइन हो सकेगी बंदियों से मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने बुधवार को सिविल कोर्ट धनबाद में ई सेवा केंद्र का उ्घाटन किया। इसके सात ही अगर किसा का परिचित या रिश्तेदार जेल में बंद है तो उससे मुलाकात करने के लिए अब उसे जेल गेट आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। क्योंकि ऑनलाइन ही बंदियों से उनके परिजन-मित्र मुलाकात और बातचीत कर सकेंगें। मुकदमे के अद्यतन स्थिति के विषय में भी पूरी जानकारी ऑनलाइन प्राप्त की जा सकेगी। इस अवसर पर न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि धनबाद व्यवहार न्यायालय में बने ई-सेवा केंद्र (ई-एसके) के माध्यम से आमजन मामले की स्थिति, सुनवाई की अगली तारीख और अन्य विवरण के बारे में जानकारी, प्रमाण-पत्र की प्रतियां और अन्य फाइलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा, याचिकाओं की हार्डकॉपी स्कैन करने से लेकर ई-फाइलिंग की सुविधा, ई-हस्ताक्षर जोड़ना, उन्हें सीआईएस में अपलोड करना और फाइलिंग नंबर तैयार करना। ई-स्टाम्प पेपर/ई-भुगतान की ऑनलाइन खरीद में सहायता करना, आधार आधारित डिजिटल हस्ताक्षर के लिए आवेदन करने और प्राप्त करने में सहायता आदि की जानकारी ले सकेंगें। इसके अलावा एंड्रॉइड और आईओएस के लिए ई-कोर्ट्स के मोबाइल ऐप को डाउनलोड करने में प्रचार और सहायता करने, जेल में बंद रिश्तेदारों से मुलाकात के लिए ई-मुलाकात अपॉइंटमेंट की बुकिंग में सुविधा, छुट्टी पर गए न्यायाधीशों के बारे में प्रश्नों की जानकारी, विशेष न्यायालय के स्थान, उसकी वाद-सूची एवं मामला सुनवाई के लिए लिया गया है या नहीं, इन सब प्रश्नों की जानकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति और सर्वोच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति से निःशुल्क कानूनी सेवाएं प्राप्त करने के बारे में लोगों को मार्गदर्शन, वर्चुअल न्यायालयों में ट्रैफिक चालान के निपटान की सुविधा, ट्रैफिक चालान और अन्य छोटे अपराधों के ऑनलाइन निपटारे की सुविधा, ई-कोर्ट परियोजना के अंतर्गत डिजिटल रूप से उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में अन्य सभी प्रश्न और सहायता, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कोर्ट सुनवाई की व्यवस्था और संचालन की विधि की जानकारी आदि उपलब्ध कराई जाएगी।



ई-सेवा केंद्र का उद्घाचन करते प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी।

## फ्रांस के राजदूत ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। फ्रांस के राजदूत थिएरी माथो ने लोक सेवा भवन में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से शिष्टाचार मुलाकात की और ओड़िशा और फ्रांस के बीच मजबूत संबंधों की स्थापना पर चर्चा की। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्वोदय के दृष्टिकोण के तहत ओड़िशा के विकास के साथ-साथ ओड़िशा में निवेश, शिक्षा, पर्यटन और अन्य क्षेत्रों के अवसरों पर चर्चा की गयी। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि फ्रांस और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में ओडिशा कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।



## किट ने शैक्षणिक और अनुसंधान को मजबूत करने के लिए सीलोन के साथ किया समझौता

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। किट डीयू ने श्रीलंका में रसायन विज्ञानियों का प्रतिनिधित्व करने वाली एक प्रतिष्ठित पेशेवर संस्था, इंस्टीट्यूट ऑफ केमिस्ट्री, सीलोन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। इस सहयोग का उद्देश्य रसायन विज्ञान के क्षेत्र में अकादमिक आदान-प्रदान, संयुक्त अनुसंधान पहल और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है। समझौता ज्ञापन पर श्रीलंका के रसायन विज्ञान संस्थान की अध्यक्ष और केलानिया विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग की एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद प्रो जनिथा अबेविक्रेमा लियानगे और किट के मानद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सरनजीत सिंह ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत, श्रीलंका के मुक्त विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग की डॉ थेलमा अबेसिंघे और किट डीयू के कुलसचिव प्रो ज्ञान रंजन महांति भी उपस्थित थे। उम्मीद है कि इस साझेदारी से किट डीयू और रसायन विज्ञान संस्थान, सीलोन के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान, संकाय और छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम और ज्ञान साझा करने की पहल को बढ़ावा मिलेगा।



## 20 मई को बेरमो कोयलांचल भी रहेगा बंद : जयनारायण महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

फुसरो/बेरमो। ऑल इंडिया कोल वर्कस माइंस फेडरेशन (सीटू) के नव मनोनित केंद्रीय सचिव जयनारायण महतो और कार्यकारिणी समिति सदस्य पंकज महतो का बुधवार को अभिनंदन किया गया। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ढोरी के सचिव जयनाथ मेहता के नेतृत्व मे सीसीएल ढ़ोरी के चपरी रेस्ट हाउस में यूनियन एवं बीएंडके क्षेत्र के यूनियन पदाधिकारियों की ओर से अभिनंदन किया गया। जिसकी अध्यक्षता झामुमो बोकारो जिला महानगर सचिव मदन महतो और संचालन बींएडके एरिया सचिव किशोर कुमार ने किया। इस अवसर पर नवमनोनित केंद्रीय सचिव जयनारायण महतो ने कहा कि झारखंड के मजदूरों के अधिकारों में कटौती की जा रही है। सारे खदानों को आउटसोर्सिंग में दिए जाने एवं सभी सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। पूरे देश में मजदूरों के अधिकार बचाने के लिए पांच ट्रेड यूनियन काम कर रही है। 20 मई को हड़ताल के लिए कमर कस लिया गया हैं। उन्होंने कहा कि 20 मई को बेरमो कोयलांचल बंद रहेगा। प्रबंधन अगर आउटसोर्सिंग में जबरन काम कराने की कोशिश करेगा तो उसका कड़ा विरोध किया जाएगा। सरकार मजदूर विरोधी कोई काम करेगा तो उसको सफल होने नहीं देंगे। केंद्र सरकार अप्रैल महीने से लेबर कोड लागू करने की बात कर रही है, जिससे श्रमिकों के अधिकारों का हनन होगा। वहीं, ढोरी सचिव जयनाथ मेहता, बीएंडके अध्यक्ष पंकज कुमार महतो और सचिव किशोर कुमार ने कहा कि इन मुद्दों को लेकर देश के 10 राष्ट्रीय श्रमिक संघों ने 20 मई को हड़ताल का फैसला किया है। पूरे कोल इंडिया में इसे सफल बनाने का आआह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि 20 मई को केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा मजदूर, किसानों, बेरोजगारों पर लगातार हमले, सभी खदान एवं सरकारी उपक्रम को खत्म कर आउटसोर्सिंग में देने के साथ ही मजदूरों के 44 लेबर कोड को खत्म कर चार कोड में करने के विरोध में भारत बंद का आह्वान किया गया है। झामुमो बोकारो जिला महानगर सचिव मदन महतो और झामुमो फुसरो नगर सचिव महताब खान ने कहा कि मजदूर 40 साल कंपनी को पूरी लगन के साथ सेवा देते है, पर रिटार्यमेंट के बाद उन्हें अपना पैसा लेने के लिए कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ता है, अब ऐसा नहीं होगा। जिस तरह झारखंड राज्य लड़कर लिए हैं। उसी प्रकार मजदूर भी अपना अधिकार लड़कर लेंगे। मौके पर पंकज कुमार महतो, गोंविंद रजक, किशुन नायक, अख्तर अंसारी, बजरंग कुमार शर्मा, महताब खान, कलीम, देवीलाल मांझी, बाबुराम मांझी, प्रेमचंद महतो, वीरेंद्र कुमार, बुधन राम, दिनेश प्रसाद महतो, सुमित कुमार, मिथिलेश कुमार सिंह और रामावतार सिंह आदि मौजूद थे।

## सुबह टहलने निकली महिला से दादा-दादी पार्क के पास चेन छिनतई

### छिनतई करनेवाले बाइक सवार सीसीटीवी में कैद

आजाद सिपाही स्वाददाता

धनबाद। शहर में चेन छिनताई की घटनायें लगातार बढ़ रही है, जिससे शहरवासी दहशत में है। अपराधी बेखौफ होकर सरेआम वारदात को अंजाम दे रहे और पुलिस उनको पकड़ने में नाकाम साबित हो रही हैं। इसका ताजा मामला बरटांड़ स्थित सरदार पटेल नगर (हाउसिंग कॉलोनी) में देखने को मिली। यहां बुधवार की सुबह आठ बजे बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने एक महिला के गले से सोने की चेन छीन ली। पीड़िता की पहचान एस पांडेय के रूप में हुई है, जो साक्षी अपार्टमेंट, दादा-दादी पार्क के पास रहती हैं। घटना के समय महिला सुबह प्रातः भ्रमण करने निकली थीं। अचानक पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली और तेजी से भाग निकले। महिला कुछ समझ पातीं, इससे पहले ही अपराधी घटनास्थल से दूर जा चुके थे। यह पूरी घटना पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें अपराधियों की बाइक और उनके भागने की दिशा साफ दिखाई दे रही है। बताया जा रहा कि यह घटना प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ डीपी भूषण के घर के पास हुई है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि अगर पुलिस प्रशासन जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाती है, तो ऐसी घटनाएं और भी बढ़ सकती हैं। महिला ने पुलिस से अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने और उनकी चेन बरामद करने की अपील की है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से अपराधियों की तलाश कर रही है।





## नित्यानंद मंडल युवा प्रदेश और सुजीत रंजन मुखर्जी महानगर कमेटी के अध्यक्ष मनोनीत

धनबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति बांग्ला समाज के युवा शक्ति को एक जुट करने की कवायद में जुट गई है। इसी परिपेक्ष्य में बुधवार को समिति की ओर से धनबाद महानगर कमेटी के साथ ही प्रदेश युवा कमेटी का भी गठन किया गया। सर्वसम्मति से नित्यानंद मंडल को प्रदेश युवा कमेटी का अध्यक्ष और तमाल रॉय को प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया गया। झारखंड उन्नयन समिति के प्रदेश अध्यक्ष बेंगु ठाकुर ने बताया कि समिति 15 अप्रैल के बाद करकेंद में युवाओं का विशाल सम्मेलन कराने जा रही है। कहा कि पूरे झारखण्ड में हमारी आबादी 1.20 करोड़ है। पर दुर्भाग्य है कि बांग्ला भाषाभाषी को सम्मान नहीं मिल रहा है। बांग्ला में पठन पाठन, बांग्ला शिक्षक की नियुक्ति की मांग आजतक पूरी नहीं हुईं। देश की आजादी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का अहम योगदान रहा. पर दुर्भाग्य है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी को राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा नहीं हो रही। उक्त मांग को लेकर 23 जनवरी से बड़ा आंदोलन होगा।



### ओपी जिंदल स्कूल ने उत्कल दिवस 2025 मनाया

## इंदिरा चटर्जी ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। अंगुल ओपी जिंदल स्कूल ने ओड़िशा की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हुए उत्कल दिवस 2025 को बड़े उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत एक मधुर स्वागत गीत और एक मनमोहक ओड़िशी नृत्य प्रदर्शन के साथ हुई, जो राज्य की कलात्मक परंपराओं को दशार्ता है। इस अवसर पर जिंदल स्टील एंड पावर के अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र, हरियाणा से लोकसभा सदस्य नवीन जिंदल ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रत्येक ओड़िया को अपनी हार्दिक बधाई दी। उन्होंने लिखा कि एक अप्रैल, 1936 को ओड़िशा के गठन के उपलक्ष्य में उत्कल दिवस पर सभी को हार्दिक बधाई। भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद समृद्ध संस्कृति और विरासत की इस भूमि को अधिक समृद्धि की ओर ले जाता रहे। इस कार्यक्रम में छात्रों के प्रेरक भाषणों के बाद शिक्षकों के अंतर्दृष्टिपूर्ण संबोधनों ने देशभक्ति की भावना को फिर से जगाया। प्राचार्य डॉ अश्विनी कुमार साहू ने छात्रों को एकता को बढ़ावा देते हुए ओड़िया संस्कृति को संजोने और बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। विशेष अतिथि के रूप में डीपीएस नालको नगर की इंदिरा चटर्जी ने ओड़िया निबंध लेखन और ड्राइंग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया।



## नौकरी के इच्छुक लोगों को ठगने के आरोप में फर्जी इंस्पेक्टर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

कटक। कमिश्नरेट पुलिस की कटक इकाई ने पुलिस विभाग में विभिन्न प्रकार के पदों को दिलाने के नाम पर नौकरी के इच्छुक लोगों को ठगने के आरोप में एक फर्जी पुलिस इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार फर्जी पुलिस इंस्पेक्टर की पहचान कटक जिले के तिगिरिया थाना अंतर्गत नुआपटना गांव निवासी गुंडिचा दलाई के रूप में हुई है। पुलिस ने दलाई के पास से एक लैपटॉप, पांच मोबाइल फोन, फर्जी पहचान पत्र, पुलिस इंस्पेक्टर की वर्दी, पुलिस कप, नाम प्लेट, सितारे और लोगो के साथ-साथ पुलिस इंस्पेक्टर की रबर स्टैंप और चेक बुक भी जब्त की।



## चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा को लेकर उमड़ी भीड़

पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)। बेरमो में चैत्र नवरात्रि का पावन त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग व्रत-उपवास करते हैं और मां के हर स्वरूप की पूजा कर रहे हैं। मंदिरों एवं घरों में कलश स्थापना कर दुर्गा सप्तशती पाठ किया जा रहा है। वहीं पिछरी पंचायत स्थित सार्वजनिक बासंती दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा एवं पांचवे स्वरूप मां स्कंदमाता की विधिवत पूजा की गयी। नवरात्रि के चौथे दिन तिथि क्षय होने के कारण मां दुर्गा के नव स्वरूपों में मां कुष्मांडा एवं मां स्कंदमाता की पूजा की गयी. पुजारी आचार्य नरेश पांडे और पवन पाठक ने यजमान मुकेश मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रउच्चारण कर पूजन करवाया।

### इस्ट बसुरिया में शहीद थामी मंडल, जगदीश मंडल एवं कादिर मियां का शहादत दिवस मना

## थामी मंडल, जगदीश मंडल और कादिर मियां की शहादत से माफियामुक्त हुआ था इस्ट बसुरिया कोलियरी क्षेत्रः विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

तेतुलमारी। बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के बैनर तले बुधवार को शहीद थामी मंडल, जगदीश मंडल एवं कादीर मियां का 52वां शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर झारखंड सरकार के मुख्य सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो भी उपस्थित हुए। उन्होंने शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इशके बाद श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। जिसमें विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि ईस्ट बसुरिया की धरती से माफिया मुक्ति के आंदोलन में तीन वीर शहीद थामी मंडल, जगदीश मंडल एंव कादरी मियां ने अपनी शहादत दी। जिसके लिए प्रति वर्ष दो अप्रैल को शहीद बेदी पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते आते हैं। इन वीरों ने अपनी शहादत देकर ईस्ट बसुरिया कोलियरी क्षेत्र में माफिया शक्ति को समाप्त किया था। इस दौरान शहीद जगदीश मंडल की पत्नी को सम्मानित भी किया गया. मौके पर भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो, राज्य कमेटी के सदस्य हरि प्रसाद पप्पू, भाकपा माले के पवन महतो, झामुमो के मोहम्मद आजाद मुखिया, बसंत महतो, मनोज महतो, बीसीकेयू के टेकलाल महतो, दुलाल चंद्र बाउरी, भोला चौहान, फागु भुइयां, आरके ठाकुर, मनोज रवानी, भवानी दास, सुजल दत्ता, प्रकाश भुइयां, दीपक चौधरी, सरबजीत कौर, ईस्ट बसुरिया कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी बीके झा और प्रबंधक रंजीत सिंह आदि मौजूद रहे।




## एसओए प्रबंधन विज्ञान संकाय ने किया एसपीएसएस पर कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के प्रबंधन विज्ञान संकाय, इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस एंड कंप्यूटर स्टडीज (आइबीसीएस) में शनिवार को 'सोशल साइंसेज के लिए सांख्यिकीय पैकेज का उपयोग करके सांख्यिकीय डेटा विश्लेषण' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य अकादमिक और अनुसंधान क्षेत्रों में काम कर रहे छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना और सांख्यिकीय तकनीकों की उनकी समझ को बढ़ाना था। कार्यशाला का उद्घाटन एसओए के कुलपति प्रो प्रदीप्त कुमार नंदा द्वारा प्रो डॉ अयस्कांत मोहंती, डीन, आइबीसीएस और प्रो डॉ सस्मिता दास, डीन, सम नर्सिंग कॉलेज, एसओए के नर्सिंग संकाय की उपस्थिति में किया गया। वक्ताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में डेटा-संचालित निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सांख्यिकीय उपकरणों के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। सत्रों का समंवय डॉ प्रीति वाई षडंगी, रूबी प्रधान और सुचिस्मिता पहंतसिंह द्वारा किया गया। कार्यशाला का संचालन प्रो डॉ मनोरंजन दास, एसोसिएट डीन, आइबीसीएस द्वारा किया गया, जिन्होंने डेटा विश्लेषण के लिए एसपीएसएस के अनुप्रयोग में गहन अंतर्दृष्टि प्रदान की और प्रतिभागियों को उनके विश्लेषणात्मक कौशल को बढ़ाने के लिए व्यावहारिक अभ्यासों के माध्यम से मार्गदर्शन किया। समापन सत्र की अध्यक्षता प्रो ज्योति रंजन दास, डीन (छात्र कल्याण) ने की, जिन्होंने प्रतिभागियों को अनुसंधान में अपनी सीख को लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया।



